राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# तरुणमित्र
श्रम ही आधार, खबरों से सरोकार
वर्षः 47 अंक 242
जौनपुर, गुरुवार
19 जून 2025
तापमान
अधिकतम / न्यूनतम
34°C | 27°C
मूल्य 3.00 रुपये पृष्ठ-8
जौनपुर, अयोध्या, लखनऊ, पटना (बिहार), ठाणे (महाराष्ट्र), भोपाल (मप्र) से प्रकाशित
www.tarunmitra.in

# चिंता छोड़ कराएं इलाज, सरकार करेगी मदद: योगी

## ❖ गोरखपुर में सीएम ने 200 लोगों की सुनी फरियाद

**गोरखपुर, 18 जून।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान बुधवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में दो सौ से अधिक लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने अफसरों को सभी की समस्याओं के त्वरित और संतुष्टिपरक समाधान का निर्देश दिया।

इस दौरान गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक सहायता की मांग करने पहुंचे लोगों को मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया है कि वह बिना चिंता किए अच्छे से अच्छे अस्पताल में इलाज कराएं। इलाज में सरकार पूरी आर्थिक मदद देगी।

इसके साथ ही उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन लोगों के पास आयुष्मान कार्ड नहीं है और उन्हें इलाज में सरकार से आर्थिक सहायता की आवश्यकता है, उनके इस्टीमेट की प्रक्रिया को शीघ्रता से पूर्ण कराकर शासन को उपलब्ध कराया जाए। हर जरूरतमंद को मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से पर्याप्त सहायता राशि उपलब्ध कराई जाएगी। सुबह करीब दस बजे मुख्यमंत्री लखनऊ प्रस्थान कर गए।

बारिश के मौसम को देखते हुए इस बार जनता दर्शन का आयोजन गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सभागार में किया गया। मुख्यमंत्री ने एक-एक करके उनकी समस्याएं सुनीं और निस्तारण के लिए आश्वस्त करते हुए उनके प्रार्थना पत्र संबंधित अधिकारियों को हस्तगत किए। सभी लोगों को आश्वस्त किया कि किसी को भी चिंतित होने की आवश्यकता नहीं है।

हर समस्या का समाधान कराया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जनता की समस्याओं पर पूरी गंभीरता और संवेदनशीलता से ध्यान देकर उनका त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिपरक निस्तारण कराएं ताकि किसी को भी परेशान न होना पड़े। हर पीड़ित के साथ संवेदनशील रवैया अपनाया जाए और उसकी समस्या का समाधान कर उसे संतुष्ट किया जाए। इसमें किसी भी तरह की कोताही नहीं होनी चाहिए।

जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि कहीं कोई जमीन कब्जा या दबंगई कर रहा हो तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। पारिवारिक मामलों के निस्तारण में दोनों पक्षों को एकसाथ बैठाकर संवाद करने को प्राथमिकता दी जाए।

जनता दर्शन में हर बार की तरह इस बार भी कुछ लोग गंभीर बीमारियों में इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर पहुंचे थे। सीएम योगी ने लोगों से आयुष्मान स्वास्थ्य कार्ड के बारे में पूछा। साथ ही सभी को भरोसा दिया कि सरकार किसी भी जरूरतमंद के इलाज में धन की कमी को बाधक नहीं बनने देगी।

विवेकाधीन कोष से मदद की जाएगी। बात करने के दौरान एक महिला को आत्मीय संबल देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, डॉक्टर से इस्टीमेट मंगवा लीजिए, इलाज के लिए सरकारी मदद मिल जाएगी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर पात्र व्यक्ति का आयुष्मान कार्ड बनाया जाना सुनिश्चित किया जाए।

# बिहार के हाजीपुर में कुएं में डूबने से एक परिवार के तीन लोगों की मौत

**हाजीपुर, 18 जून।** बिहार के हाजीपुर में बुधवार को दोपहर बड़ा हादसा हो गया। देसरी प्रखंड अंतर्गत चांदपुरा थाना क्षेत्र के जहांगीरपुर शाम गांव वार्ड नंबर-12 में कुएं में डूबने से एक परिवार के तीन व्यक्ति लोगों की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर गांव में कोहराम मच गया। स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर जुट गए। मृतक स्थानीय विष्णु राय के पुत्र बिंदेश्वर राय (50), विराज राय के पुत्र विकास कुमार (25) एवं सुरेंद्र राय के पुत्र रोहित कुमार (21) बताए जाते हैं। घटना की जानकारी स्थानीय थाना की पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही स्थानीय थाना की पुलिस मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई में जुटी है।

बताया जाता है कि बिंदेश्वर राय की गाय खुल गई थी। गाय को पकड़ने के दौरान वह कुएं में गिर गए। उन्हें निकालने के क्रम में उन्हें बचाने के लिए कुएं में उतरे विकास कुमार और रोहित कुमार की भी डूबने से जान चली गई। घटना की सूचना पर स्थानीय लोग पहुंच गए। सूचना पर पहुंची पुलिस कुएं से शव निकलने का प्रयास में जुटी है।

# पुलिया में टक्कर के बाद कार में लगी आग, पांच लोग जिन्दा जले

## बुलंदशहर में हुआ हादसा

**बुलंदशहर, 18 जून।** बदायूं से लौट रहे परिवार की कार जहांगीराबाद मार्ग स्थित चांदोक दौराहा के पास पुलिया से टकराकर पलट गई और कार में आग लग गई। इससे कार में सवार मासूम समेत पांच लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई। वहीं एक किशोरी बच गई। पुलिस ने घायल किशोरी को उपचार के जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। वहीं शवों को मर्चरी भेज दिया है।

बदायूं के थाना सहसवान क्षेत्र के गांव चमनपुरा निवासी 24 वर्षीय तनवीज अहमद पुत्र तनवीर अहमद दिल्ली स्थित निजी कंपनी में इंजीनियर था, जो 15 जून को परिवार में आयोजित शादी समारोह में शामिल होने के लिए बदायूं के सहसवान में आया था। बुधवार की तड़के तनवीज अपनी पत्नी 22 वर्षीय निदा उर्फ निगत, 16 वर्षीय बहन गुलनाज, बहनोई 25 वर्षीय जुबैर अली पुत्र औसत अली निवासी गांव खैरपुर थाना सहसवान, सलहेज मोमिना पत्नी जुबैर अली और जुबैर की दो वर्षीय मासूम जैनुल को स्विफ्ट कार से लेकर दिल्ली जा रहा था।

जहांगीराबाद मार्ग स्थित चांदोक दौराहे पर जैसे की कार पहुंची, पुलिया से टकराकर कार सड़क किनारे खाई में पलट गई और कार में आग लग गई। आग में जिंदा जलकरतनवीज, निदा उर्फ निगत, जुबैर अली, मोमिना और मासूम जैनुल की मौके पर मौत हो गई, जबकि गुलनाज बुरी तरह से झुलस गई। गुलनाज को राहगीरों ने कार का शीशा तोड़कर बाहर निकालकर बचाया। मामले की सूचना पुलिस को दी।

**पुलिस ने अस्पताल भेजी घायल:** पुलिस ने घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंच गया। शवों को मर्चरी भेज गया और मामले की सूचना उनके परिजनों को दी। घटना के बाद से परिजन में कोहराम मचा है, उनका रो-रो कर बुरा हाल है। हादसे की खबर मिलने के बाद गांव में मृतकों के स्वजन समेत तमाम लोग बुलंदशहर रवाना हो गए हैं।

**एक ही परिवार के हैं मृतक:** अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डा. तेजवीर सिंह का कहना है कि आग में झुलसकर मरे लोग एवं घायल एक ही परिवार के है, उनके परिजन बुलंदशहर अस्पताल पहुंच गए हैं। कार में सीएनजी लगी थी, जिसके चलते आग लगने की संभावना जताई जा रही है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# आगरा में सड़क हादसे में चार की मौत

## बेकाबू आम लदा वाहन मॉर्निंग वॉक कर रहे लोगों को कुचलता हुआ पलटा

**आगरा, 18 जून।** ट्रांस यमुना के झरना नाला क्षेत्र में बुधवार तड़के हुए एक हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। फिरोजाबाद की ओर से आम लेकर आ रही लोडिंग गाड़ी अनियंत्रित हो गई और सर्विस रोड पर वॉक कर रहे लोगों को चपेट में लेते हुए पलट गई। हादसे में वॉक कर रहे 55 वर्षीय राजेश, 65 वर्षीय हरीबाबू और रामेश्वर की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक गाड़ी में ही फंस गया। हादसे के बाद हाईवे पर लंबा जाम लग गया। पुलिस ने क्रेन की मदद से गाड़ी को हटाकर यातायात शुरू करवाया। इस हादसे में परिचालक की हालत गंभीर बनी है, उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**एक घंटे की मेहनत के बाद निकाला चालक का शव:** बताया गया है कि दो लोग मैक्स में थे। तीन लोग वॉक कर डिवाइडर पर बैठे थे। चालक को झपकी आने से हादसा घटित हुआ है ये अनुमान लगाया गया है। गाड़ी को काट कर चालक को निकाला है। चालक की भी मौत हो गई है। परिचालक को गंभीर हालात में अस्पताल भेजा गया है। एक घंटे की मशक्कत के बाद चालक का शव निकाला गया है।

आगरा में हुए सड़क हादसे का सीएम योगी आदित्यनाथ ने संज्ञान लिया है। उन्होंने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना की व्यक्त करते हुए अधिकारियों को राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश और घायलों के समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं।




# सिर्फ 3 हजार रुपये देकर पूरे साल होगा हाइवे पर टेंशन फ्री सफर

**नई दिल्ली, 18 जून।** केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बड़ी घोषणा कर दी है। उन्होंने सोशल मीडिया पर जानकारी दी है कि देश में जल्द ही एनुअल फास्टैग पास को शुरू किया जाएगा। केंद्रीय मंत्री की ओर से किस तरह की जानकारी दी गई है।



केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने जानकारी दी है कि अब देश में फास्टैग आधारित वार्षिक पास को शुरू किया जाएगा। इस पास को 15 अगस्त 2025 से शुरू किया जाएगा, जो एक साल तक के लिए प्रभावी होगा। इस पास के लिए लोगों को तीन हजार रुपये का शुल्क देना होगा। उन्होंने कहा है कि यह नीति 60 किलोमीटर के दायरे में स्थित टोल प्लाज़ाओं को लेकर लंबे समय से चली आ रहें कन्सर्न्स को अधोरेखित करेगी और एक ही सुलभ लेनदेन के माध्यम से टोल भुगतान को सहज बनाएगी।

**किन वाहनों को मिलेगा पास:** केंद्रीय मंत्री ने बताया है कि इस तरह के पास को गैर व्यवसायिक निजी वाहनों के लिए जारी किया जाएगा। जिसमें कार, वैन, जीप शामिल हैं। इस तरह के पास का उपयोग किसी भी व्यवसायिक छोटे वाहन और ट्रक, बस के लिए नहीं किया जा सकेगा।

**कहां होगा मान्य:** फास्टैग आधारित वार्षिक पास को देश में नेशनल हाइवे और एक्सप्रेस वे पर मान्य होगा। हालांकि इसे जारी करने के एक साल या 200 यात्राओं (जो पहले हो) तक ही इसका उपयोग किया जा सकेगा। इस पास को राजमार्ग यात्रा एप के साथ ही नेशनल हाइवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के साथ ही MoRTH की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध करवाया जाएगा।

### पत्नी, बेटे ने पुलिस को हत्यारों के नाम बताए

# ताबड़तोड़ चाकू से वार कर फिर पत्नी के सामने पति की गोली मारकर हत्या

**तरूणमित्र न्यूज**

**शाहगंज/सोनभद्र।** स्थानीय थाना क्षेत्र के मराची गांव के रहने वाले किसान अमरनाथ यादव (55) अपने घर में सोए हुए थे। मंगलवार देर रात करीब 12.30 बजे कुछ लोग बाइक से उनके घर पहुंचे। उन्हें आवाज देकर बाहर बुलाया। जैसे ही अमरनाथ बाहर आए, उन पर धारदार चाकू से हमला कर दिया गया।

शोर सुनकर अमरनाथ की पत्नी आशा देवी भी बाहर निकली। पति को लहूलुहान देख वह चीखने-चिल्लाने लगी। वह बदमाशों से बार-बार गुहार लगाती रही कि मेरे पति को छोड़ दो। मगर बदमाशों ने उसे धक्का दे दिया। वह नीचे गिर गई। इसके बाद उसकी आंखों के सामने ही पति को गोली मार दी। वारदात को अंजाम देने के बाद हत्यारे बाइक से फरार हो गए।

गोली की आवाज और महिला की चीख-पुकार सुनकर गांव वाले दौड़े। मगर तब तक हमलावर बाइक से फरार हो चुके थे। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया। घटना के बाद से गांव में दहशत का माहौल है। मृतक की पत्नी ने पुलिस को दो लोगों के नाम बताए हैं। मृतक के चार बेटियां और एक बेटा है। इनमें से तीन बेटियों की शादी हो चुकी है, जबकि एक बेटी और बेटा अविवाहित हैं। मृतक का बेटा घर पर ही रहकर दूध बेचने का काम करता है। परिवार का भरण-पोषण करने में सहयोग करता है।

मृतक के छोटे भाई विनोद यादव ने बताया- वह रॉबर्ट्सगंज स्थित उरमौरा में रहते हैं। मराची गांव में उनकी पुश्तैनी जमीन है। तीनों भाई अक्सर वहां आना-जाना करते रहते हैं। मंगलवार रात को बड़े भाई के बेटे ने फोन करके बताया कि पापा को गोली मार दी गई। हम लोग तुरंत भागकर मौके पर पहुंचे तो देखा कि पुलिस भाई को अस्पताल ले जा रही थी। बेटे जिमी ने बताया कि घटना के समय वह घर की छत पर सोया हुआ था। तभी कुछ लोग गाली-गलौज करते हुए पापा को मारकर भागने लगे। मैं दौड़ते हुए नीचे आया, मगर तब तक हमलावर फरार हो चुके थे। ग्राम प्रधान कोमल सिंह के पति ने बताया कि अमरनाथ का कुछ लोगों से पुराना विवाद चल रहा था। वह खेती किसानी करके परिवार चलाता था।

**एसपी बोले-बेटे ने हत्यारों की पहचान की**

पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा के मुताबिक, बेटे ने पुलिस को पिता की हत्या की सूचना दी। उसने पूछताछ में बताया कि बाइक से आए मंगल गुप्ता, ओमजी पाठक और एक अन्य व्यक्ति ने तमंचे से पिता को गोली मार दी। बेटे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और अमरनाथ यादव को अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मामले में परिजनों की तहरीर पर नामजद मुकदमा दर्ज किया गया है। तीन टीमें बनाई गई हैं। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

# किशोरी के साथ दुष्कर्म के प्रयास में असफल होने पर गला दबाया

**तरूणमित्र न्यूज**

**मीरजापुर।** जिले के हलिया थाना क्षेत्र के एक गांव में मंगलवार की रात शौच के लिए गई 17 वर्षीया किशोरी के साथ मनबढ़ युवक ने मुंह में कपड़ा ठूंस कर दुष्कर्म का प्रयास किया। किशोरी के विरोध करने पर युवक किशोरी के मुंह में कपड़ा ठूंस उसके साथ मारपीट करने लगा। किशोरी के शोरगुल मचाने पर युवक किशोरी का गला दबाते हुए भाग निकला। किशोरी की चीख-पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे परिजन घटना की सूचना पुलिस को दी। किशोरी को उपचार हेतु परिजन रात में ही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया ले गए, जहां किशोरी का प्राथमिक उपचार किया गया। सूचना पर पहुंचे हलिया थाना के प्रभारी निरीक्षक ने मौके का छानबीन किया है।

दूसरी ओर किशोरी के गले में आई सूजन कम नहीं होने पर बुधवार सुबह किशोरी के पिता उपचार हेतु फिर से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर गए। किशोरी ने बताया कि युवक के विरुद्ध कार्रवाई की जगह पुलिस ने रात में थाने से भगा दिया। युवक ने मुंह में कपड़ा ठूंस दिया था जिससे मुंह से खून निकल रहा था गला दबाने से गले में सूजन आ गई है। बुधवार सुबह तक युवक के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं होने पर किशोरी और उसके पिता ने मामले को उच्चाधिकारियों से अवगत कराया। उच्चाधिकारियों को मामले की जानकारी होने के बाद प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह सुबह दस बजे के करीब प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हलिया पहुंचे। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से किशोरी और उसके पिता को लेकर थाने गए।

करीब पंद्रह घंटे बाद किशोरी के पिता की तहरीर पर बुधवार को आरोपी युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया। युवक के विरुद्ध बीएनएस की धारा 74,115(2), और पाक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने किशोरी को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने बताया कि किशोरी के पिता की तहरीर पर आरोपी शनी पुत्र सेकेटरी निवासी बरडीहा के विरुद्ध छेड़खानी, मारपीट व पाक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर किशोरी को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया गया है। किशोरी के चाचा को रात में पूछताछ के लिए बुलाया गया था जिसे पूछताछ के बाद छोड़ दिया गया।

# 203 ग्राम अवैध गांजा के साथ आरोपी को किया गिरफ्तार

**मड़िहान, मीरजापुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन वर्मा द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही तथा अवैध मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री पर अंकुश लगाते हुए तस्करी में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं प्रभावी कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्षगण को निर्देश दिये गये है। उक्त निर्देश के अनुक्रम में बुधवार को उपनिरीक्षक श्याम बदन यादव मय पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना मड़िहान क्षेत्रांतर्गत कोटवा घीसाराम पुलिया के पास से एक नफर आरोपी सुरेश कुमार पुत्र शिवदार निवासी पड़रिया कला थाना सन्तनगर जनपद मीरजापुर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के पास से 203 ग्राम अवैध गांजा तथा गांजा बिक्री की धनराशि 200 रुपए नकद बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना मड़िहान पर मुअसं- 198/2025 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय, जेल भेजा गया।

# गैंगस्टर के पंजीकृत अभियोग में संपत्ति का करें जब्तीकरण : एडीजी

### अपराध व कानून व्यवस्था के संबंध में गोष्ठी कर दिये निर्देश

**तरूणमित्र न्यूज**

**भदोही।** अपर पुलिस महानिदेशक वाराणसी जोन पीयूष मोर्डिया बुधवार को पुलिस लाइन पहुंचे। जहां पर पुलिस सलामी गार्द से गार्ड ऑफ ऑनर की सलामी ली। निर्धारित पुलिस आरक्षी भर्ती-2023 के रिक्रूट आरक्षियों के ट्रेंनिग सेंटर का निरीक्षण किया।

इस दौरान उनके द्वारा रिक्रूटों के लिए निर्धारित बैरक, भोजनालय, स्कूल , स्नानागार, शौचालयों व आर ओ वाटर कक्ष का निरीक्षण किया गया। प्रशिक्षण से सम्बंधित अभिलेखों का अवलोकन कर प्रशिक्षण से संबंधित सुविधाओं का निरीक्षण करते हुए संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एडीजी ने पुलिस लाइन में नवीनीकृत एएचटी थाना, यातायात कार्यालय व वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सेल एवं एसपी कार्यालय में नवीनीकृत शाखाओं का निरीक्षण किया। एडीजी ने एसपी सहित समस्त राजपत्रित अधिकारी व समस्त थाना प्रभारियों व शाखा प्रभारियों के साथ अपराध व कानून व्यवस्था के संबंध में गोष्ठी की।

समस्त सीओ व थाना प्रभारियों को क्षेत्र में प्रभावी गस्त व नियमित चेकिंग एवं शासन के जीरो टॉलरेंस के तहत अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई व महिला, बच्चों संबंधी अपराधों में त्वरित कार्रवाई व एनटीरोमियो टीम को और सक्रिय करने के लिए संबंधित को निर्देश दिए। चोरी, छिनैती की घटनाओं के पूर्णतया रोकथाम व अनावरण के लिए सख्त निर्देश दिए गए। पंजीकृत अभियोगों में टेक्नोलॉजी का उपयोग कर त्वरित अनावरण किया जाने के निर्देश दिए गए।

ताकि न्यायालय से अपराधियों पर सजा कराया जा सकें। गैंगस्टर के पंजीकृत अभियोग में संपत्ति का जब्तीकरण के लिए 14(1) गैंगेस्टर की कार्रवाई की जाए। आइजीआरएस व जनसुनवाई के माध्यम से प्राप्त प्रार्थना पत्रों के डिफाल्टर से पूर्व की स्थिति में समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सभी संबंधित को सख्त निर्देश दिए गए। उन्होंने टॉप टेन सूची में शामिल अभियुक्तों की सतत निगरानी व उनके विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई के लिए सभी थाना प्रभारियों को सख्त निर्देश दिए। इस मौके पर एसपी अभिमन्यु मांगलिक, एएसपी शुभम अग्रवाल, समस्त सीओ, समस्त थानाध्यक्ष व चौकी प्रभारी सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहें।

# लहंगपुर उपकेंद्र की लापरवाही से त्राहि-त्राहि

**मीरजापुर।** लहंगपुर स्थित 33/11 केवी उपकेंद्र की अनदेखी और बिजली विभाग की लापरवाही का खामियाजा गंगहरा और पगार फीडर से जुड़े गांवों के हजारों ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। बीते दो दिनों से बिजली आपूर्ति का कोई ठिकाना नहीं है।

कभी भी कटौती हो रही है, घंटों आपूर्ति ठप रहती है और विभाग पूरी तरह मौन साधे हुए है। पहली बरसात के बाद शुरू हुई अघोषित कटौती से खेत-खलिहान से लेकर बच्चों की पढ़ाई और महिलाओं के रसोई तक हर काम प्रभावित हो गया है। बिना सूचना और तयशुदा समय के हो रही कटौती ने गंगहरा कलां, गंगहरा खुर्द, लहंगपुर, रेही, मझियार, बामी, फटहवा, धसड़ा, विरतिया, पटेल नगर, राजापुर, कलवारी खुर्द, पांडेयपुर, बेलाही नवादा, मड़वा नेवादा, चितांग, इस्लामपुर, कोल्हुआ, तेंदुआ कलां, रामपुर मड़वा, पगार, फुचईपुर, मस्तर, तुरकहां, कलवारी कलां जैसे गांवों में जनजीवन को पूरी तरह जकड़ लिया है। ग्रामीणों का कहना है कि उपकेंद्र की व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है।

# दोषी अंकित सिंह को 7 वर्ष की कठोर कैद

**तरूणमित्र न्यूज**

**सोनभद्र।** करीब साढ़े 6 वर्ष पूर्व नाबालिग छात्रा के अपहरण के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट अमित वीर सिंह की अदालत ने बुधवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर दोषी अंकित सिंह को 7 वर्ष की कठोर कैद एवं 10 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड अदा न करने पर एक माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बितायी अवधि सजा में समाहित की जाएगी। वहीं अर्थदंड की धनराशि में से 8 हजार रूपये पीड़िता को मिलेगी।

अभियोजन पक्ष के मुताबिक शाहगंज थाना क्षेत्र स्थित एक गांव निवासी पीड़िता के पिता ने शाहगंज थाने में 25 सितंबर 2018 को दी तहरीर में आरोप लगाया था कि उसकी 16 वर्षीय नाबालिग बेटी जो कक्षा 11 की छात्रा है। 20 सितंबर 2018 को सुबह 8-9 बजे रोज की तरह स्कूल गई थी, लेकिन वह घर वापस नहीं लौटी। अपने स्तर से बेटी को रिश्तेदारी से लेकर हर संभव जगह तलाश किया, लेकिन कहीं पता नहीं चला। 21 सितंबर को बेटी ने फोन किया और बताया कि सागर मध्यप्रदेश स्थित

**करीब साढ़े 6 वर्ष पूर्व नाबालिग छात्रा के अपहरण का मामला**

बहेलिया थाने में हैं जल्दी आ जाइए। जब अपने भांजे को साथ लेकर सागर मध्यप्रदेश पहुंचा तो बेटी के साथ ही अभियुक्त अंकित सिंह भी मिला। जब वापस आने लगे और चोपन रेलवे स्टेशन आया तो अंकित सिंह वहां से फरार हो गया।

जब घर आया तो बेटी ने बताया कि जब वह स्कूल जा रही थी तभी स्कूल के पास अंकित सिंह पुत्र रामसूरत सिंह निवासी सहुआर, थाना शाहगंज, जिला सोनभद्र मिला और कहा कि चलो तुम्हारी सहेली पूनम सिंह ने बुलाया है। उसकी बातों पर विश्वास करके उसके साथ मोटरसाइकिल पर बैठकर चल दी। जब रॉबर्ट्सगंज आ गई तो बेटी ने पूछा कि कहां ले जा रहे हो तो अंकित सिंह ने कहा कि चुपचाप बैठी रहो नहीं तो गला दबा दूंगा। डर की वजह से बेटी कुछ नहीं बोल पायी और उसे चोपन रेलवे स्टेशन ले गया जहां से ट्रेन से सागर मध्यप्रदेश ले गया। बेटी के साथ छेड़छाड़ भी किया है। सूचना दे रहा हूं। आवश्यक कर्रवाई करें। इस तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर पुलिस ने मामले की विवेचना शुरू कर दिया और पर्याप्त सबूत मिलने पर कोर्ट में अंकित सिंह के विरूद्ध चार्जशीट विवेचक ने दाखिल किया था।

मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर अपहरण के दोषी अंकित सिंह को 7 वर्ष की कठोर कैद एवं 10 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर एक माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। वही अर्थदंड की धनराशि में से 8 हजार रूपये पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष की ओर से सरकारी वकील दिनेश प्रसाद अग्रहरि, सत्यप्रकाश त्रिपाठी और नीरज कुमार सिंह ने बहस की।

# सपा प्रदेशाध्यक्ष ने पूर्व सांसद रामरति बिंद के निधन पर जताया दुख

### पूर्व सांसद के आवास पर पहुंचकर उनके पुत्रों से मुलाकात की और अपनी संवेदना व्यक्त की

**तरूणमित्र न्यूज**

**भदोही।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल बुधवार को नेवादा के बिंद नगर रोही गांव में पहुंचे। उन्होंने पूर्व सांसद एवं पूर्व मंत्री रामरति बिंद को श्रद्धांजलि अर्पित की। स्व.रामरति बिंद के पुत्र राजबली बिंद व उमेश बिंद से मिले और शोक संवेदना व्यक्त किया।

इस दौरान सपा प्रदेशाध्यक्ष श्यामलाल पाल ने कहा कि स्व.रामरति बिंद समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्यों में से एक थे। वें भदोही-मिर्जापुर से सांसद, ज्ञानपुर विधानसभा से विधायक रहे। प्रदेश सरकार के मंत्री व उत्तर प्रदेश योजना आयोग के उपाध्यक्ष भी रह चुके हैं। काफी लंबे समय तक पार्टी के जिलाध्यक्ष रहे। उन्होंने कहा कि पूर्वांचल ने सादगी पसंद, मृदुभाषी, सरल स्वभाव के एक इमानदार नेता को खो दिया। सभी समाजवादियों में उनके खोने का वेदना व्यक्त की। उनकी पूर्ति नहीं की जा सकती

है पर उनके विचारों का स्मरण कर उनके बताए हुए रास्ते पर चलकर गरीब, मजदूर, किसान, पीड़ित व दुखी की आवाज बन कर अत्याचार के खिलाफ लड़ने की ताकत मिलेगी।

इस मौके पर जिलाध्यक्ष प्रदीप यादव, प्रयागराज जिलाध्यक्ष अनिल यादव, रामकिशोर बिंद, मो.आरिफ सिद्दिकी, हृदयनारायण प्रजापति, ओमप्रकाश यादव, रमापति यादव, श्यामला सरोज, संतोष यादव, अंजनी सरोज, राजेंद्र दुबे, रामयज्ञ पाल, लालचंद बिंद, बच्चन पाल, कमलाशंकर महतो, केशनारायण यादव, धर्मेंद्र मिश्र पप्पू, महेंद्र गौड़, दिलिप भीम कनौजिया आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहें।

# धरती आबा जनजाति जागरूकता कैम्प से नदारत रहे नोडल अधिकारी, पहले दिन ही दिखी लापरवाही

**दुद्धी, सोनभद्र।** मुख्य विकास अधिकारी सोनभद्र के आदेश के क्रम में आज बुधवार को दुद्धी ब्लॉक के दो गावों में धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान कैम्प का आयोजन बघाडू और अमवार सुगवामान में किया गया, जहाँ कैम्प में नोडल अधिकारी सहित अन्य कई विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी नदारत रहे। दुद्धी ब्लॉक के बघाडू गाँव में आयोजित कैम्प में एडीओ आईएसबी को नोडल अधिकारी नामित किया गया था लेकिन पुरे कार्यक्रम से नोडल अधिकारी ही गायब दिखें। इस कैम्प के आयोजन के पहले दिन ही जिस तरह लापरवाही बतायी जा रही हैं उससे यह अंदाजा लगाया जा सकता हैं कि सोनभद्र की मुख्य विकास अधिकारी की आदेश को कितनी गंभीरता से ले रहे हैं।

बता दें कि मुख्य विकास अधिकारी सोनभद्र ने आदेश दिया था कि धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान मिशन योजनान्तर्गत चयनित ग्रामों में धरती आबा अभियान जागरूकता और लाभ संतृप्ति शिविर नामक कैम्प का आयोजन दिनांक-18.06.2025 से 30.06.2025 तक किया जाना है.जिसमें आधार कार्ड, राशन कार्ड, आयुष्मान भारत कार्ड, जाति प्रमाण-पत्र, अधिवास प्रमाण-पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड, पी0एम0 किसान, जनधन खाता, बीमा कवरेज (पीएमजेजेबीवाई पीएमएसबीवाई) सामाजिक सुरक्षा (वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेशन, दिव्यांग पेंशन) रोजगार व आजीविका योजनाए (पीएमएनआरईजीएस, पीएम विश्वकर्मा मुद्रा लोन) महिला एवं बाल कल्याण (पी0एम0एम0वी0वाई0, आईसीडीएस लाभ, टिकाकरण) आदि से जनजाति समुदाय के व्यक्तियों को लाभान्वित किए जाने से सम्बन्धित शिविरों का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है।

खण्ड विकास अधिकारी राम विशाल चौरसिया ने बताया कि योजना के तहत लगने वाले कैम्प कि सूचना संबंधितों को जारी की गई हैं। 18 जून को पहले दिन दुद्धी ब्लॉक के दो गावों में कैम्प लगायी गई थी, यदि नोडल बघाडू में नही पहुंचे हैं तो फोटोग्राफ देखकर स्पष्टीकरण माँगा जायेगा।

# आकाशीय बिजली का कहर, 10 लोग हुए अचेत

**मीरजापुर।** उमस भरी गर्मी से व्याकुल लोगों को मानसून आने की आहट बीच आकाशीय बिजली की गर्जना से भारी क्षति का

**तीन मवेशियों की हुई मौत, मच गया हड़कंप**

सामना करना पड़ा है। जिले के आखिरी छोर पर स्थित हलिया थाना क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में मंगलवार की देर शाम के बाद से देर रात तक तेज़ तड़तड़ाहट के साथ आकाशीय बिजली गिरने से अलग-अलग गांवों में 03 भैंस उसकी चपेट में आ गई जिससे उनकी मौत हो गई है वहीं 10 लोग अचेत होने बताएं जा रहें हैं। क्षेत्र के रामपुर नौडिहा गांव निवासी श्यामा पाल की दो भैंस तथा बेलाही गांव निवासी रामबदन पाल के भैंस की मौत आकाशीय बिजली के जद में आने से हुई है। इससे पशुपालन को तगड़ा झटका लगा है। वहीं उमाकांत पाल का 10 वर्षीय पुत्र प्रज्ञान पाल अचेत हो गया है। मझिगवां गांव

निवासी सावित्री गुप्ता सहित उनके दो पुत्र सुग्रीव व सूरज भी अचेत होने बताएं गए हैं। मतवार गांव में दो किशोरी रागिनी व रिचा अचेत हुईं हैं। मतवार के ही सरैहवा मुहल्ला निवासी बनबसिया कोल व रन्नू देवी अचेत हुईं हैं। भटवारी गांव निवासी सुरेश प्रसाद मौर्य का 16 वर्षीय पुत्र अनुराग, मतवारिया गांव निवासी कैंसर से पीड़ित झल्लर मौर्य की पत्नी नेवासी देवी 56 वर्षीय, छोटू उर्फ अवधेश 23 वर्ष, छोटे लाल हरिजन की पत्नी प्रमिला देवी 27 वर्ष आकाशीय बिजली की चपेट में आकर अचेत हो गई हैं जिन्हें हलिया स्वास्थ्य केंद्र तथा अन्य का अलग-अलग जगहों पर उपचार चल रहा है। आकाशीय बिजली के कहर से पूरे हलिया क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है।

बताते चलें कि मिर्ज़ापुर का हलिया थाना क्षेत्र मध्यप्रदेश की सीमा से लगने के साथ साथ जंगलों पहाड़ों से घिरा हुआ है जहां प्रतिवर्ष आकाशीय बिजली के प्रकोप से लोगों को जन-धन की हानि का सामना करना पड़ जाता है।

# विवादित जमीन का सर्वे लेखपाल ने की स्थलीय जांच

### सर्वे में फर्जी नाम दर्ज करा बेचने का तहसील दिवस में दर्ज कराया था मामला

**तरूणमित्र न्यूज**

**म्योरपुर/सोनभद्र।** स्थानीय ब्लॉक के ग्राम पंचायत फरीपान के यादव टोला में बुधवार को सर्वे लेखपाल हरिचंद सिंह ने स्थानीय जांच पड़ताल की और काबिज लोगों के जमीन की जानकारी ली। बेचौन, राम विलास यादव,राम प्रसाद,हरिचरण , सहित दर्जन भर काश्तकारों ने पिछले दिनों तहसील दिवस में जिलाधिकारी को लिखित शिकायत दर्ज कराया था कि गांव के ही एक दबंग व्यक्ति ने हमारी जमीन को सर्वे में फर्जी ढंग से दूसरी महिला का वारिस बन कर अपने नाम कराया था बाद में उसे पिछले साल चुनार के एक व्यक्ति को बेच दिया।

स्थलीय निरीक्षण करते लेखपाल।

उपरोक्त लोगों का दावा है कि उस जमीन पर हम लोग तीन पुश्तों से काबिज है और खेती बारी करते आ रहे है। हम लोगो की जमीन सरकार जांच कर वापस कराए।कहा कि हम लोग साल भर से तहसील का चक्कर लगा रहे है हम लोगो की सुनवाई नहीं हुई और जमीन खरीदने वाले की बात राजस्व विभाग तुरंत सुन लिया। काश्तकारों ने कहा कि हम कब्जा नहीं छोड़ने वाले चाहे सरकार हम लोगो को जेल भेजे या सड़क पर उतार दे।लेखपाल ने बताया कि बताया कि स्थलीय जांच में जमीन पर शिकायत कर्ता कष्टकार काबिज है। जांच रिपोर्ट पोर्टल पर जल्द उपलब्ध करा दी जाएगी।

**लेखपाल ने जमीन बेचने वालों और शिकायत कर्ता से मांगा प्रमाण**

ब्लॉक के ग्राम पंचायत फरीपान में एक अन्य मामले में जाति बदल कर जमीन का बैनामा करा जमीन बेचने के मामले में तहसील दिवस में की गई शिकायत को लेकर लेखपाल मुकेश कुमार ने जांच शुरू की है और दोनों पक्ष को अपना अपना पक्ष रखने और साक्ष्य प्रस्तुत करने के लिए तहसीलदार कार्यालय बुलाया है जिससे मामले के तह तक जाया जा सके।

पीड़ित रामनारायण, सत्य नारायण, अनिल, आनंद, झुरहरिया आदि ने बताया कि हम लोग तीन पुश्तों से जिस जमीन पर काबिज है घर बावली कुआं पेड़ पौधा है। उस जमीन को यादव बन कर बेच दिया गया। जमीन बेचने वाले असल में जाति के लोहार है और अहीर बन कर जमीन बेचने को लेकर उन पर जांच कर फर्जीवाड़ा का मुकदमा दर्ज हो।

# न्यास के माध्यम से होने वाले निर्माण कार्यों की डीएम ने की समीक्षा

**तरूणमित्र न्यूज**

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह की अध्यक्षता बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला खनिज फाउण्डेशन निधि के माध्यम से निर्माण करने वाली एजेन्सियों के अधिकारियों के साथ बैठक की गयी, बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिला खनिज फाउण्डेशन निधि से होने वाले निर्माण ससमय गुणवत्ता पूर्ण तरीके से पूर्ण करना सुनिश्चित किया जाये, निर्माण कार्यों में किसी प्रकार की शिथिलता व लापरवाही न बरती जायें, जिन भी निर्माण एजेन्सियों द्वारा जो निर्माण कार्य कराये जा रहे हैं, उनके भुगतान की किश्त जारी करने की कार्यवाही प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित की जाये।

उन्होंने कहा कि पेयजल योजना से सम्बन्धित जो भी कार्य है, उसे अतिशीघ्र पूर्ण कर लिया जाये, कार्य पूर्ण न होने की स्थिति में सम्बन्धित संस्था के खिलाफ कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। इस दौरान उन्होंने कहा कि जिला खनिज फाउण्डेशन निधि से निर्माण कार्य हेतु जो भी कार्यदायी संस्थाएं कार्य कर रहीं हैं जिनका निर्माण कार्य पूर्ण होने की स्थिति में है वह डीएमएफ से सम्बन्धित कार्य स्थल पर बोर्ड लगवाना सुनिश्चित करें और सम्बन्धित विभाग को हैण्डओवर की कार्यवाही सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी ने सभी कार्यदायी संस्थाओं से अधूरे कार्य को समय के अन्तर्गत पूर्ण करने के साथ ही अवषेश धनराशि के भुगतान की कार्यवाही भी ससमय पूर्ण किया जाये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी, अपर जिलाधिकारी(वि0/रा0) सहदेव कुमार मिश्र, शैलेश ठाकुर अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, सोनभद्र, एस0के सिंह अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, ज्येष्ठ खान अधिकारी शैलेन्द्र सिंह सहित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

**सूचना :** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पूरा नाम अंजुम आरा है जबकि मेरे पासपोर्ट पर अंजुम हो गया था जो गलत है।
अंजुम आरा पत्नी गयासुद्दीन
निवासी पोस्ट एवं ग्राम पोटारिया,
तहसील शाहगंज, जिला जौनपुर
पिन कोड—222139

**अदालती नोटिस**

समन बिनावर इनफिसाल मुकदमा
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
न्यायालय श्रीमान मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, सोनभद्र
एम.ए.सी नम्बर-206 सन् 2017
गुड़ी देवी बनाम तेजिन्दर सिंह वगै0
तेजिन्दर सिंह सिद्धु पुत्र वासन सिंह, निवासी सी/ओ धनन्जय कुमार क्वाटर नम्बर-बी 1470 सेक्टर-2 धुर्वा जिला रॉची झारखण्ड। (स्वामी वाहन बस सं0-जे0एच0/01 बी0ए0/7969)।.........विपक्षीगण।
(मोटर दुर्घटना दावा अन्तर्गत धारा-166 एक्ट सन् 1988)।

हरगाह, मैं आपके नाम नाशिल की दायरा की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 20 माह 06 सन् 2025 बवक्त 10 बजे के असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमें के हालात से करार वाकहि वाकिफ किया गया हो और उमूरात अरूण मुतल्लिका मुकदमा का जबाब दे सके या जिसके साथ और कोई सख्श हो जो की जबाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर होगा और जबाबदेही दावा करे और आपको लाजिम है कि उसी रोज जमला दस्तावेज पेश करें जिन पर आप बताईद अपनी जबाबदेही को इस्तेमाल करना चाहते हो।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर मजकूर हाजिर नहीं होगें तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मसमूम होगा।

मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख 18 माह 06 सन् 2025 ई0 जारी किया गया।

न्यायालय की आज्ञा से
मुंसरिस

**अदालती नोटिस**

समन बिनावर इनफिसाल मुकदमा
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
न्यायालय उप जिलाधिकारी सोनभद्र
नम्बर मुकदमा-टी-202416608307
यतेन्द्र तिवारी बनाम उ0प्र0 सरकार
1.अनुराग तिवारी।
2.प्रतीक तिवारी पुत्रगण स्व0 उपेन्द्रनाथ तिवारी, निवासी, मुबारकपुर, परगना अहरौरा, तहसील राबर्ट्सगंज, थाना राबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र।

हरगाह, मैं आपके नाम नाशिल की दायरा की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 23 माह 06 सन् 2025 बवक्त 10 बजे के असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमें के हालात से करार वाकहि वाकिफ किया गया हो और उमूरात अरूण मुतल्लिका मुकदमा का जबाब दे सके या जिसके साथ और कोई सख्श हो जो की जबाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर होगा और जबाबदेही दावा करे और आपको लाजिम है कि उसी रोज जमला दस्तावेज पेश करें जिन पर आप बताईद अपनी जबाबदेही को इस्तेमाल करना चाहते हो।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर मजकूर हाजिर नहीं होगें तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मसमूम होगा।

मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख 18 माह 06 सन् 2025 ई0 जारी किया गया।

न्यायालय की आज्ञा से
मुंसरिस

## बोलेरो के धक्के से बाइक सवार की मौत, एक गंभीर

**जौनपुर।** शाहगंज कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ-बलिया राज्य मार्ग पर स्थित बाबू पुरवा गांव के पास बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया। जबकि दूसरे की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

सबरहद गांव के मानपुर टेढ़वा निवासी 30 वर्षीय हरेन्द्र गौतम पुत्र बच्चूलाल अपने मित्र सुरजीत पुत्र कामता प्रसाद को साथ लेकर बाइक से बहन के घर जा रहे थे। जब वे बाबू पुरवा गांव के समीप पहुंचे, तभी पीछे से तेज रफ्तार में आ रही एक अज्ञात बुलेरो ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। चिकित्सालय पहुंचने से पहले ही हरेन्द्र गौतम ने दम तोड़ दिया, जबकि सुरजीत की हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने मृतक का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और परिजनों को सूचना दे दी। घटना के बाद बुलेरो चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से फरार वाहन की तलाश में जुटी है।

## 20 जून को मिनी स्टेडियम का शिलान्यास करेंगे खेलमंत्री

**जौनपुर।** डोभी ब्लॉक के बरामनपुर ग्राम पंचायत के सोनहवां पोखरा श्री हनुमान गढ़ी देव स्थान के निकट 20 जून को जय बजरंग मिनी स्टेडियम और अमृत सरोवर के पक्का घाट निर्माण का शिलान्यास एवं पंचायत भवन व खाद्यान्न केंद्र का लोकार्पण प्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण मन्त्री (स्वतंत्रप्रभार) गिरीश चंद्र यादव करेंगे। यह जानकारी प्रधान एवं भाजपा नेता संजय सिंह ने दी। संजय सिंह ने बताया कि मंत्री श्री यादव ने जौनपुर के प्रदीप कुमार सिंह और ब्लॉक प्रमुख के डी सिंह, पत्रकार कैलाश सिंह की पहल और प्रधान के प्रस्ताव पर क्षेत्र को यह उपलब्धि प्रदान की है। इस बड़ी उपलब्धि को दिलाने में मछलीशहर के भाजपा जिलाध्यक्ष डा. अजय सिंह की भूमिका अहम है। प्रधान संजय सिंह के मुताबिक प्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण मन्त्री गिरीश चंद्र यादव ने प्रस्ताव देखकर तुरंत स्वीकृत दे दी। उन्होंने कहा कि जब हमारी सरकार समूचे प्रदेश के विकास रथ को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में निरंतर आगे बढ़ा रही है तो अपने गृह जनपद के किसी क्षेत्र को कैसे पिछड़ने दूंगा। शिलान्यास और लोकार्पण समारोह बरामनपुर गांव के सोनहवां पोखरा के हनुमान गढ़ी के दिव्य स्थान पर 20 जून को शाम पांच बजे आयोजित है।

## वैश्विक समरसता और शांति का माध्यम है योग : कुलपति

**जौनपुर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 के उपलक्ष्य में वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, द्वारा एक दिवसीय ऑनलाइन अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी ज्ञान और अनुभव का संगम का आयोजन किया गया। इस अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में भारत सहित अमेरिका, दक्षिण कोरिया और जर्मनी से लोगों ने प्रतिभाग किया। जिनमें शिक्षाविद, शोधार्थी, योग विशेषज्ञ और विद्यार्थी शामिल थे।

यह संगोष्ठी उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय की कुलाधिपति के निर्देशन में योग फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ अभियान के अंतर्गत आयोजित की गई, जिसका उद्देश्य योग की भारतीय परंपरा को वैश्विक संदर्भ में प्रस्तुत करते हुए आधुनिक बौद्धिक विमर्श से जोड़ना रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. वंदना सिंह कहा कि योग तन, मन और आत्मा का समन्वय है, जो न केवल व्यक्तिगत सशक्तिकरण बल्कि वैश्विक समरसता और शांति का माध्यम भी है। पूर्वांचल विश्वविद्यालय निरंतर योग प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से इस परंपरा को प्रोत्साहित कर रहा है।

## दिव्यांग बच्चों के लिए योग प्रशिक्षण शिविर आयोजित

**जौनपुर।** 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के तैयारी के क्रम में आज रचना विशेष विद्यालय बल्लोच टोला रासमण्डल में दिव्यांग बच्चों के लिए डॉ. वीरेन्द्र प्रताप सिंह जी की देख रेख में योग प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में डॉ. राज यादव योग प्रशिक्षक राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय आरा, जगदीश यादव योग प्रशिक्षिक राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय कजगांव एवम योग प्रशिक्षिका वन्दना ने बच्चों एवम समस्त स्टाफ को योगदिवस के प्रोटोकॉल के तहत योगाभ्यास करवाया।

## ट्रेलर से पिकअप टकराया, चालक की मौत

**जौनपुर।** जफराबाद थाना क्षेत्र के हौज टोल प्लाजा के पास सुबह वाराणसी की तरफ से जौनपुर जा रही सरिया लदी ट्रेलर को पिकअप वैन ने जोर दर टक्कर मारा पिकअप वैन छतिग्रस्त हो गया गंभीर रूप से घायल चालक ने जिला अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया।

पुलिस ने लाश को कब्जे में लिया और पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पिकअप वैन मेला मैदान लखीमपुर से वाराणसी बिस्कुट और रस्क लादकर जा रहा था। इसी दौरान वाराणसी की तरफ से आ रही सरिया लदी ट्रेलर टोल प्लाजा की तरफ से जैसे ही हाइवे से जौनपुर की तरफ मुड़ने लगी सुल्तानपुर की तरफ से आ रही पिकअप ने सरिया लदे ट्रेलर को जोरदार धक्का मार दिया। इस घटना में वैन का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और वैन के अगले हिस्से में ड्राइवर राकेश यादव (35 वर्ष) निवासी मेला मैदान लखीमपुर फंस गया। घटनास्थल पर उसको ग्रामीणों ने बाहर निकाला। चालक राकेश यादव गंभीर रूप से घायल हो गया और खलासी आमिर अली पुत्र रईस अली निवासी मेला मैदान लखीमपुर को हल्की चोटे आई। इन लोगों को एनएच आई के एम्बुलेंस से ट्रामा सेंटर हौज में इलाज के लिए भेजा गया। थानाध्यक्ष जलालपुर त्रिवेणी सिंह ने बताया कि ट्रेलर और पिकअप दोनों पुलिस के कब्जे में है ट्रेलर के ड्राइवर को इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। पुलिस ने दोनों वाहनों को लिया कब्जे में ले लिया और आगे की कार्रवाई करने में जुट गई हैं।

## साथी के निधन पर शिक्षकों ने जताया शोक

**जौनपुर।** विकास खंड मुंगराबादशाहपुर के ग्राम बभनियांव निवासी सूर्य प्रकाश उपाध्याय जो विकास खंड मुंगराबादशाहपुर के ही प्राथमिक विद्यालय करौर में प्रधानाध्यापक पद पर कार्यरत थे। बीते रविवार को वाराणसी में रिश्तेदारी गये थे जहां दिल का दौरा पड़ने से उनकी मृत्यु हो गई। प्राथमिक विद्यालय बभनियांव के परिसर में बुधवार को न्यायपंचायत सेमरी के परिषदीय विद्यालयों के शिक्षक - शिक्षिकाओं तथा शिक्षा मित्र एवं अनुदेशकों ने एक शोक सभा करके मृतक के आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा। अध्यापक आदेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि उपाध्याय जी की कमी हम लोगों को सदैव खलेगी। सूर्य प्रकाश उपाध्याय विशिष्ट बीटीसी 2004 में चयनित होकर जनवरी 2006 में प्राथमिक विद्यालय करौर पर सहायक अध्यापक पद पर नियुक्त हुए थे। बाद में अन्य विद्यालयों पर स्थानांतरित होकर शिक्षण कार्य करते रहे। अप्रैल 2015 में पदोन्नति पाकर प्राथमिक विद्यालय करौर पर प्रधानाध्यापक पद पर सेवा देते रहे। वर्ष 2016 से वह न्यायपंचायत सेमरी के संकुल प्रभारी का भी कार्य भी करते रहे। आज की शोक सभा में सुनील कुमार मणि त्रिपाठी, अल्ताफ हुसैन, रामजी यादव, आदेश कुमार पाण्डेय, आलोक पाण्डेय, सुनील दूबे, अनिल मिश्रा, कृष्ण मोहन मालवीय, हरिशंकर सरोज, रचना दूबे, किरन मिश्रा, साधना आदि उपस्थित रहीं।

## वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**जौनपुर।** मंगलवार की रात 11 बजे सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के इटौरी बाजार से घर वापस लौटते समय अज्ञात वाहन से टक्कर लगने से 40 वर्षीय सतेन कुमार विश्वकर्मा निवासी कन्दरापुर की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया। मामला दर्ज कर जांच पड़ताल में पुलिस जुटी है। ज्ञातव्य है कि सतेन कुमार पुत्र शंकर देर रात इटौरी बाजार में घर का कुछ जरूरी सामान लेकर पैदल ही अपने घर कन्दरापुर वापस जा रहा था तभी अचानक पीछे से अज्ञात वाहन ने टक्कर मार कर फरार हो गया। घायलावस्था में उसे किसी ने नहीं देखा और उसकी मौत हो गई। रात साढ़े ग्यारह बजे गस्ती पुलिस ने देखा और उसकी पहचान कराया तो पता चला कि कन्दरापुर गांव निवासी सतेन्द्र कुमार है। पुलिस ने परिवार को सूचना दी और शव को कब्जे में लेकर थाने लाया मामला दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। मृतक के पीछे पत्नी तथा दो बच्चे हैं जिनका रो रोकर बुरा हाल है।

## ट्रेन की चपेट में आकर वृद्ध महिला की गई जान

**जौनपुर।** शहर कोतवाली क्षेत्र के चाचकपुर मोहल्ला स्थित रेलवे अंडरपास के निकट बुधवार सुबह अज्ञात महिला उम्र लगभग 60 वर्ष किसी ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। सूचना प्रपोजिट स्थानीय पुलिस ने पहले तो अगल-बगल के लोगों से मृतक महिला के संबंध में पूछताछ किया जानकारी न होने पर नियमानुसार 72 घंटे के लिए उसकी लाश को जिला अस्पताल के शव घर में रखवा दिया और पहचान करवाने हैं जुट गई।

## मुख्यमंत्री से रास्ता बनवाने की मांग

**जौनपुर।** मुख्यमंत्री जी हमारे मोहल्ले तक मुख्य मार्ग से आने के लिए कच्चा रास्ता है। पिछले चार वर्ष से ग्राम प्रधान एवं ब्लाक कर्मचारियों से उक्त मोहल्ले के रास्ते पर खड़ंजा लगवाने की मांग की जा रही है, परंतु खड़ंजा स्वीकृत होने के बाद भी ग्राम प्रधान द्वारा उक्त रास्ते पर खड़ंजा नहीं लगवाया जा रहा है। गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के पौनी हसनपुर निवासी सुभाष शुक्ला ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर आवेदन देकर मुख्यमंत्री से घर तक खड़ंजा लगवाने की मांग की है साथ ही साथ ग्राम प्रधान द्वारा करवाए जा रहे विकास कार्य में घोर लापरवाही का भी आरोप लगाया है। इस सन्दर्भ में पूछे जाने पर बीडीओ मुफ्तीगंज अस्मिता सेन ने बताया कि प्रार्थना पत्र फारवर्ड होकर उनके पास आ गया है। मामले की जांच के लिये एडीओ पंचायत रजनीश पाण्डेय को नामित किया गया है। जांच रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को प्रेषित कर दी जायेगी।

## श्रीमद्भागवत कथा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

भागवत कथा सुनाते पंडित जगन्नाथ महाराज।

**जौनपुर।** जो ब्रज में रहकर मक्खन चुराया करते, गोपियों के वस्त्रों की चोरी करते और अपने भक्तजनों के कई जन्मों के पापों को भी चुरा लेते हैं, ऐसे चोरों के सरदार अर्थात् भगवान कृष्ण को नमस्कार है। उक्त बातें भागवत्कथा व्यास पं. उमानाथ महाराज ने रामनगर भड़सरा स्थित संजय मिश्र के आवास पर आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में कही। पूतना उद्धार कथा पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने बताया कि गोकुल में नन्दबाबा के महल में भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाया जा रहा था। स्त्रियां नाचने गाने में मग्न थी। इधर भगवान कृष्ण को मारने के लिए कंश ने पूतना को भेजा था। राक्षसी पूतना ने स्त्री रूप धारण करके नन्दबाबा के महल में प्रवेश किया। उस समय शिशु कृष्ण पालने में खेल रहे थे। पूतना ने कृष्ण को मारने के लिए अपने स्तनों में कालकूट नामक घातक विष का लेप कर रखा था। वह कृष्ण को गोद में लेकर उन्हे स्तन पान कराने लगी। स्तनपान करने के पूर्व कृष्ण ने नेत्र बंद करके भगवान शिव का ध्यान किया ताकि वे कालकूट का प्रभाव नष्ट कर दें। कृष्ण ने पूतना का दुग्धपान करते-करते उसके प्राणों को भी पान कर लिया। इस प्रकार पूतना का प्राणान्त हो गया।

## रेलवे ट्रैक पर गिट्टी रखे जाने की सूचना पर हड़कप

**जौनपुर।** वाराणसी-सुल्तानपुर रेलवे प्रखंड स्थित कुल्हन मऊ एवं लखवां गांव के मध्य रेलवे ट्रैक पर गिट्टी रखे जाने की सूचना पर रेलवे विभाग में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची आरपीएफ जीआरपी ने मौका मोआयना करने के पश्चात थाना बक्सा प्रभारी को लिखित तहरीर दी करवाई हेतु। सूत्रों के मुताबिक मंगलवार रात्रि 17 को स्टेशन मास्टर बक्सा द्वारा समय सूचना दी गई कि ट्रेन संख्या 14863 के लोको पायलट द्वारा बक्सा स्टेशन पर गाड़ी खड़ी कर लिखित मेमो दिया गया है कि किलोमीटर नंबर 834 /09-15 के मध्य ट्रैक पर गिट्टी रखा है। उक्त सूचना पर जौनपुर जंक्शन जीआरपी थानाध्यक्ष मय हमराह उप निरीक्षक प्रमोद कुमार यादव व पुलिस बल तथा प्रभारी निरीक्षक आरपीएफ अजय कुमार हमराह स्टाफ एवं एसएससी महेंद्र पासवान हमाराह स्टाफ घटनास्थल पर पहुंचे। घटनास्थल का निरीक्षण करने पर ज्ञात हुआ कि किलोमीटर नंबर 834/ 9ट्ठ11 के मध्य ग्राम कुल्हनामऊ व लखवां गांव के मध्य अपलाइन के बाए ट्रैक पर लगभग 30 से 35 मीटर तक जगह-जगह रेलवे की गिट्टी रखने व टूटने के निशान मिले। स्थानीय ग्राम प्रधान राजेश कुमार यादव व आसपास के लोगों से पूछताछ की गई कि बच्चे बकरी चराने के लिए ट्रैक के पास आते हैं उनके द्वारा ऐसी हरकत तो नहीं की गई है। क्यों कि किसी बड़े व्यक्ति द्वारा ऐसा कार्य नहीं किया जा सकता। संवेदनशील घटना होने के कारण उक्त के संबंध में विधिक कार्रवाई हेतु थानाध्यक्ष थाना बक्शा जौनपुर को आरपीएफ द्वारा तहरीर दी गई जिनके द्वारा तहरीर प्राप्त कर प्राथमिकी दर्ज कर सूचित करने के लिए बताया गया।

## चार दिन से बिजली गुल, पानी को तरसे बाजारवासी

**चन्दवक।** स्थानीय बाजार में चार दिन से विद्युत सप्लाई न होने से बाजार वासियों में फैल रहा असंतोष है प्राप्त जानकारी के अनुसार 15 जून शाम से लेकर आज 18 जून तक चंदवक बाजार में विद्युत सप्लाई बाधित है। जिससे लोग रात जागरण कर किसी तरह बिता रहे हैं। वही सप्लाई न होने से पानी की सप्लाई बंद है। लोग बचे खुचे हैंड पंप के सहारे किसी तरह पीने का पानी इकट्ठा कर ले रहे हैं। जिसको लेकर बाजारवासियों में असंतोष बढ़ता जा रहा है। लोग कहने पर मजबूर हैं कि आखिर कौन सी ऐसी गड़बड़ी हो गई की चार दिन बीतने के बाद भी विद्युत सप्लाई नहीं दे पा रहे हैं। विद्युत कर्मचारी, आईए जानते हैं विद्युत के क्षेत्रीय कर्मचारियों और अधिकारियों का हाल। जब ओपन तार लगा हुआ था तो यही विद्युत विभाग के कर्मचारी और अधिकारी यह कह कर पल्ला झाड़ लेते थे की कटिया मार वालों की वजह से अधिक लोड पड़ने के कारण फाल्ट हो जा रहे हैं। जिसको ठीक कराया जा रहा है परंतु अब तो आधुनिक तार लग गए हैं। जिसमें कटिया तो लगाया नहीं जा सकता। हां तार ऐसे बिछाए गए हैं जो सड़क से मात्र 10 फीट की ऊंचाई पर ही स्पर्श किए जा सकते हैं। आए दिन चार पहिया वाहनों से अक्सर तार सट जाया करते हैं, लेकिन विद्युत विभाग को इसका भान नहीं, क्या विद्युत विभाग किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार कर रहा है। अगर वास्तविक निरीक्षण किया जाए तो बाजार में लगे पोल भी जर्जर हो चुके हैं और जर्जर पोल से ही तार खींचे गए हैं। क्षेत्रीय लोगों ने जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए अभिलम्ब विद्युत सप्लाई चालू कराने की मांग कर रहे हैं।

## सपा प्रतिनिधि मण्डल ने जूस पिलाकर अनसन कराया खत्म

जूस पिलाकर अनसन खत्म कराते सपा जिलाध्यक्ष।

**बक्शा।** स्थानीय ब्लॉक परिसर में स्थित गांधी प्रतिमा के समीप बीते शुक्रवार से चल रहा अनिश्चितकालीन आमरण अनशन एवं भूख हड़ताल के छठवें दिन बुधवार को पहुँचे सपा जिलाध्यक्ष राकेश मौर्या के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधि मंडल ने जूस पिलाकर अनशन को खत्म करवाया।

सपा प्रतिनिधि मंडल ने छः दिन में कोई भी जिम्मेदार अधिकारी के अनशन स्थल पर न पहुंचने पर हैरानी जताई। समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष राकेश मौर्या, पूर्व जिलाध्यक्ष लालबहादुर यादव, रेलवे उपभोक्ता समिति के सदस्य श्याम बहादुर पाल, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राज बहादुर यादव, सुशील श्रीवास्तव, गुलाब यादव आदि ने धरना स्थल पर पहुँच अनशनरत अमरनाथ का कुशल क्षेम जाना। स्वास्थ्य में गिरावट देख प्रतिनिधि मंडल ने अमरनाथ को समझा बुझाकर धरना स्थल पर जूस पिला अनशन को खत्म करवाया। इस दौरान बीडीओ पवन कुमार, एडीओ आइएसबी प्रदीप श्रीवास्तव के माध्यम से डीएम के माध्यम से ज्ञापन रेल मंत्रालय को भेजा गया। रेलवे उपभोक्ता समिति के सदस्य श्याम बहादुर पाल ने तीन महीने में समिति की होने वाली बैठक में मुद्दा उठाने का आश्वासन दिया। अमर नाथ साथी ने कहा कि अगर तीन महीने में कोई प्रगति नही हुई तो आगामी दो अक्टूबर से पुनः आमरण अनशन शुरू कर दिया जायेगा। वाराणसी जौनपुर सुल्तानपुर रेलमार्ग पर स्थित बक्शा एवं सरायहरखू स्टेशनों की उपेक्षा व स्टेशनों पर ट्रेनों के ठहराव सुनिश्चित करने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने पहले से ज्ञापन दे रखा है। लम्बे समय से ट्रेन ठहराव की मांग कर रहें सरायहरखू गांव के पूर्व प्रधान अमरनाथ साथी ने इसके पूर्व ग्रामीणों की तरफ से हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, रेलमंत्री, मुख्यमंत्री एवं जिलाधिकारी को भेज चुके है। ग्रामीण सरायहरखू स्टेशन पर फरक्का एक्सप्रेस (गंगा जमुना) व बक्शा रेलवे स्टेशन पर सटल एक्सप्रेस (वरूणा) व मेमू ट्रेन के ठहराव की भी मांग कर रहें है।

## किसान की हत्या मामले में सात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा

**बक्शा।** स्थानीय क्षेत्र के गढ़ासेनी गांव में मंगलवार की शाम 55 वर्षीय अधेड़ किसान की जमीनी विवाद में हत्या मामले में पुलिस ने देररात्री सात नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। थानाध्यक्ष के नेतृत्व में पुलिस टीम रात्रि से ही आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु जगह-जगह दबिश दे रही है। मुकदमा वादी आकाश कुमार सरोज ने पुलिस को दिए तहरीर में आरोप लगाया है कि शाम करीब साढ़े छः बजे विपक्षी राहुल सरोज, धर्मेन्द्र सरोज, संतोष, जितेन्द्र सरोज, वीरेन्द्र सरोज, बृजेश व सद्दू योजनाबद्ध तरीके से पहुंच राजस्व विभाग द्वारा की गई पथ्थरगड्डी को उखाड़ने लगे। मना करने पर उक्त लोग घेर कर गन्दी गन्दी गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए लाठी डंडों से हमला बोल दिया। आरोपियों ने पिता कवलधारी सरोज की घर में घुसकर लाठी डंडो एवं लात घूसों से पीटकर हत्या कर दी। जिला प्रशासन व थाना पुलिस पर समय से कार्यवाही न करने का आरोप लगा शव को ले जाने से मना कर दिया गया। एसडीएम सदर संतबीर सिंह एवं सीओ परमानन्द कुशवाहा ने समझा बुझाकर शव को को कब्जे में लेते हुए मर्चरी भेज दिया। बुधवार को मृतक के दोनो पुत्र आकाश सरोज व राकेश का भी मेडिकल मुआयना कराया।

## शिक्षक संघ के जिला संयोजक बने संजय कुमार

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की संगठनात्मक गतिविधियों को मजबूती प्रदान करते हुए संजय कुमार सिंह, सहायक अध्यापक, उच्च प्राथमिक विद्यालय गोण्डा खास, विकास क्षेत्र सिरकोनी को जिले का जिला संयोजक नियुक्त किया गया है। यह घोषणा संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुशील कुमार पाण्डेय द्वारा की गई। इसके साथ ही साजेश सिंह (प्रधानाध्यापक, प्राथमिक विद्यालय मदारपुर दोयम, सिरकोनी), कमलेश कुमार सिंह (सहायक अध्यापक, त्रिलोचन बड़ागांव, जलालपुर) और सत्य प्रकाश मिश्र (प्रधानाध्यापक, कम्पोजिट विद्यालय जेठपुरा, रामनगर) को सह संयोजक नियुक्त किया गया है। संयोजक पद की जिम्मेदारी संभालने के बाद संजय कुमार सिंह ने प्रदेश अध्यक्ष को आश्वस्त किया कि वे जल्द ही जनपद में योग्य शिक्षकों को सदस्य बनाकर संगठन का चुनाव संपन्न कराएंगे और अध्यक्ष, मंत्री सहित पूरी कार्यसमिति का गठन किया जाएगा।

## अश्लील हरकत करने पर एक गिरफ्तार

**सुइथाकला।** सरपतहां थाना अंतर्गत एक गांव में तीन दिन पहले एक नाबालिक किशोरी से अश्लील हरकत करने वाले युवक को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। बाद में पाक्सो एक्ट के तहत विधिक कार्यवाही करते हुए चालान न्यायालय भेज दिया। दरअसल किशोरी के पिता ने 15 जून को तहरीर दिया था कि मेरे गांव के एक लड़का है। उसने मेरी पुत्री के साथ अश्लील हरकत किया था। पुलिस ने उक्त युवक के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया था। बुधवार को अभियुक्त बृजेश पुत्र गुरु दीन निवासी सूरापुर आजमगढ़ --सुल्तापुर के पास से गिरफ्तार कर लिया।

## निःशुल्क नेत्र शिविर में 86 नेत्र रोगियों का हुआ परीक्षण

**जौनपुर।** लायंस क्लब गोमती द्वारा विशाल नेत्र शिविर का आयोजन आर जे शंकरा आई हॉस्पिटल वाराणसी के संयुक्त तत्वाधान में सरस्वती शिशु मंदिर माध्यमिक विद्यालय गौराबादशाहपुर में आयोजित किया गया। शिविर में 86 नेत्र रोगियों ने अपने आंख का परीक्षण करवाया तथा चिन्हित 18 मोतियाबिंद के मरीजों को ऑपरेशन हेतु आर जे शंकरा हॉस्पिटल वाराणसी ले जाया गया। नेत्र चिकित्सा शिविर का उद्घाटन पूर्व जिला कुष्ठ अधिकारी डा. आर के त्रिपाठी द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन नवीन मिश्रा द्वारा किया गया।

## सामूहिक प्रयासों से संभव है बड़ी से बड़ी समस्याओं का हल

**जौनपुर।** बारिश का मौसम शुरू होने से पहले जहां प्रशासनिक स्तर पर कई बार तैयारियों के दावे किए जाते हैं, वहीं मछलीशहर विकास खंड के चितांव गांव के ग्रामीणों ने बिना किसी सरकारी सहायता के एक मिसाल कायम की है। गांव के लोगों ने जलभराव से निजात पाने के लिए लगभग आधा किलोमीटर पुरानी नाली की खुदाई अपने निजी खर्च पर करवाई। गांव के किसान राघवेन्द्र सिंह ने बताया कि बारिश के समय गांव में जल निकासी की समस्या गंभीर हो जाती थी, जिससे खेतों में पानी भरकर फसलें बर्बाद हो जाती थीं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए गांव के तेज बहादुर सिंह, धर्मेन्द्र बहादुर सिंह, राजबहादुर सिंह, रोहित सिंह और नागेन्द्र सिंह ने सामूहिक आर्थिक सहयोग से जेसीबी मशीन लगवाकर नाली की खुदाई करवाई। यह नाली चकबंदी के समय बनाई गई थी, लेकिन समय के साथ उथली हो चुकी थी, जिससे पानी का बहाव रुक गया था। अब इसकी सफाई और खुदाई से गांव का पानी सीधे नहर तक पहुंच सकेगा, जिससे बारिश के दौरान जल भराव नहीं होगा और किसानों की फसलें सुरक्षित रहेंगी। ग्रामीणों की यह पहल न सिर्फ प्रशासन को चेताती है, बल्कि यह भी दिखाती है कि सामूहिक प्रयासों से बड़ी से बड़ी समस्याओं का हल संभव है।

## बेटे ने पत्नी संग मिलकर मां को पीटा

**जौनपुर।** शहर के लाइन बाजार थाना अंतर्गत ककड़हिया नेवादा गांव में एक मां ने अपने बेटे और बहू के खिलाफ बुधवार को केस दर्ज कराया है। सूचना मिलते ही पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी। मामला बेटे और बहू द्वारा मां से पैसे की मांग का बताया जा रहा है। मां द्वारा पैसे न दिए जाने बेटे और बहू ने मां को ही पीट दिया। ककरहिया नेवादा गांव निवासी रेहाना पत्नी मुन्नू ने लाइन बाजार थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उनका बेटा बल्लू और बहू चांदनी दोनों एक दिन पूर्व पैसे की मांग कर रहे थे। पैसे न दिए जाने को लेकर जब रेहाना द्वारा मना किया गया तो उन दोनों ने रेहाना को मारा पीटा घर से निकाल दिया और जान से मारने की धमकी भी दी। रेहाना ने प्रार्थना पत्र देकर लाइन बाजार थाने में गुहार लगाई है। प्रभारी निरीक्षक सतीश सिंह ने बताया कि रेहाना की तहरीर पर बेटे बल्लू और बहू चांदनी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है।

## टीबी मरीजों को वितरित किया गया पोषाहार

महिला मरीज को पोषाहार देती डा. अंजू सिंह।

**जौनपुर।** टीबी मुक्त भारत हमारा संकल्प संस्था प्रमुख डा. अंजू सिंह प्रसिद्ध सामाजिक संस्था ठाकुरबाड़ी महिला विकास कल्याण समिति के द्वारा स्थानीय शाखा कार्यालय साधनापूरी छपरा में संस्था द्वारा सदर ब्लाक के नौ पंचायत से गोद लिए गए मरीजों के लिए पोषाहार वितरण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

संस्था प्रमुख डा. अंजु सिंह संस्था की उपाध्यक्ष विभा सिंह एवं अतिथियों के द्वारा के संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का आरंभ करने के बाद संस्था के ओर से कुमार अनुज सिंह ने संस्था के कार्यों पर प्रकाश डालते हुए टीबीरोग के बारे में विस्तार से बताया टीबी विभाग से जिला कार्यक्रम समन्वयक हिमांशु शेखर ने सरकार द्वारा मिलने वाली सुविधाओं के बारे में सभी मरीजों को बताया एवं टीपीटी लेने के लिए प्रेरित किया। मुकेश कुमार वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक ने सभी मरीजों के डीबीटी संबंधित समस्याओं का हल किया। डा. धनंजय कुमार चिकित्सा पदाधिकारी ने सभी मरीजों को दवा की पूरी खुराक लेने के लिए एवं पोषाहार लेने के लिए प्रेरित किया क्योंकि कमजोर शरीर में रोग से लड़ने की क्षमता नहीं रहती है। उन्होंने उपस्थित मरीजों का हेल्थ चेकअप कर सही सलाह भी उन्हें दी। उन्होंने संस्था द्वारा किए जा रहे हैं कार्यों की सराहना की एवं यथासंभव सहयोग का आश्वासन दिया। संस्था प्रमुख डा. अंजू सिंह ने उपस्थित सभी को धन्यवाद देते हुए सभी टीबी मरीज एवं उनके परिजन को इस रोग से लड़ने के लिए आगे बढ़कर सहयोग करने के लिए कहा तभी हम क्षय रोग से देश को मुक्त कर पाएंगे और प्रधानमंत्री का सपना पूरा हो सकेगा। कार्यक्रम का संचालन कुमार अनुज सिंह ने किया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से अरिजीत सिंह, विवान वीर सिंह, मणि शाही, सुमन देवी, प्रीति शाही, श्रेया कुमारी, रतन कुमार, सुरेंद्र कुमार सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

## चेयरमैन ने किया तालाब का निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश

**मुंगराबादशाहपुर।** नगर पालिका के भगत सिंह वार्ड में 40 लाख की लागत से निर्मित हो रहा तालाब सभी आवश्यक सुख सुविधाओं से सुसज्जित होगा। उक्त बातें बुधवार को निर्माणाधीन तालाब का निरीक्षण करने के दौरान चेयरमैन कपिल मुनि उमर वैश्य ने कही।

बताया कि लगभग ती बीघे की आराजी में स्थित इस तालाब के सौंदर्यीकरण के प्रथम चरण का कार्य समापन की ओर अग्रसर है। जिसके तहत तालाब की खुदाई, पक्का घाट एवं तालाब में पानी भरने के नलकूप लगाया गया है। तालाब के चारों तरफ सुसज्जित मार्ग तथा आस-पास की जमीन का समतलीकरण कराया जा रहा है। तीन बीघा जमीन में स्थित तालाब का सौंदर्यीकरण कराने के बाद दूसरे चरण में उसके आस-पास की 10 बीघे के भीटा खाते की आराजी पर पार्क का निर्माण कराया जाएगा तथा लोगों को सुबह-शाम टहलने के लिए रोड, पेयजल हेतु आरओ पानी की व्यवस्था व अन्य सभी आवश्यक सुख सुविधाओं से सुसज्जित होगा। छठ पूजा के पहले ही इस तालाब के सौंदर्यीकरण का काम पूरा हो जाएगा। तालाब पर बच्चों एवं युवाओं के स्वास्थ्य लाभ हेतु झूला एवं जिम की सुविधाओं को उपलब्ध कराया जाएगा जो पूरी तरह निःशुल्क होगा। बताया कि इसी तरह दक्षिणमुखी हनुमान जी स्वामी मंदिर परिसर का सौन्दर्यीकरण कराया जा रहा है। जहां लोगों को सभी स्वास्थ्य सम्बन्धी सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध होगी। इस अवसर पर नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी अखिलेश तिवारी, सभासद एजाज अहमद, अनिल कुमार भूरे, दिलीप शुक्ला, राकेश मिश्रा, सूर्य लाल जायसवाल सहित अन्य सभासद एवं प्रबुद्ध जन मौजूद रहे।

## अभियान में 1.52 लाख की हुई वसूली

**मुंगराबादशाहपुर।** बुधवार को मुंगराबादशाहपुर नगर में बिजली विभाग द्वारा वृहद मेगा विद्युत चेकिंग अभियान चलाया गया। बिजली विभाग के अधिशासी अभियंता राजन कुमार के नेतृत्व में टाउन फीडर के दर्जनों मोहल्लो में आज बिजली विभाग की टीमों ने सुबह से ही जगह जगह विधुत चेकिंग अभियान शुरू कर दिया। चेकिंग अभियान से बिजली चोरी करने वालों में हड़कंप मचा रहा। चेकिंग के दौरान 129 लोगों की बिजली चेकिंग की गई। दो उपभोक्ताओं को बिजली चोरी करते पकड़े गए जिनके ऊपर एफआईआर दर्ज कराई गई है। इसके अतिरिक्त 58 घरों की बिजली बिल बकाया होने पर विद्युत कनेक्शन काटा गया है। चेकिंग के दौरान 1.52 के बकाया भी वसूली गई। चेकिंग में 16 उपभोक्ताओं के टैरिफ चेंज की गई एवं 31 उपभोक्ताओं के लोड बढ़ाए गए। बिजली विभाग के एसडीओ आलोक उपाध्याय ने बताया कि आज पूरे खंड के अधिकारियों की टीम बनाकर विधुत चेकिंग अभियान चलाया गया। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील किया कि विच्छेदन तिथि के अंदर अपना बकाया बिजली बिल जमा करवाए और बिजली चोरी न करें। उन्होंने बताया कि प्रत्येक ट्रांसफार्मर पर मीटर लगाए जा रहे हैं जिससे प्रतिदिन लोड और खपत की मॉनिटरिंग होगी। राजस्व निर्धारण वसूली के आधार पर अधिक बिजली चोरी वाले उपभोक्ता आसानी से चिन्हित किया जा सकेंगे जिसमें मीटर चोरी पर अंकुश लगेगा। बिजली चोरी वाले क्षेत्र चिह्नित कर आगे भी मेगा चेकिंग अभियान जारी रहेगा।

## छात्रा के साथ छेड़खानी का आरोपी शिक्षक गिरफ्तार

**जौनपुर।** जिले के सरायख्वाजा थाना अंतर्गत हड़ही गांव के ट्यूशन शिक्षक द्वारा अश्लीलता करने का मामला सामने आने के बाद पुलिस ने परिजन की तहरीर पर ट्यूशन शिक्षक के खिलाफ केस पंजीकृत किया था। जिसे बुधवार को इटौरी नहर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार एक व्यक्ति ने रविवार को सरायख्वाजा थाने से तहरीर दी की उसकी 17 वर्षीय पुत्री जो हाईस्कूल की छात्रा है। बीते 5 जून को बाजार गई थी। इस दौरान उसके ट्यूशन शिक्षक ने अश्लील हरकत करते हुए उसे इशारा किया था और उसे अपने घर बुलाकर कई अश्लील वीडियो भी बना लिया है। पुलिस ने परिजन के तहरीर पर जांच पड़ताल शुरू की और रविवार को ट्यूशन शिक्षक के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया था। बुधवार की सुबह उप निरीक्षक बृजेश कुमार सिंह को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई की आरोपित शिक्षक सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के इटौरी बाजार स्थित नहर की पुलिया के पास मौजूद है। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपित ट्यूशन शिक्षक को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी विनय प्रकाश सिंह ने बताया की गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ पाक्सो एक्ट के तहत विभिन्न धाराओं में केस पंजीकृत है। चालान न्यायालय भेजकर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## प्रवेश फार्म भरने की अंतिम तिथि 20 जून

**जौनपुर।** टीडी पीजी कालेज के शिक्षक शिक्षा विभाग के प्रोफेसर अजय कुमार दुबे ने बताया कि प्रदेश में अनुशासन एवं शिक्षण के लिए प्रसिद्ध महाविद्यालय टीडी कॉलेज में प्रवेश हेतु ऑनलाइन / ऑफलाइन आवेदन फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 20 जून निश्चित है। यहां पर सभी छह संकायों कला, विज्ञान, वाणिज्य, कृषि, शिक्षा, एवं विधि संकायों में स्नातक, स्नातकोत्तर स्तर पर उच्च गुणवत्तायुक्त प्रयोगशाला, विभागीय पुस्तकालय, केंद्रीय पुस्तकालय के साथ-साथ आउटडोर तथा इंडोर स्टेडियम के माध्यम से खेलों में भी उच्च स्तर की सुविधायें उपलब्ध होने के साथ साथ सम्पूर्ण परिसर वाई फाई से सुसज्जित है। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु समग्रता के साथ प्रोत्साहन प्रदान किए जाते हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर राम आसरे सिंह ने अवगत कराया कि प्रवेश हेतु ऑफलाइन /ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 20 जून है तथा प्रवेश परीक्षा जुलाई के प्रथम सप्ताह में प्रस्तावित है जिसका विवरण और प्रवेश पत्र शीघ्र ही महाविद्यालय के वेबसाइट पर अपलोड कर दिया जाएगा। प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए समस्त विद्यार्थियों को प्रवेश पत्र के साथ निर्धारित समय पर महाविद्यालय में उपस्थित होकर प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होना अनिवार्य है।

## बिजली कटौती को लेकर आम आदमी का विरोध-प्रदर्शन

**जौनपुर।** बदहाल विद्युत व्यवस्था और घंटों पॉवर कट के मुद्दे पर योगी सरकार के खिलाफ आम आदमी पार्टी ने कलेक्ट्रेट परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। पार्टी के कार्यकर्ताओं, ने बिजली कटौती के खिलाफ प्रदर्शन किया।

जिला अध्यक्ष राम रतन विश्वकर्मा ने कहा कि प्रदेश में लगातार महंगी हो रही बिजली और उस पर घंटों बिजली की कटौती की मार झेल रही प्रदेश की जनता, सरकार से पूरी तरह त्रस्त हो चुकी है, लेकिन उनकी कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है। बिजली कटौती के कारण आम आदमी और किसान बेहद परेशान हैं। कहा कि चिलचिलाती धूप और भीषण गर्मी में घंटों बिजली कटौती से लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। जिले में 10 से 12 घंटे तक बिजली की कटौती की जा रही है। जिसके चलते आम आदमी को अपने दैनिक जीवन में कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बच्चों का पढ़ाई करना मुश्किल हो गया है, घरों में पानी की सप्लाई प्रभावित हो रही है, और व्यवसायिक गतिविधियां भी ठप हो रही हैं। जिला उपाध्यक्ष विजय सिंह बागी ने कहा कि किसानों को भी बिजली कटौती के कारण अपनी फसलों की सिंचाई करने में परेशानी हो रही है, जिससे उनकी फसलें खराब हो रही हैं और उनकी आय प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा कि यूपी में बिजली कटौती एक बड़ी समस्या है, लेकिन सरकार इस समस्या से निपटने के बजाए लगातार बिजली की दरों में वृद्धि के काम में लगी हुई है। मुरली मनोहर, प्रदीप मिश्रा, विनोद प्रजापति, इस्लाम खान, मनोज प्रजापति, शिवजी मिश्रा, जफर मसूद, हरकेश प्रजापति, रविकांत यादव, बिंद्रा दुबे, आदि शामिल रहे।

## मारपीट और धमकी मामले में अब तक नहीं हुई कार्रवाई

**जौनपुर।** मीरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम अमाई निवासी सभा शंकर यादव (58) ने स्थानीय थाने में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि पुश्तैनी जमीन व मकान के हिस्सेदारी को लेकर उनके ही सगे संबंधियों द्वारा जानमाल की धमकी दी जा रही है और मानसिक उत्पीड़न किया जा रहा है।

सभा शंकर यादव ने प्रार्थना पत्र में बताया कि 16 जून को शाम लगभग 6 बजे उनके सगे रिश्तेदार ने उनके ऊपर हमला कर मारपीट की। इस दौरान गाली-गलौज और गंभीर धमकियां भी दी गईं। उन्होंने कहा कि यह लोग पिछले कई महीनों से दबाव बना रहे हैं और अब खुलेआम धमकी दे रहे हैं कि अगर जमीन का हिस्सा नहीं छोड़ते तो गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। प्रार्थी ने बताया कि जब उन्होंने अपनी पुश्तैनी संपत्ति में हिस्सेदारी मांगी तो उपरोक्त लोग दबंगई पर उतर आए और धमकाने लगे कि हिस्सा मांगना छोड़ दो, नहीं तो जान से हाथ धो बैठोगे। सभा शंकर यादव ने थानाध्यक्ष मीरगंज से निवेदन किया है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए हमलावरों पर सुसंगत धाराओं में कार्रवाई की जाए और उन्हें व उनके परिवार को सुरक्षा प्रदान की जाए। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पीड़ित का कहना है कि घटना के कई दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की है। बल्कि हमकों ही परेशान कर रहें हैं, उन्होंने आरोप लगाया कि दबंगों का प्रभाव होने के कारण पुलिस मूकदर्शक बनी हुई है, जिससे उन्हें और उनके परिवार को जान-माल का खतरा और बढ़ गया है।

**सूचनाः**- सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं पहले अपना नाम VIDHA DEVI लिखती थी। वर्तमान में अपना नाम परिवर्तन कर VIDYA DEVI लिखने लगी हूं। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाय। VIDYA DEVI W/O PARAS-NATH ग्राम व पोस्ट अरन्द, तहसील शाहगंज, ज़िला जौनपुर उ.प्र.

# तरूणमित्र

**गुरूवार, 19 जून 2025**

संवत- 2081, आषाढ़ कृष्ण पक्ष.- 08


## आर्थिक सुराख-मोबाइल और इंटरनेट

*समाज मे आज मध्यम,निम्न वर्ग के लोगों द्वारा मोबाइल, कम्प्यूटर, इंटरनेट का बेजा व अनावश्यक उपयोग, प्रयोग सीधे-सीधे आम उपभोक्ता के लिए उनकी आर्थिक स्थिति में सेंध मारने जैसा कार्य है, जो आम आदमी की के लिए नशे की लत सदृश्य है। बच्चे, युवा मोबाइल के बेहद आदि हो गए हैं उनकी इस आदत से पीछा छुड़ाना भी अभिभावकों के लिये सिरदर्द बन चुका है। टेलीफोन, मोबाइल, इंटरनेट के अविष्कार के बाद मानवीय संचार माध्यम के अविष्कार के बाद संचार विज्ञान के इतिहास में अत्यंत समीचीन तथा भविष्य का एक तूफानी विकास है। विभिन्न संचार माध्यमों के आपस में जुड़े कंप्यूटर एवं विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का समूह कंप्यूटर नेटवर्क कहा जाता है, और इन्हीं कंप्यूटर नेटवर्क का विश्व स्तरीय अंतरजाल को अंग्रेजी में इंटरनेट कहा जाता है। अमेरिका में एक दूसरे के सूचना माध्यमों को जोड़कर जानकारी गुप्त रूप से आदान-प्रदान करने के लिए 1969 में अमेरिका में कंप्यूटर में 'अपारनेट' की स्थापना की गई थी। इसी परिकल्पना के साथ कंप्यूटर नेटवर्क, आगे चलकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नेटवर्क इंटरनेट के रूप में परिवर्तित हो गया। इंटरनेट का सार्थक उपयोग समाज में शिक्षा संगठन और भागीदारी की दिशा में एक महत्वपूर्ण पॉजिटिव ट्रैक होने के साथ एक चमत्कारिक परिवर्तन समाज में आया है।*

*आज लोगों के शौक खेलना, पढ़ना, संगीत सुनना, चित्र बनाना, फोटोग्राफी परिवर्तित होकर 90% लोगों के इंटरनेट सर्फिंग, संगीत सुनना और चित्र बनाने जैसे शौक इंटरनेट से मोबाइल अथवा कंप्यूटर के माध्यम से पूरे किए जा रहे हैं। विश्व में जनसंख्या के हिसाब से 4 अरब लोग इंटरनेट कंप्यूटर तथा मोबाइल के माध्यम से सुबह शाम इस्तेमाल कर रहे हैं। भारतीय परिपेक्ष में 140 करोड़ की अनुमानित जनसंख्या वाले देश में लगभग 40% लोग मोबाइल और इंटरनेट का उपयोग कर एक दूसरे से जुड़ने का प्रयास कर रहे हैं। इंटरनेट एक ऐसा सेवक है जो मोबाइल के माध्यम से आपके सभी आदेशों का पालन करने के लिए दिन रात उपलब्ध है। मोबाइल और कंप्यूटर में उपयोग होने वाला इंटरनेट एक ऐसा अंतरजाल है जिस का आविष्कार सूचनाओं को साझा करने के उद्देश्य किया गया था और अब सूचना प्रौद्योगिकी के इस वर्तमान काल में दस्तावेजों एवं ध्वनि माध्यम के साथ वीडियो का आदान प्रदान करना भी इंटरनेट के माध्यम से संभव हो गया है। हवाई जहाज की, होटल की, किताबों की और व्यापार बढ़ाने की योजनाओं की बुकिंग इंटरनेट द्वारा घर बैठे कंप्यूटर या मोबाइल से किया जा सकता है।*

*सरकार की प्रशासनिक कार्यों से लेकर व्यापार, शिक्षा के नव अवसर भी इंटरनेट के माध्यम से पूर्ण किए जाने लगे हैं। इंटरनेट ने पूरे विश्व को एक दूसरे के एकदम करीब लाने के साथ-साथ सूचना प्रौद्योगिकी में एक चमत्कारिक परिवर्तन लाया है। भारत में इस इंटरनेट या अंतरजाल ने जहां पूरे भारत को एक करके रख दिया है वहीं दूसरी तरफ इंटरनेट की सेवाएं जो एयरटेल आइडिया, डोकोमो, टाटा, जिओ और बीएसएनएल जैसी कंपनियां भारतीय उपभोक्ताओं को शहर से लेकर गांव तक अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। दूसरी तरफ पूर्व में जहां गरीब उपभोक्ता ? 10 से लेकर? 100 तक आसानी से रिचार्ज करा लिया करता था, अब इंटरनेट की कंपनियां? 200 से लेकर ? 1000 तक बात करने की सुविधा के साथ इंटरनेट की सुविधा भी साथ में उपलब्ध करा रहे हैं जो सीधे-सीधे आम उपभोक्ता के लिए उनकी आर्थिक स्थिति में सेंध मारने जैसा कार्य है।*

## ...आज का दिन...

**मेष**- दैनिक कार्यों के प्रति उदासीनता, दूसरों के कटुवचन से तकलीफ, दाम्पत्य जीवन में व्यवधान, घरेलू वातावरण तनावपूर्ण, सुख-सुविधा का अभाव, वाहन से भय।

**वृषभ**- अभिलाषा की पूर्ण होने की ओर, प्रियजनों से विचार-विमर्श, व्यापारिक क्षेत्र में प्रगति, धन संचय की ओर प्रवृत्ति, उपहार या सम्मान का लाभ, शुभकृत्य सम्पन्न।

**मिथुन**- विविध पक्षों में अनुकूलता, शुभ-भावनाओं से आत्मिक शांति, उत्साह में वृद्धि, धनागम का मार्ग प्रशस्त, विशेष प्रयास सार्थक, नौकरी में प्रोन्नति, प्रेम सम्बन्ध मधुर।

**कर्क**- परिस्थितियां भाग्य के पक्ष में, राजकीय पक्ष से लाभान्वित, अध्यात्म के प्रति आस्था, सहयोगियों से अपेक्षित सहयोग, व्यक्तित्व का विकास, वाहन से खुशी।

**सिंह**- दिनचर्या अव्यवस्थित, आपसी तकरार, संकल्प सिद्धि में व्यतिक्रम, नव समस्याएं उत्पन्न, भाग्य में न्यूनता, असमंजस की स्थिति, मित्रों से तनाव, यात्रा निष्फल।

**कन्या**- पुरुषार्थ से कार्य सिद्धि, शिक्षा एवं प्रतियोगिता के क्षेत्र में सफलता, कार्य-व्यवसाय में उन्नति, लाभ का सुयोग, अध्ययन में रुचि, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ।

**तुला**- स्वास्थ्य सुधार पर, आत्मबल में वृद्धि, किसी के माध्यम से महत्वपूर्ण सफलता, पारिवारिक सौहार्द, यात्रा का प्रसंग, सुसमाचार की प्राप्ति, धर्म के प्रति आस्था।

**वृश्चिक**- योजना साकार होने की ओर, व्यक्तिगत समस्याएं सुलझने की ओर, नवीन उपलब्धि, व्यापार के क्षेत्र में नव परिवर्तन, परोपकार की भावना जागृत, धार्मिक स्थलों की यात्रा।

**धनु**- कठिनाइयों से मन उदास, पारिवारिक समस्याओं से चिन्तित, आकांक्षित सिद्धि में व्यतिक्रम, इच्छित कार्यों में व्यवधान, आशा अधूरी, एकाग्रता का अभाव।

**मकर**- व्यावसायिक क्षेत्र में नवपरिवर्तन, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ, अध्यावसाय की ओर रुझान, स्थान-परिवर्तन की दिशा में कार्यक्रम, प्रतिष्ठा में वृद्धि, लाभ भी।

**कुम्भ**- इच्छित कार्यों में सफलता, व्यापार में विस्तार की योजना फलीभूत, लाभ का मार्ग प्रशस्त, दूर-समीप की यात्रा, सुसमाचार की प्राप्ति, परिवार में मंगल आयोजन सम्पन्न।

**मीन**- शुभ भावनाओं से आत्मिक शांति, धार्मिक-क्रियाकलापों में रुचि, स्वविवेक से लिया गया निर्णय हितकर, उच्चाधिकारियों से सम्पर्क का लाभ, समस्याएं हल।


**-: श्री विमल जैन :-**

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद् एस-2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, आकांक्षा हास्पिटल के निकट, टैगोर टाउन एक्सटेंशन

भोजूबीर, वाराणसी-221002 ( उ0प्र0 )- मो0:-09335414722


## पुस्तक-समीक्षा : 'छत्रपति शिवाजी' भारतीय विजिगीषु-वृत्ति के सशक्त प्रतीक का स्मरण




भारतीय राजनीतिक चिंतन को आजकल प्रायः षाड्गुण्य नीति और उपाय चतुष्टय के संदर्भों में परिभाषित किया जाता है। कहीं-कहीं मण्डल सिद्धांत का उल्लेख भी मिल जाता है। लेकिन भारतीय राजनीतिक चिंतन का प्रारंभ जिस 'विजिगीषु-वृत्ति' से होता है, उसका उल्लेख कम ही होता है।

वास्तविकता यह है कि विजिगीषु-वृत्ति भारतीय राजनीतिक चिंतन का केंद्रीय तत्व रही है। राजनीतिक दर्शन हो, राजनीतिक प्रक्रिया हो अथवा राज-नीति हो, सभी के केंद्र में विजिगीषु-वृत्ति कार्य करती है। यदि किसी राजा अथवा राज्य में विजिगीषु वृत्ति नहीं है, धर्म स्थापना हेतु राज्य-विस्तार की इच्छा नहीं है, तो उसकी योग्यता को शून्य और उसकी अवनति को स्वाभाविक मान लिया जाता था। ऐसे राजा अथवा राज्य, राजनीतिक चिंतन की परिधि से बाहर थे। संभवतः इसी कारण विजिगीषु वृत्ति से विहीन हो चुके राजाओं के उबारने वाली किसी नीति का उल्लेख प्राचीन ग्रंथों में नहीं मिलता और न ही उनके कर्तव्यों के बारे में कोई संकेत मिलते हैं।

विजिगीषु-वृत्ति और उसकी विशेषताओं के विस्मरण के कारण, भारतीय राजनीतिक परंपरा की एक खंडित छवि तो बनी ही, इतिहास बोध और इतिहास-नायकों के आकलन का हमारा परिप्रेक्ष्य भी बहुत सीमित हो गया। शत्रुबोध का अभाव हो, न्याय-अन्याय का विचार किए बिना अहिंसा की चरम मूल्य के रूप में स्वीकृति हो अथवा दूरस्थ संकटों के प्रति अनभिज्ञता का भाव हो, इसका कारण विजिगीषु-वृत्ति का विस्मरण है।

इस परिप्रेक्ष्य में प्रो. ओमप्रकाश सिंह और डॉ. देवेन्द्र भारद्वाज द्वारा सम्पादित पुस्तक 'हिन्दवी स्वराज्य के संस्थापक छत्रपति शिवाजी' एक महत्वपूर्ण हस्तक्षेप के रूप में आई है। यह पुस्तक विजिगीषु-वृत्ति के सशक्त प्रतीक शिवाजी महाराज का आकलन ऐसे व्यापक फलक में करती है, जिसमें सभ्यतागत लक्ष्यों के प्रति उनकी निष्ठा, अदम्य साहस, रणनीतिक नवाचार, दूरदर्शी शासन कला तो अधिक स्पष्ट रूप से तो सामने आती ही है। इससे भी बड़ी बात यह है कि शिवाजी महाराज के बहाने यह हमारे इतिहास बोध और राजनीति बोध को भारतीय धरातल पर उतारने की कोशिश करती है।

पुस्तक में छत्रपति शिवाजी महाराज के व्यक्तित्व और शासनकाल के आकलन को औरंगजेब के प्रतिरोध तक सीमित नहीं रखा गया है। बल्कि उनकी युद्ध नीति, भाषा नीति, राजस्व व्यवस्था की विस्तृत चर्चा की गई है। पुस्तक में सम्मिलित शिवाजी महाराज और महाराणा प्रताप के जुड़ाव, कुलदेवी तुलजा भवानी के इतिहास और शिवाजी महाराज की अनन्य आस्था, पावनखिंड की दौड़, सशक्त नौसेना, शाही मुहर, शिवाजी महाराज द्वारा गणेशोत्सव की शुरुआत जैसे विषय विशेष रूप से आकर्षित करते हैं।

पुस्तक का एक अन्य महत्वपूर्ण आकर्षण छत्रपति शिवाजी महाराज से संबंधित संचारीय आयामों को विशेष रूप से रेखांकित करना है। महाकवि भूषण, उनकी 'शिव बावनी' के अतिरिक्त महानाट्य 'जाणता राजा' और उसके लेखक बाबा साहेब पुरन्दरे पर स्वतंत्र आलेख सम्मिलित कर लेखकों ने शिवाजी महाराज के संचारीय प्रभाव और साहित्यिक उपस्थिति को सामने लाने की विशेष कोशिश की है। दोनों लेखकों की संचारीय क्षेत्र में विशेषज्ञता के कारण पुस्तक का यह संचारीय पक्ष बहुत प्रभावी बन पड़ा है।

पुस्तक में शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक को भारतीय इतिहास के एक निर्णायक घटनाक्रम के रूप देखने का आग्रह दिखता है। रोचक बात यह है कि इस महत्व को स्थापित करने के लिए केवल राजनीतिक परिस्थितियों का विश्लेषण नहीं करते, बल्कि भारतीय राजनीतिक परम्परा और दर्शन को भी उद्धृत करते हैं- 'हिन्दू शासन व्यवस्था में राजा को, शक्ति राजत्व से प्राप्त होती है। यह राजत्व संस्कारों से प्राप्त होता है। उस संस्कार की प्राप्ति इंद्राभिषेक अथवा राज्याभिषेक से होती है'। परम्परा के इस ज्ञान के कारण ही लेखक यह स्थापना दे पाते हैं कि 'भारत के इतिहास में शिवाजी का राज्यारोहण चन्द्रगुप्त के सदृश हैं'।

शिवाजी की रणनीतिक दक्षता इतनी प्रबल थी कि वह किस्से-कहानियाँ बनकर अब भी लोक में व्याप्त है। शिवाजी महाराज अपनी वीरता और रणनीति के साथ अपनी तीक्ष्ण कूटनीति से भी विरोधियों को हतप्रभ कर देते थे। अफजल खान का वध, उनके रणनीतिक चातुर्य का प्रतीक बनकर इतिहास में स्थापित हो गया। वहीं उनकी कूटनीति के भी अनेकों उदाहरण हैं, जिनसे तत्कालीन भारतीय राजनीतिक और सांस्कृतिक समझ की बेहतरीन समझ और विपरीत परिस्थितियों से बाहर निकलने की उनकी क्षमता का पता चलता है। ऐसा ही एक उदाहरण वह पत्र है, जिसमें शिवाजी महाराज ने औरंगजेब के जजिया कर का विरोध करते हुए लिखा था और यह चुनौती दी कि यदि उनमें हिम्मत है, तो महाराणा राजसिंह और उनकी प्रजा से जजिया कर लेकर दिखाएं।

इस पत्र में औरंगजेब को जजिया का विरोध करते हुए लिखते हैं -'यदि आप लोगों को पीड़ित करने और हिन्दुओं को आतंकित करने को धार्मिकता समझते हैं तो सबसे पहले महाराणा राजसिंह, जो हिन्दुओं का नेतृत्व कर रहे हैं, के ऊपर जजिया कर लगाकर दिखाइए'। प्रश्न यह उठता है कि औरंगजेब से हर मोर्चे पर लगातार लड़ रहे छत्रपति शिवाजी महाराज ने महाराणा राजसिंह का नाम लेकर औरंगजेब को क्यों उकसा रहे थे, और इसके जरिए वह औरंगजेब तक क्या संदेश पहुंचाना चाह रहे थे। असल में महाराणा राजसिंह ने अपने जीवन में कई बार औरंगजेब को खुली चुनौती दी। औरंगजेब ने उन पर विजय प्राप्त करने के लिए कई अभियान चलाए, लेकिन वह किसी भी अभियान में सफल नहीं हुआ। अपने सीमित संसाधनों, लेकिन अपरिमित साहस के कारण वह औरंगजेब के विरोध और धर्मरक्षा के प्रतीक बन गए थे। अपने पत्र में शिवाजी महाराज ने कूटनीतिक ढंग से यह संदेश देने की कोशिश की थी कि भले ही दिल्ली की गद्दी पर कोई सुल्तान बैठा हो, लेकिन हिन्दू उसे अपना शासक नहीं मानते। पुस्तक में उनकी रणनीतिक दक्षता और नवाचार के अन्य उदाहरण प्रामाणिक ढंग से उल्लिखित हैं।

कुल मिलाकर यह पुस्तक भारतीय विजिगीषु-वृत्ति के सशक्त प्रतीक का स्मरण है। और यह स्मरण औपनिवेशिक इतिहास-बोध और राजनीति-बोध को संतुलित और सम्यक बनाने का एक आधार भी उपलब्ध कराता है। प्रो. ओमप्रकाश सिंह की संचार सिद्धांत को भारतीय धरातल उपलब्ध कराने के लिए पहले से ही ख्याति है। इस नई पुस्तक के माध्यम से वह और डॉ. देवेन्द्र भारद्वाज भारतीय इतिहास बोध को परिष्कृत कर पाएंगे, इसकी पूरी संभावना दिखती है। अमृतकाल में अपनी वास्तविक पहचान के संधान के लिए व्यग्र प्रत्येक भारतीय के लिए यह पुस्तक अवश्य रूप से पठनीय है।

पुस्तक- हिन्दवी स्वराज्य के संस्थापक छत्रपति शिवाजी

संपादक- प्रो. ओम प्रकाश सिंह और डॉ. देवेन्द्र भारद्वाज

प्रकाशक- सुरुचि प्रकाशन, नई दिल्ली


**समीक्षक**
**डॉ. जयप्रकाश सिंह**
**सहायक आचार्य, कश्मीर अध्ययन केंद्र**
**हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय, धर्मशाला**


# चंदौली

## किसानों के साथ बेहतर समन्वय बनाकर उप निदेशक कृषि करें कार्य : जिलाधिकारी

### जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में किसान दिवस का हुआ आयोजन

**तरूणमित्र न्यूज**

**चन्दौली।** किसान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी चंद्र मोहन गर्ग की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया, जिसमें किसानों की समस्याओं पर चर्चा की गई और उन्हें विभिन्न योजनाओं तथा वैज्ञानिक तकनीकी से खेती करने के बारे में जानकारी दी गई। जिलाधिकारी ने किसानों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। साथ ही अनुपस्थित अधिकारी के प्रतिनिधि को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि अगले बैठक में जिला स्तरीय अधिकारी स्वयं प्रतिभाग करेंगे अन्यथा आपके विरुद्ध शासन को आवश्यक कार्यवाही हेतु अवगत करा दिया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को लापरवाही बरतने पर कार्रवाई की चेतावनी दी।

किसानों द्वारा धान की नर्सरी हेतु पानी की मांग की गई तथा देवरा, मरवतिया, मझगवा व देवरा माइनर का रेगुलेटर खराब तथा चंद्रप्रभा राजवाहा फाल डैमेज होने की बात कही गई तथा भूमि अधिग्रहण के दौरान संतोषजनक सर्किल रेट की मांग की। जिसपर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को शख्त निर्देश देते हुये कहा कि किसान भाइयों द्वारा प्राप्त शिकायतों का शतप्रतिशत निराकरण कराते हुए अवगत कराए। उन्होंने निर्देशित किया कि जनपद के किसानों को खेती करने में किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए,चाहे बिजली, पानी,बीज या खाद सहित अन्य सुविधाओं की उपलब्धता बनाए रखे संबंधित अधिकारी। इस अवसर पर उप कृषि निदेशक, एआर कोऑपरेटिव, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, ऊर्जा, सिंचाई, उद्यान सहित अन्य विभागों के अधिकारी एवं कृषक बंधु उपस्थित रहे।

## चौकी में भोजन बनाने वाले युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**तरूणमित्र न्यूज**

**चकिया, चंदौली।** जनपद के सैदूपुर पुलिस चौकी में भोजन बनाने वाले युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। इस दौरान परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़। एक दर्दनाक घटना में सैदूपुर पुलिस चौकी में भोजन बनाने वाले अंगूद खरवार (उम्र लगभग 25 वर्ष) की आज अचानक मौत हो गई। यह हादसा उस वक्त हुआ जब अंगूद ड्यूटी पूरी करने के बाद अपने घर लौट रहा था।

रास्ते में अचानक वह सड़क पर गिर पड़ा, जिसके बाद मौके पर मौजूद लोगों और पुलिस ने तुरंत स्थिति को गंभीरता से लेते हुए उसे एंबुलेंस से चकिया के संयुक्त जिला अस्पताल भिजवाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि अंगूद खरवार लंबे समय से सैदूपुर पुलिस चौकी में रसोइया का कार्य कर रहा था। वह रोज की तरह चौकी में पुलिसकर्मियों के लिए भोजन बनाकर घर लौट रहा था, लेकिन बीच रास्ते में उसकी तबीयत अचानक बिगड़ गई और वह सड़क पर गिर पड़ा।

तत्काल चौकी प्रभारी अनिल पांडेय ने स्थिति को गंभीरता से लेते हुए एम्बुलेंस मंगवाई और अस्पताल भिजवाया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी।

अंगूद की पारिवारिक पृष्ठभूमि अत्यंत ही दुखद और संघर्षमय रही है। उसके पिता की मृत्यु बचपन में ही हो गई थी। घर में मां लोगों के घरों में बर्तन साफ कर किसी तरह दो वक्त की रोटी जुटाती थीं। अंगूद अपने परिवार का एकमात्र सहारा था। उसकी दो छोटी बेटियां हैं, जिनमें एक की उम्र लगभग 6 वर्ष और दूसरी की 4 वर्ष बताई जा रही है। अब अंगूद की अचानक मौत ने परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है।

स्थानीय लोगों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने प्रशासन से मांग की है कि मृतक के परिवार को आर्थिक सहायता और सरकारी मदद उपलब्ध कराई जाए, ताकि उसकी विधवा पत्नी और मासूम बच्चियों का जीवन सुरक्षित रह सके। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच की जा रही है। यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि अंगूद की मौत हार्ट अटैक, दौरे या किसी और कारण से हुई है।

## खाद्य पदार्थ एवं पेय पदार्थ की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा चलाया गया विशेष अभियान

**तरूणमित्र न्यूज**

**चंदौली।** आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उत्तर प्रदेश, लखनऊ एवं जिलाधिकारी महोदय चंद्र मोहन गर्ग, के आदेश पर सहायक आयुक्त (खाद्य)-II कुलदीप सिंह के निर्देशन में जनपद-चन्दौली में पं0 दीनदयाल उपाध्याय नगर जंक्शन के आस पास संचालित होटल/ढाबे/रेस्टोरेंट आदि मे प्रतिदिन आने जाने वाले हजारों यात्रियों एवं स्थानीय निवासियों को खाद्य पदार्थ एवं पेय पदार्थ की गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा अधोमानक खाद्य पदार्थों की बिक्री को लेकर निर्माण व विक्रय पर प्रभावी रोकथाम के उद्देश्य से विशेष अभियान चलाकर प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही/नमूना संग्रहण किया गया।

खाद्य सुरक्षा अधिकारीयों द्वारा निम्न रूप से कुल 10 नमूने संग्रहित कर खाद्य प्रयोगशाला को जाँच हेतु प्रेषित किया गया है।

## आपदा से निपटने को लेकर चंदौली में तैयारियां तेज, डीएम की अध्यक्षता में समन्वय बैठक सम्पन्न

### *बाढ़ व प्राकृतिक आपदा से निपटने को सभी विभाग सतर्क, लापरवाही पर सख्त चेतावनी*

**तरूणमित्र न्यूज**

**चंदौली।** मानसून के आगमन से पहले बाढ़ एवं प्राकृतिक आपदा प्रबंधन को लेकर जिलाधिकारी चन्द्र मोहन गर्ग की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में समन्वय बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में आगामी संभावित आपदाओं से निपटने के लिए सभी विभागों को पूर्ण तैयारियों के साथ काम करने के निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि बाढ़ राहत एवं आपदा प्रबंधन कार्यों में किसी भी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि तहसील स्तर पर अंतर्विभागीय बैठकें कर राहत शिविरों की स्थापना, नाव व मोटर बोट की व्यवस्था सहित सभी जरूरी तैयारियों को समय रहते सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने जिले में कंट्रोल रूम के लिए स्थान चिन्हित करने, आकाशीय बिजली से बचाव को लेकर जनजागरूकता अभियान चलाने और बाढ़ संभावित गांवों की सूची तैयार करने के निर्देश भी दिए। इसके साथ ही उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी व पशु चिकित्साधिकारी से दवाओं और वैक्सीनेशन की उपलब्धता पर फीडबैक लिया और कहा कि राहत शिविरों में 24×7 स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित की जाएं।

उन्होंने निर्देश दिया कि गंगा, गढ़ई व डैम से जुड़ी जलस्तर की सूचनाओं को शीघ्र साझा करने के लिए संबंधित अधिकारियों व क्षेत्रीय लोगों के साथ वाट्सऐप ग्रुप बनाए जाएं, ताकि समय रहते आवश्यक कदम उठाए जा सकें। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राजेश कुमार, प्रभागीय वनाधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ वाई के राय, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी मनीष विक्रम, जिला पंचायत राज अधिकारी, एआर कोऑपरेटिव, तहसीलदार व अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने अंत में सभी उप जिलाधिकारियों से पिछले पांच वर्षों में बाढ़ से प्रभावित गांवों की सूची मांगी और सभी को सतर्क रहने के निर्देश दिए। उन्होंने दोहराया कि आपदा पूर्व तैयारी ही जन-जीवन की सुरक्षा का मूल मंत्र है।

## 10 करोड़ की क्रिप्टो धोखाधड़ी का खुलासा, चंदौली-मिर्जापुर के तीन युवक गिरफ्तार

**तरूणमित्र न्यूज**

**चकिया,चंदौली।** दिल्ली पुलिस की साइबर सेल ने 10 करोड़ की एक बड़ी क्रिप्टो धोखाधड़ी का भंडाफोड़ करते हुए 15 लोगों को गिरफ्तार किया है।

पकड़े गए आरोपियों में यूपी के चंदौली और मिर्जापुर जिले के तीन युवक भी शामिल हैं। पुलिस के अनुसार इस ठगी में चीन के साइबर अपराधियों का भी बड़ा हाथ है और इस गिरोह का सरगना "गन्नी" दुबई में छिपा हुआ है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान चंदौली के चकिया निवासी अविनाश वर्मा (20), मिर्जापुर के जमालपुर निवासी आलोक सिंह (30) और गरिमा सिंह के रूप में हुई है। इनके अलावा दिल्ली के सिमरनजीत सिंह उर्फ लवी और हिमांशु बैसोया समेत अन्य को भी पकड़ा गया है। पुलिस के अनुसार, यह गिरोह फेसबुक मैसेंजर के माध्यम से लोगों से संपर्क करता था और उन्हें USDT (क्रिप्टो करेंसी) ट्रेडिंग में भारी मुनाफे का लालच देता था।

पीड़ितों को एक नकली एप्लिकेशन डाउनलोड कराई जाती थी, जिसमें निवेश के बाद फर्जी लाभ दिखाए जाते थे। जब निवेशक पैसे वापस मांगते, तो उनसे 30% "क्लियरेंस फीस" के नाम पर और रकम वसूली जाती थी। एक मामले में एक पीड़ित से 10 लाख की ठगी की गई। बाद में जब पीड़ित को धोखाधड़ी का अहसास हुआ तो उसने शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद जांच शुरू की गई। पूछताछ में सामने आया कि इस पूरे नेटवर्क के पीछे एक अंतरराष्ट्रीय गिरोह काम कर रहा है, जिसमें चीनी साइबर अपराधियों की भूमिका है। पुलिस को शक है कि ये गिरोह भारत की आर्थिक व्यवस्था को नुकसान पहुंचाने की साजिश में लगा है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 5 मोबाइल फोन, 1 लैपटॉप और 4 बैंक पासबुक बरामद किए हैं। फिलहाल इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की फोरेंसिक जांच के लिए कोर्ट से अनुमति ली जा रही है। गिरोह के बैंक खातों को चिन्हित कर सीज़ करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। पुलिस जनता से अपील कर रही है कि अनजान प्लेटफॉर्म या लिंक से कोई भी वित्तीय लेन-देन न करें। साइबर ठगी की शिकायत cybercrime.gov.in या हेल्पलाइन नंबर 1930 पर करें।

## रफ्तार बनी कालः एनएच-19 पर डंफर ट्रक से टकराया

**तरूणमित्र न्यूज**

**डीडीयू नगर, चंदौली।** बुधवार की अलसुबह सैयदराजा थाना क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाईवे-19 पर सवैया गांव के पास एक दर्दनाक हादसा हो गया।

बिहार की ओर जा रहा तेज रफ्तार डंफर सड़क पर खड़े एक ट्रक में जबरदस्त टक्कर मार बैठा। टक्कर इतनी तेज थी कि डंफर का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक केबिन में फंस गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, डंफर की नंबर प्लेट पर कालिख पोती गई थी जिससे उसकी पहचान छुपाई जा रही थी। आशंका जताई जा रही है कि यह डंफर नियमों को ताक पर रखकर ओवरलोड होकर तेज रफ्तार में दौड़ रहा था। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और एनएचएआई की रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची। लगभग दो घंटे तक चले राहत और बचाव अभियान के बाद क्रेन की मदद से चालक को केबिन से बाहर निकाला गया। जानकारी के अनुसार घायल चालक की पहचान बिहार निवासी दीपक के रूप में हुई है। उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। तत्काल उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना के बाद हाईवे पर अफरा-तफरी मच गई और यातायात कुछ समय के लिए बाधित रहा। पुलिस टीम आगे की वैधानिक कार्रवाई और जांच में जुटी है।

## थाना प्रभारियों के सरकारी नंबर रहते हैं नॉट रीचेबल

**तरूणमित्र न्यूज**

**डीडीयू नगर, चंदौली।** यूपी पुलिस को हाईटेक बनाने के दावे रोज़ होते हैं, मगर ज़मीनी हकीकत चौंकाने वाली है। जनपद चंदौली के थानों में तैनात पुलिस अधिकारियों के सरकारी सीयूजी नंबर अक्सर नॉट रीचेबल या स्विच ऑफ रहते हैं। न सिर्फ दूरदराज़ के थाना नौगढ़, चकरघट्टा बल्कि अलीनगर, बलुआ, कंदवा, धीना और बबुरी जैसे प्रमुख थानों के प्रभारी भी हमेशा सरकारी नंबर पर उपलब्ध नहीं रहते।

शिकायतकर्ता बार-बार प्रयास करते हैं लेकिन "फोन नहीं लग रहा है" की समस्या आम हो चली है। सबसे बड़ी परेशानी तब होती है जब लोगों को संबंधित प्रभारी का पर्सनल नंबर भी नहीं मिलता। कई बार पीड़ित या शिकायतकर्ता आपात स्थिति में भी मदद के लिए पुलिस से संपर्क नहीं कर पाते। ऐसे में सवाल उठता है कि अगर सरकारी नंबर कभी उठता ही नहीं और पर्सनल नंबर तक पहुंच संभव नहीं, तो फिर जनता हाईटेक पुलिसिंग से कैसे लाभ लेगी? अब ज़रूरत इस बात की है कि पुलिस कप्तान खुद इस गंभीर समस्या का संज्ञान लें और यह सुनिश्चित करें कि सभी थानों के सीयूजी नंबर 24म7 कार्यरत रहें ताकि जनसामान्य को पुलिस सेवा का वास्तविक लाभ मिल सके।

# काशी की ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए सारथी बनेंगे यातायात मित्र : पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल

## सीपी ने पैदल गश्त कर सुचारू यातायात संचालन के लिए अधीनस्थों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**तरुणमित्र न्यूज**

**वाराणसी।** पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल द्वारा सुगम यातायात व्यवस्था के दृष्टिगत बुधवार को शहरी क्षेत्र का भ्रमण किया गया। इस दौरान गोदौलिया-दशाश्वमेध क्षेत्र में पैदल गश्त कर यातायात मित्रों से संवाद स्थापित किया गया। पैदल गश्त के दौरान सड़कों और फुटपाथ पर अतिक्रमण करने वालों को चेतावनी दी गयी एवं सामानों की जब्तीकरण के साथ फिर पंजीकृत कर उनके विरूद्ध सख्त वैधानिक कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये।

पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल ने आगामी श्रावण मास में लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं की आवागमन के दृष्टिगत क्षतिग्रत बिजली के खम्भों, खुले तारों व अन्य संभावित दुर्घटना कारकों के निवारण हेतु सम्बन्धित विभागों से पत्राचार कर समय से दुरुस्त कराये जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया। सीपी ने कहा कि यातायात मित्रों को प्रदान किये जायेंगे पहचान पत्र व उत्कृष्ट कार्य पर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। यातायात मित्रों के सुझावों का यातायात व स्थानीय पुलिस अमल करेगी। सड़कों और फुटपाथों पर अनाधिकृत रूप से अतिक्रमण करने वालों को चेतावनी दी गयी कि पहले उनके सामानों की जब्ती होगी फिर उसके उपरांत मुकदमा दर्ज कर सख्त वैधानिक कार्यवाही किये जाने के निर्देश अधीनस्थों को सीपी ने दिया। गोदौलिया क्षेत्र में चल रहे रोप-वे के निर्माण कार्य के दृष्टिगत सतर्कता बरतते हुए पर्यटकों व आमजनमानस की सुविधा हेतु रूट डायवर्जन सहित किये जाने के साथ ही अन्य आवश्यक प्रबन्ध के भी निर्देश दिए। इस दौरान अपर पुलिस आयुक्त (कानून-व्यवस्था/मुख्यालय) शिवहरी मीना, पुलिस उपायुक्त काशी जोन गौरव वंशवाल, अपर पुलिस उपायुक्त काशी जोन सरवणन टी., अपर पुलिस उपायुक्त यातायात, सहायक पुलिस आयुक्त दशास्वमेध डा. अतुल अंजान त्रिपाठी व थाना प्रभारी उपस्थित रहे।

पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल सुचारू यातायात व्यवस्था संचालन के लिए पैदल गश्त कर अधीनस्थों को निर्देश देते हुए

# योग और आयुर्वेद है हमारी पौराणिक धरोहर, इसका प्रयोग हमेशा रखेगा स्वस्थ : कमांडेंट राजेश्वर बालापुरकर

**तरुणमित्र न्यूज**

**वाराणसी।** सीआरपीएफ 95 बटालियन के कमांडेंट राजेश्वर बालापुरकर के नेतृत्व में बुधवार को नमो घाट पर 11वीं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस सप्ताह के चौथे दिन इस वर्ष के थीम एक पृथ्वी एक स्वास्थ के लिए योग के उद्देश्य से गोवर्धन पूजा समिति एवं नमो गोवर्धन मॉर्निंग टीम के सदस्यों के साथ करीब 400 से ज्यादा आमजन ने भारत सरकार के आयुष मंत्रालय द्वारा योग प्रोटोकॉल के तहत योग किया। योग के माध्यम से आम जनमानस तक संदेश देना था लोग योग से जुड़े और स्वस्थ रहे। कार्यक्रम के दौरान योगाचार्य अभय स्वाभिमानी तथा सुशील गुप्ता द्वारा लोगों को भ्रामरी अनुलोम विलोम का फायदा लोगों को बताया गया। सीआरपीएफ 95 बटालियन के कमांडेंट राजेश्वर बालापुरकर ने इस दौरान कहा कि योग और आयुर्वेद हमारी पौराणिक धरोहर है। हम जितना इसके संपर्क में रहेंगे उतना ही हमारे परिवार समाज के लिए हितकर होगा और हम शारीरिक मानसिक रूप से स्वस्थ रहेंगे।

हम सभी को अपने स्वास्थ्य को स्वस्थ रखने के लिए रोज कम से कम एक घंटा योगाभ्यास और वॉकिंग करना चाहिए।इस दौरान बटालियन के कमांडेंट राजेश्वर बालापुरकर द्वारा गोवर्धन पूजा समिति के अध्यक्ष, महामंत्री, उपाध्यक्ष , कोषाध्यक्ष एवं योगाचार्य को स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्रम पहनाकर सम्मानित किया गया वहां पर उपस्थित सभी योग साधकों को 95 बटालियन सीआरपीएफ की तरफ से योगा टी-शर्ट भी सप्रेम भेंट किया गया कार्यक्रम के अंत में राजेश्वर बालापुरकर द्वारा धन्यवाद किया गया।इस दौरान अर्चना बालापुरकर, सुनीता देवी, द्वितीय कमान अधिकारी राजेश कुमार , द्वितीय कमान अधिकारी आलोक कुमार, प्रदीप सिंह शेखावत उप कमाडेंट, नवनीत कुमार उप कमांडेंट, सहायक कमांडेंट पंकज कुमार, सहायक कमांडेंट शिवमोहन दीक्षित, निरीक्षक प्रिंस सिंह, एस एम परमेंद्र प्रसाद एवं बटालियन के सभी जवान उपस्थित रहे।

सीआरपीएफ 95 बटालियन कमांडेंट राजेश्वर बालापुरकर के नेतृत्व में नमो घाट पर योग करते बटालियन के लोग

# योग को जन-जन तक पहुँचाने का महाअभियान, आयोजित होंगी तमाम प्रतियोगिताएं : आयुष मंत्री डा. दयाशंकर

**तरुणमित्र न्यूज**

**वाराणसी।** योग को जनसामान्य की जीवनशैली का हिस्सा बनाने और इसे और अधिक व्यापक बनाने के उद्देश्य से आयुष मंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र दयालु ने बुधवार को एक प्रेसवार्ता को सर्किट हाउस में संबोधित किया। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में 21 जून 2025 को 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस ऐतिहासिक स्वरूप में मनाया जाएगा।

मंत्री ने कहा कि पूरे प्रदेश में 15 से 21 जून तक योग सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें ग्राम पंचायत से लेकर राजभवन तक विशेष कार्यक्रम सुनिश्चित किए गए हैं।प्रेसवार्ता में बताया गया कि राजभवन लॉन, लखनऊ में 21 जून को आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय मुख्य कार्यक्रम में व्यापक व्यवस्थाएँ की गई हैं। राजभवन के मुख्य कार्यक्रम के अतिरिक्त लखनऊ शहर के 10 प्रमुख पार्कों, प्रदेश के 4075 चिन्हित स्थलों, और देश भर के एक लाख स्थानों पर सामूहिक योगाभ्यास का आयोजन किया जाएगा। मंत्री डा. मिश्र ने बताया कि योग सप्ताह की गतिविधियाँ पूर्वाभ्यास के रूप में 15 जून से आरंभ हो चुकी हैं, जिनमें आयुष महाविद्यालयों, विद्यालयों, विश्वविद्यालयों एवं अस्पतालों में विभिन्न प्रतियोगिताएँ -भाषण, रंगोली, आशु भाषण, पोस्टर, योग क्रियाएं आदि कराई जा रही हैं। विशेष वर्ग जैसे गर्भवती महिलाएँ, दिव्यांगजन, वंचित समूह, कैदी, अनाथ बच्चे और झुग्गी क्षेत्र के निवासियों के लिए अलग से योग सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। वहीं, वाई-ब्रेक जैसी 5 मिनट की योग पद्धति को कार्यालयों और कॉर्पोरेट सेक्टर में लोकप्रिय बनाने की पहल की जा रही है। मंत्री ने बताया कि योग अनप्लग्ड ब्रांडिंग के अंतर्गत युवाओं को आकर्षित करने हेतु सोशल मीडिया आधारित राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय योग प्रतियोगिताएँ आयोजित की जा रही हैं। योग कार्यक्रमों का दूरदर्शन और आकाशवाणी पर सीधा प्रसारण किया जाएगा। सभी प्रतिभागी प्रतिदिन अपने व्यक्तिगत/सामूहिक योगाभ्यास की फोटो भारत सरकार के [illegible] पोर्टल पर अपलोड कर सकते हैं। 21 जून को योग सप्ताह के समापन के साथ प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र और पुरस्कार भी वितरित किए जाएगा। पत्रकार वार्ता का संचालन भाजपा काशी क्षेत्र के प्रवक्ता नवरतन राठी ने किया। पत्रकार वार्ता में मुख्य रूप से नवरतन राठी, अशोक यादव, जनसंपर्क अधिकारी गौरव राठी, डा. हरदत शुक्ला, संजय मिश्रा, सौरभ राय, जय विश्वकर्मा आदि मुख्य रूप से उपस्थित है।

प्रेसवार्ता में जानकारी देते प्रदेश के आयुष मंत्री डा. दयाशंकर मिश्र दयालु

# अधिकारी अपनी ज़िम्मेदारी समझें अन्यथा कार्रवाई के लिए तैयार रहें : जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार

## डीएम ने की मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर राजस्व कार्यों, राजस्व न्यायालयों व कर-करेत्तर कार्यों की समीक्षा

**तरुणमित्र न्यूज**

**वाराणसी।** मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर राजस्व कार्यों, राजस्व न्यायालयों व कर-करेत्तर / चकबंदी / कलेक्ट्रेट के पटल प्रभारी के कार्यों की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों के साथ संपन्न हुई।जिलाधिकारी ने परिवहन, आबकारी, राजस्व, खनन आदि विभागों को अभियान चलाकर लक्षित राजस्व वसूली किये जाने पर बल दिया। आबकारी विभाग की स्थिति बेहतर पाई गई। उन्होंने सेल टैक्स विभाग में लक्ष्य के सापेक्ष कम वसूली पर नाराज़गी व्यक्त किया और लक्ष्य को पूरा करने के निर्देश दिये। स्टाम्प शुल्क में कम राजस्व वसूली पर तहसील सदर और पिंडरा दोनों के तहसीलदार व नायब तहसीलदारों को फटकार लगाते हुए अपेक्षित प्रगति लाने का निर्देश दिया। उन्होंने कलेक्ट्रेट के प्रभारी पटल सहायकों को अपने पटल संबंधी पूरी जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित रहने का निर्देश दिया साथ ही कार्यों में लापरवाही बरतने वाले पटल सहायकों का वेतन रोकने के निर्देश भी दिये।

जिलाधिकारी ने राजस्व वादों के सम्बन्ध में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिये कि लम्बित राजस्व वादों का निस्तारण शीघ्र सुनवाई करके उनका निस्तारण किया जाये। कुछ तहसीलों में लक्ष्य के अनुरूप वादों का निस्तारण न किये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुये तत्काल लक्ष्य को पूरा करने के निर्देश दिये।जिलाधिकारी ने धारा-24, धारा-34 जैसे वादों के लंबित आवेदनों को शीर्ष प्राथमिकता के साथ शीघ्र निस्तारण कराने के निर्देश दिये। उन्होंने अन्य प्रकार की जैसे धारा-67, 80, 116 तथा सीमांकन सहित अन्य राजस्व वादों की पेंडेंसी खत्म करने के निर्देश सभी एडीएम, एसडीएम, तहसीलदार और नायब तहसीलदार के अलावा इन मामलों के लिए नियुक्त न्यायिक अधिकारियों को दिया। उन्होंने कहा कि लेखपाल को निर्देशित कर संबंधित भूमि की पैमाइश करवा लें और उसके बाद न्याय पंचायत स्तर पर कैम्प लगाकर सुनवाई करें और मामलों का निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने निर्विवाद वरासत के मामलों को प्राथमिकता के आधार निस्तारित कराने के निर्देश दिये। इसके लिए उन्होंने इस तरह सभी मामलों की निगरानी के लिए तहसीलवार एडीएम के माध्यम से कराने का निर्देश दिया। उन्होंने वरासत, आईजीआरएस और हैसियतनामा में लम्बित आवेदनों को प्रतिदिन अनुश्रवण करते हुए निस्तारण का निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिया।जिलाधिकारी ने सभी उप-जिलाधिकारियों को निर्देश दिया कि आईजीआरएस पोर्टल पर लम्बित मामलों को निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने ई-परवाना को ऑनलाइन जारी करने पर जोर दिया। समस्त उप-जिलाधिकारियों को सख्त निर्देश दिया कि सभी भू-माफियाओं को चिन्हित कर कार्यवाही सुनिश्चित किया जाये। जिलाधिकारी ने चकबंदी के अधिकारियों को चकबंदी न्यायालय के मामलों को गम्भीरता से लेते हुए निस्तारित कराने का निर्देश दिया। कहा कि अधिकारी अपनी ज़िम्मेदारी समझें अन्यथा कार्रवाई के लिए तैयार रहें।इसी प्रकार जिलाधिकारी ने एंटी भू माफिया, राजस्व संहिता के अविवादित वरासत, अविवादित दाखिल खारिज, क्रॉप कटिंग, ऑनलाइन भूमि बंधक, मत्स्य पालन के पट्टों का आवंटन, सीलिंग की जमीन, आवासीय भूमि, कृषि भूमि, वृक्षारोपण आदि का आवंटन, चकमार्ग तथा सार्वजनिक उपयोग की भूमि व तालाब पोखरों आदि से हटाये गये अतिक्रमण एवं अवैध कब्जे पर विस्तार से चर्चा किया।जिलाधिकारी ने आई0जी0आर0एस0 के अन्तर्गत प्राप्त शिकायतों का निस्तारण, रिट याचिकायें, खतौनी अंश निर्धारण की कार्यवाही, खसरा, स्वामित्व योजना, रोस्टर के अनुसार खतौनियों का दाखिला जैसे कार्यों पर अब तक किये गये कार्यों की प्रगति को बढ़ाने के निर्देश दिये।बैठक में एडीएम वित्त एवं राजस्व वंदिता श्रीवास्तव, एडीएम सिटी आलोक वर्मा, एडीएम प्रशासन बिपिन कुमार, सभी एसडीएम, तहसीलदार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार समीक्षा बैठक अधीनस्थों संग लेते हुए

# महिला अध्ययन केन्द्र द्वारा ग्रामीण महिलाओं हेतु गांव में योग कार्यशाला किया आयोजित

**तरुणमित्र न्यूज**

**वाराणसी।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर महिला अध्ययन केंद्र, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ द्वारा एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य विषय पर केंद्रित योग कार्यशाला का आयोजन बुधवार को चित्रसेनपुर एवं बच्छाव गांव में किया गया।

चित्रसेनपुर में आयोजित कार्यशाला में 30 ग्रामीण महिलाएं एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता शामिल हुईं। कार्यशाला का संयोजन प्रो वंदना सिन्हा, संचालन दिशा एवं प्रज्ञा और मार्गदर्शन डा. अंजना वर्मा एवं डा. भारती कुरील ने किया। योग प्रशिक्षण (ताडासन, ट्रिपोज उत्थान मंडूकासन कटिचक्रासन, पादहस्तासन, हस्तुत्तनसान, अर्धचक्रासन, त्रिकोणासन, वक्रासन, वज्रासन त् पश्चिमोत्तानासन प्राणायाम चंद्रभेदी प्राणायाम अनुलोम विलोम भस्त्रिका भ्रामरी कपालभाति शांति पाठ) दिशा सिंह और प्रज्ञा द्वारा दिया गया। बच्छाव गांव में आयोजित कार्यशाला में लगभग 75 ग्रामीण महिलायें, आंगनवाडी कार्यकर्ता, बालिकाएं सम्मिलित हुईं। कार्यशाला में योग प्रशिक्षिका अस्मिता ने दिया। कार्यक्रम की संयोजिका महिला अध्ययन केन्द्र की समन्वयक प्रो. वन्दना सिन्हा, सह संयोजिका प्रो अमिता सिंह, सदस्य महिला अध्ययन केन्द्र रहीं। योग प्रशिक्षण में प्रमुख रूप से- ताडासन, मंडूकासन, कटिचक्रासन, पादहस्तासन, वक्रासन, त्रिकोणासन, प्राणायाम, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी, कपालभाति, शान्ति पाठ इत्यादि योग आसन का अभ्यास योग प्रशिक्षिका अस्मिता ने कराया।

## यूट्यूबर शुभंकर मिश्रा के खिलाफ मुकदमे दर्ज करने की मांग

**मछलीशहर।** बुधवार को समाजवादी पार्टी मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड जौनपुर के प्रमुख जिला महासचिव अजहर रहमान समाजवादी के नेतृत्व में मछली शहर की क्षेत्राधिकारी को सपा कार्यकर्ताओं ने यूट्यूबर शुभंकर मिश्रा के खिलाफ मुलायम सिंह यादव के बारे में द्वेषपूर्ण और सौहार्द बिगड़ने वाली झूठी अफवाह फैलाने के सम्बन्ध में पत्रक सौंपा और सपा नेता अजहर रहमान ने कहा कि शुभंकर मिश्रा ने जान बूझ कर कहा कि अयोध्या राम मंदिर बाबरी मस्जिद विवाद में नेता के ऊपर गोली चलवाने का आरोप लगाया, जिससे लोगों को भावना आहत हुई है,उन्होंने क्षेत्राधिकारी से शुभंकर मिश्रा के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग किया, इस अवसर पर अनिल यादव राष्ट्रीय सचिव लोहिया वाहिनी, अवधेश यादव जिला सचिव मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड जौनपुर, धीरज गुप्ता, अनुभव यादव विधान सभा अध्यक्ष मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड मछली शहर, मेराज खान विधान सभा उपाध्यक्ष, शुभम कुमार विधान सभा उपाध्यक्ष, सुनील सरोज, सूरज पाल, रतिपाल सरोज आदि मौजूद रहे।

## आम तोड़ने को लेकर हुआ विवाद, चार के खिलाफ मुकदमा

**मछलशहर।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के मुजार गांव में आम तोड़ने को लेकर विवाद हो गया। कोतवाली पुलिस चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल में जुट गई है। उक्त गांव निवासी नन्हे खान ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोप लगाया कि वह मंगलवार देर सांय वह घर के बगल स्थित आम के पेड़ से आम तोड़ रहे थे। इसी दौरान गांव के ही खुर्शीद मौके पर पहुंच गए। उनसे मेरी आम को तोड़ने को लेकर कहा सुनी हो रही थी। तभी उनके छोटे पुत्र नसीम, उनकी पत्नी बेबी, छोटे भाई की पत्नी रेहाना मौके पर आ गई। बहस के दौरान मौके पर पहुंचे उन लोगों ने लाठी डंडे से पिटाई कर दी। मुझे मां बहन की भद्दी भद्दी गालियां दी। दुबारा यहां दिखाई देने पर जान से मारने की धमकी दी। किसी तरह बचकर मै वहां से भागकर कोतवाली पहुंचा और कोतवाली में तहरीर दी। मामले बाबत प्रभारी निरीक्षक विनीत रॉय ने बताया चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

## अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बरसठी।** पुलिस अधीक्षक डॉक्टर कौस्तुभ के आदेशानुसार बरसठी प्रभारी निरीक्षक राजेश यादव उपनिरीक्षक जितेंद्र सिंह हेड पवित्र भूषण तिवारी कांस्टेबल संदीप कुमार पटेल पुलिस टीम द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिग संदिग्ध वाहन व संन्दिग्ध व्यक्ति, तलाश वांछित अपराधी में ग्राम बारीगांव बाजार में मौजूद थे कि मुखबिर खास की सूचना पर मजारिया हिस्ट्रीशीटर/लुटेरा सूरज गौतम पुत्र नामवर गौतम निवासी ग्राम महुआरी थाना बरसठी जनपद जौनपुर को नहर पुल बारीगाँव के पास गिरफ्तार किया गया। जिसके पास से एक रिवाल्वर देशी नजायज 32 बोर व एक मोबाइल बरामद हुआ। उक्त बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 106/2025 धारा-3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त उपरोक्त का चालान कर संबंधित न्यायालय में भेज दिया।

## युवक ने खाया सल्फास, हालत गम्भीर

**खेतासराय।** एक युवक किसी बात से इतना खिन्न हो गया की उसने मौत को गले लगाना ही बेहतर समझा। मगर शायद किस्मत युवक पर मेहरबान थी और उसकी जान बच गयी। जानकारी के अनुसार खेतासराय थाना क्षेत्र के राजापुर गोरारी निवासी 20 वर्षीय सचिन प्रजापति पुत्र लाल चंद प्रजापति जो दिल्ली में रहकर वायरिंग का काम करता था। बुधवार की सुबह ही वह दिल्ली से कमाकर कर अपने गाँव गोरारी आया था। अभी उसे आये हुए कुछ घण्टे ही बीते थे।की उसने घर मे रखा सल्फास खा लिया। हालत बिगड़ने पर जब परिजनों को पता चला तो आनन फानन में उपचार हेतू शाहगंज सामुदायिक स्वास्थ केंद्र लाये जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतू जिला अस्पताल भेज दिया। युवक द्वारा खाये गए सल्फास के कारणों का खबर लिखे जाने पता नही चल सका था।

## परमहंस आश्रम पर रामचरितमानस पाठ व विशाल भंडारे का आयोजन

**रामपुर।** रामपुर क्षेत्र के नेवादा (भानापुर) पर स्थित श्री परमहंस आश्रम पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री गुदरिया स्वामी की 27 वीं पुण्यतिथि के पावन अवसर पर 19 जून को श्री रामचरितमानस पाठ व 20 जून को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। ग्राम प्रधान भानापुर निरंजन उपाध्याय ने बताया कि श्री गुदरियां स्वामी की समाधि स्थल होने के कारण हर वर्ष उनकी पुण्यतिथि मनाई जाती है। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मनाया जा रहा है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि अधिक से अधिक लोग कार्यक्रम में सम्मिलित होकर श्री रामचरितमानस पाठ को सुने तथा भण्डारे में प्रसाद ग्रहण करें।

# विक्षिप्त युवक का कुएं में मिला शव, महिला की करंट से मौत

**तरुणमित्र न्यूज**

**सुजानगंज।** क्षेत्र में सप्ताह पूर्व से लापता गोविंद पांडे 26 पुत्र अजय पांडे निवासी /लेवा/सर्वेमऊ का शव लेवा गांव के शत्ती मांता मंदिर के पास बने कुएं में मिला। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार देर शाम कुछ चरवाहे मंदिर के बगल मवेशियों को चरा रहे थे कुएं के पास जाने पर बदबू आई चरवाहे कुएं में झांका तो कुएं में एक शव दिखाई पड़ा जो गांव में धीरे-धीरे चर्चा करने पर बात फैल गई और इसकी सूचना पुलिस को दी गई।

मौके पर पहुंच कर पुलिस काफी मुश्किल के बाद फायर बिग्रेड के सहयोग से रात लगभग 11:00 बजे शव बाहर निकालने में सफलता पाई। पुलिस शव को कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। युवक मानसिक रूपसे अस्वस्थ चल रहा था। जिसका इलाज भी चल रहा था। इसी क्रम में सर्वेमऊ ग्राम सभा निवासी सावित्री देवी 75 वर्ष पत्नी माताफेर आज भोर लगभग चार बजे के करीब टेबल फैन को खिसका रही थी कि विद्युत करंट की चपेट में आ गई जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई इनके तीन लड़के हैं जो अहमदाबाद, सूरत, कोलकाता में रहते हैं।

मृतक गोविन्द पांडे

मृतक सावित्री देवी

# स्वर्ण व्यवसायी को मिल रही जान से मारने की धमकी

**तरुणमित्र न्यूज**

**केराकत।** नगर के गोलावार्ड निवासी स्वर्ण व्यवसायी श्रेय गुप्ता ने दो व्यक्तियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। युवक का कहना है कि मृत्युंजय विश्वकर्मा और प्रदीप यादव नामक व्यक्तियों ने उसके खिलाफ 59 लाख की झूठी राशि का दावा कर पुलिस को गुमराह किया है, जबकि वास्तव में लेन-देन मात्र 17 से 17.5 लाख का ही था।

पीड़ित के अनुसार, 11 जून की रात करीब 10बजे, प्रदीप यादव ने मोबाइल पर कॉल करके उसे व उसके परिवार को जान से मारने और दुकान लूटने की धमकी दी। कॉल के दौरान गाली-गलौज और धमकियां दी गईं। पीड़ित ने बताया कि इससे पहले जनवरी माह में भी मृत्युंजय द्वारा फोन पर धमकाया गया था, जिसमें उसने खुद को मुन्ना सिंह बताया था। वही पूर्व में मुकदमे का मुख्य अभियुक्त मृत्युंजय विश्वकर्मा ने स्वर्ण व्यवसायी पर एक बड़ी रकम की जालसजी का आरोप लगा चूका है। इस मामले में पुलिस काफी परेशान रही। श्रेय गुप्ता ने आरोप लगाया कि यह सब उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित करने और झूठे मुकदमे में फंसाने की साजिश के तहत किया जा रहा है। उसने थाना प्रभारी से लिखित शिकायत कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है और संबंधित मोबाइल नंबरों की कॉल डिटेल्स भी खंगाली जा रही हैं।

## चार लोगों का शांति भंग की आशंका में चालान

**खेतासराय।** शांतिभंग करने वाले चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों का शांतिभंग की धाराओं में चालान कर दिया है। बुधवार को खेतासराय पुलिस को सूचना मिली कि कुछ लोग लड़ाई झगड़ा कर शांतिभंग करने का प्रयास कर रहे हैं। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने चार आरोपियों को दबोच लिया। स्थानीय पुलिस ने अलग-अलग जगहों पर विवाद कर रहे चार लोगों का शांति भंग की आशंका में चालान किया है। थाना क्षेत्र के शाहपुर और ग्राम अमरेथुआ में दो पक्षों में कहासुनी और आपस मे झगड़ रहे थे। खबर लगते ही थानाध्यक्ष रामाश्रय राय ने उप निरीक्षक अनिल कुमार सिंह,उप निरीक्षक विद्यासागर सिंह को पुलिस बल के साथ मौके पर भेजा। पुलिस ने दोनों पक्ष से चार लोगों को हिरासत में लेकर थाने ले आई। शाहपुर गाँव निवासी सत्यम बिन्द पुत्र राजेन्द्र बिन्द व शनि बिन्द पुत्र कुन्दन बिन्द को गिरफ्तार कर लिया। वहीं अमरेथुआ गांव में हुए आपसी विवाद में पुलिस ने विकास राजभर पुत्र विजय प्रकाश राजभर व आदित्य राजभर पुत्र शम्भू राजभर को गिरफ्तार कर लिया। बाद में सभी का शांति भंग की आशंका में चालान कर दिया गया।

## रेलवे फाटक के पास मिला अधेड़ का शव

**खेतासराय।** शाहगंज कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत आजाद रेलवे फाटक समीप बीती रात एक साइकिल सवार अज्ञात अधेड व्यक्ति को बेहोशी की हालत मे पडा देख राहगीरों ने पुलिस को सूचना दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने अधेड व्यक्ति को इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। क्षेत्र के आजाद रेलवे फाटक समीप सड़क के किनारे मंगलवार की रात तकरीबन आठ बजे एक 58 वर्षीय अज्ञात अधेड़ व्यक्ति बेहोशी की हालत में पडा देख राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी सूचना पर पहुंची पुलिस ने उपचार के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने इलाज के दौरान मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक लिखा-पढ़ी करते हुए पोस्ट मार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया। पुलिस शव की शिनाख्त कराने मे जुटी हुई है।

# 11 वर्षों की उपलब्धि पर भाजपा जनप्रतिनिधियों ने आयोजित किया जनचौपाल

**सरायख्वाजा।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्षों की पूर्णता के उपलक्ष्य में बुधवार को करंजाकला ब्लाक के ग्राम पंचायत त्रिलोचनपुर में जनचौपाल का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि द्वारा जनचौपाल सरकार के उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा पुर्व विधायक सुरेन्द्र प्रताप सिंह ने भाग लिया और केंद्र सरकार के सफलतम 11 वर्षों की जनहितकारी उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने वैश्विक पटल पर एक नई पहचान बनाई है। केंद्र व राज्य की डबल इंजन की सरकार ने गरीब, किसान, महिला, युवा और व्यापारी वर्ग के लिए अनेकों योजनाएं चलाकर सीधे लाभ पहुंचाने का कार्य किया है। इस अवसर पर राज्य मंत्री प्रतिनिधि अजय सिंह, भाजपा नेता व खुटहन ब्लाक प्रमुख बृजेश यादव, करंजाकला ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि सुनील यादव, मुख्य वक्ता विपिन त्रिवेदी, धर्मेंद्र कुमार मिश्रा, अतुल सिंह अनुज भाजपा नेता, बलवंत सिंह, अमित श्रीवास्तव समेत अन्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करंजाकला मंडल अध्यक्ष प्रशांत सिंह दीपक ने की, जन चौपाल में पार्टी की आगामी रणनीतियों और योजनाओं के सफल क्रियान्वयन पर भी चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं से आह्वान किया गया कि वे जन-जन तक सरकार की उपलब्धियां पहुंचाएं और लोकसभा चुनाव 2024 की तरह आगामी चुनावों में भी प्रचंड बहुमत दिलाएं कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष प्रशांत सिंह दीपक ने किया। इस दौरान वरिष्ठ नेता लौटूराम बिंद, धनई राम मौर्य,राम शिरोमणि उपाध्याय, बिनोद उपाध्याय, पारसनाथ, हीरामनी योगेन्द्र कुमार, सौरभ सिंह, अखिलेश यादव, बेचू राम, श्याम बहादुर यादव, रहमनुउद्दीन, अरविन्द कुमार, क्षेत्र पंचायत सदस्य पूजा त्रिपुरारी, अतुल सिंह अनुज, राहुल विश्वकर्मा समेत अन्य लोग मौजूद रहे।कार्यक्रम का संचालन अमित श्रीवास्तव ने किया।

**अदालती नोटिस**

हेतु संदर्शित करने की सूचना (साधारण प्रारूप) न्यायालय पंचम अपर सिविल जज (जू0डि0), जिला वाराणसी, वाद सं0 2722 सन् 2023 ई0 अजय कुमार सिंह बनाम दयाशंकर सिंह बनाम-1.दयाशंकर सिंह पुत्र देवी शरण सिंह निवासी ग्राम हसनपुर परगना पन्द्रह तहसील पिण्डरा, जिला वाराणसी। चूंकि उपरिनामांकित ने इस न्यायालय में यह आवेदन दिया है कि अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप आवेदन कि खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए 2025 के 07 माह के 22 दिवस को 10 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यक् रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एकपक्षीय रूप से सुना जायेगा और आधारित किया जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक 24.05.2025 के दिवस को निकाली गई। आज्ञा से-न्यायालय

**अदालती नोटिस**

सम्मन बगरज एनफैसाल मुकदमा आर्डर 5 कायदा 1 व 5 बअदालत सिविल जज (जू0डि0) न्यायालय सं0-6, वाराणसी, बमुकदमा नम्बर 2530 सन् 2024 ई0 रामचन्द्र यादव बनाम कैलाश यादव वगै0 बनाम-1.कैलाश यादव 2.धर्मराज यादव 3.राधेश्याम यादव 4.राजेन्द्रर 5.रामआधार यादव पुत्र स्व0 वंशु यादव निवासी मौजा सुरही परगना कोलअसला तहसील पिण्ड्रा जिला वाराणसी। बावजह हो कि आपके नाम एकनालिष बाबत दाखिल हुआ है लिहाजा आपको लाजिम है कि खुद या बजरिये अधिवक्ता हाजिर होकर जो कुछ उज्र हो आज तारीख 19 माह 08 सन् 2025 ई0 ववक्त 10 बजे बमुकदमा अदालतन या बजरिये अधिवक्ता अदालत हाजा में हाजिर होकर मुकदमें की पैरवी करे वरना आपके खिलाफ एक तरफा हुक्म सादिर कर दिया जायेगा। वसीका मेरे हस्ताक्षर और मोहर अदालत से आज दिनांक 30 माह 05 सन् 2025 ई0 को जारी किया गया। आज्ञा से-न्यायालय

**अदालती नोटिस**

न्यायालय अपर जिलाधिकारी (नगर)/किराया प्राधिकरण (नगर),वाराणसी, किराया प्राधिकरण वाराणसी के समक्ष आवेदन संख्या 1510 वर्ष 2025 आवेदक/भूस्वामी.......सत्य प्रकाश अग्रवाल बनाम विरोधी पक्षकार/किरायेदार......इन्दू भूषण जैन के मामले में कारण बताओ नोटिस इन्दू भूषण जैन पुत्र स्व0 प्यारे लाल जैन निवासी मं.नं. सी. 21/4 जी. मलदहियां शहर वाराणसी के विरूद्ध नोटिस चूंकि ऊपर अभिहित आवेदक जो अपने को भूस्वामी अभिकथित करता है ने उत्तर प्रदेश नगरीय परिसर किरायेदारी विनियमन अध्यादेश 2021 की धारा 21(2)/22 के अधीन अनुसूची-क में विवरणित परिसर के सम्बन्ध में एक आवेदन प्रस्तुत किया गया है। सूचना दी जाती है कि उपर्युक्त आवेदन मे दिनांक 02.07.2025 को 10.30 बजे अपराहन/पूर्वाहन का समय कार्यालय किराया प्राधिकारी (नगर)/न्यायालय अपर जिलाधिकारी (नगर),कलेक्ट्रेट के समक्ष नियत किया गया है, अतएवं उपर्युक्त दिनांक को कारण बताने के लिये कि क्यों न उपर्युक्त आवेदन स्वीकार किया जाय, आप स्वंय या अपने प्राधिकृत व्यक्ति या कांउसिल के माध्यम से उपस्थित हो। आप या आपके प्राधिकृत व्यक्ति या कांउसिल के उक्त दिनांक और समय पर कारण बताने के लिये उपस्थित न होने की दशा में आवेदन पर आपकी अनुपस्थिति में विनिश्चय किया जायेगा जिसे कृपया ध्यान दे। आज दिनांक 09.06.2025 को मेरे हस्ताक्षर और मुहर से दी गयी। अनुसूची-क परिसर का विवरण मकान नम्बर सी. 21/4 जी मुहल्ला. मलदहियां शहर वाराणसी के भूतल में स्थित किता गोदाम जिसकी चतुर्दिक सीमाएं निम्नलिखित है पूरब-गोदाम बकब्जे भवन स्वामी स्थित मं नं सी. 21/4 जी. पश्चिम-मकान भवन स्वामी. उत्तर-व्यक्तिगत अक्ष्छादित पैसेज वास्ते दुकानदार किरायेदार अल्कारानी दक्षिण-व्यक्तिगत पैसेज भवन स्वामी।

**अदालती नोटिस**

न्यायालय अपर जिलाधिकारी (नगर)/किराया प्राधिकरण (नगर),वाराणसी, किराया प्राधिकरण वाराणसी के समक्ष आवेदन संख्या 1512 वर्ष 2025 आवेदक/भूस्वामी.......सत्य प्रकाश अग्रवाल बनाम विरोधी पक्षकार/किरायेदार......गणेश दत्त बाजपेयी के मामले में कारण बताओ नोटिस गणेश दत्त बाजपेयी पुत्र स्व0 के. एस. बाजपेयी निवासी मं.नं. सी. 21/4 एफ. मलदहियां शहर वाराणसी के विरूद्ध नोटिस चूंकि ऊपर अभिहित आवेदक जो अपने को भूस्वामी अभिकथित करता है ने उत्तर प्रदेश नगरीय परिसर किरायेदारी विनियमन अध्यादेश 2021 की धारा 21(2)/22 के अधीन अनुसूची-क में विवरणित परिसर के सम्बन्ध में एक आवेदन प्रस्तुत किया गया है। सूचना दी जाती है कि उपर्युक्त आवेदन मे दिनांक 02.07.2025 को 10.30 बजे अपराहन/पूर्वाहन का समय कार्यालय किराया प्राधिकारी (नगर)/न्यायालय अपर जिलाधिकारी (नगर),कलेक्ट्रेट के समक्ष नियत किया गया है, अतएवं उपर्युक्त दिनांक को कारण बताने के लिये कि क्यों न उपर्युक्त आवेदन स्वीकार किया जाय, आप स्वंय या अपने प्राधिकृत व्यक्ति या कांउसिल के माध्यम से उपस्थित हो। आप या आपके प्राधिकृत व्यक्ति या कांउसिल के उक्त दिनांक और समय पर कारण बताने के लिये उपस्थित न होने की दशा में आवेदन पर आपकी अनुपस्थिति में विनिश्चय किया जायेगा जिसे कृपया ध्यान दे। आज दिनांक 09.06.2025 को मेरे हस्ताक्षर और मुहर से दी गयी। अनुसूची-क परिसर का विवरण मकान नम्बर सी. 21/4एफ. मलदहियां शहर वाराणसी के भूतल में स्थित किता दुकान जिसकी चतुर्दिक सीमाएं निम्नलिखित है पूरब-जुज हिस्सा भवन संख्या सी. 21/4 एफ.बकब्जें भवन स्वामी पश्चिम-कामन पैसेज भवन संख्या सी. 21/4 एफ. व सी. 21/4 एच. उत्तर-किरायेदार अल्कारानी दक्षिण-भवन संख्या सी. 21/4 जी. भवन स्वामी।

**सूचना:**- सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं पहले अपना नाम VIDHA DEVI लिखती थी। वर्तमान में अपना नाम परिवर्तन कर VIDYA DEVI लिखने लगी हूं। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाय। VIDYA DEVI W/O PARASNATH ग्राम व पोस्ट अरन्द, तहसील शाहगंज, ज़िला जौनपुर उ.प्र.

**सूचना:**- सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं पहले अपना नाम PARASNATH लिखता था। वर्तमान में अपना नाम परिवर्तन कर PARAS-NATH BHARDWAJ लिखने लगा हूं। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाय।

-PARASNATH BHARDWAJ S/o GANAI RAM ग्राम व पोस्ट अरन्द, तहसील शाहगंज, ज़िला जौनपुर उ.प्र.

**सूचना:**- सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं पहले अपना नाम MUHD. ZISHAN लिखता था। वर्तमान में अपना नाम MO. ZISHAN लिखने लगा हूं। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाय।

-MO. ZISHAN s/o MUHD ASLAM ग्राम कौड़िया, तहसील शाहगंज, ज़िला जौनपुर उ.प्र.

**सूचना:**- सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं पहले अपना नाम MOHAMMAD AMANULLAH लिखता था। वर्तमान में अपना नाम परिवर्तित कर MO. AMANULLAH लिखने लगा हूं। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाय।

-MO. AMANULLAH S/O MOHAMMAD ISHTIYAQ AHMAD ग्राम व पोस्ट चितारा महमूदपुर, थाना दीदारगंज, तहसील मार्टिनगंज, ज़िला आज़मगढ़ उ.प्र.

# जिलाधिकारी ने की जनपद स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

- विद्यालयों के आसपास की शराब की दुकानों का चिन्हित कर हटाने के दिए निर्देश
- शिक्षा विभाग नशा मुक्ति से संबंधित स्लोगन राइटिंग कर चलाए जागरूकता कार्यक्रम
- जून में सड़क दुर्घटनाओं में 53.1 व मृतकों की संख्या में 14.85 प्रतिशत की वृद्धि

कलेक्ट्रेट सभागार में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक लेते डीएम प्रवीण मिश्र।

तरुणमित्र न्यूज

मऊ। जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने एन-कार्ड पर चर्चा कर समस्त शराब की दुकानों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा नशा मुक्ति से संबंधित स्लोगन कराने एवं जागरूकता कार्यक्रम कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देश दिए की जनपद के समस्त स्कूलों के आसपास शराब की दुकानों का चिन्हीकरण कराते हुए जल्द से जल्द शराब की दुकानों को हटवा दे। सड़क सुरक्षा समिति की बैठक के दौरान अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी ने बताया कि सड़क दुर्घटना में माह जून 2024 के सापेक्ष माह जून 2025 में सड़क दुर्घटनाओं में 53.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई है तथा सड़क दुर्घटनाओं में मृतकों की संख्या में 14.85 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। बैठक के दौरान परिवहन विभाग को आवंटित इंटरसेप्टर वाहन में स्पीडोमीटर एवं वृत्त एनालाइजर मशीन न होने पर जिलाधिकारी द्वारा मुख्याल डिमांड भेजने के निर्देश दिए।

बैठक के दौरान यातायात पुलिस द्वारा माह मई 2025 में ओवर स्पीड में 21 चालान तथा नशे की हालत में वाहन चलाने वालों के विरुद्ध 08 लोगों का चालान किया गया। जनपद से गुजरने वाली एन.एच- 24 पर अवैध कट बने होने पर स्थानीय लोगों द्वारा रोके जाने के बावजूद भी नहीं मानने पर जिलाधिकारी ने एन.एच.आई. के अधिकारी को उप जिलाधिकारी एवं क्षेत्राधिकारी से सहयोग लेते हुए जागरूकता कार्यक्रम चलाने के निर्देश दिए। इसमें परिवहन विभाग से भी सामान्य स्थापित करते हुए जागरूकता कार्यक्रम चलाने को कहा। जिलाधिकारी द्वारा सभी संबंधित अधिकारियों को बिना हेलमेट के दो पहिया एवं बिना सीट बेल्ट के वाहन चालक के खिलाफ चालान करने के भी निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक इलमारन जी, समस्त उप जिलाधिकारी समस्त क्षेत्राधिकार जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## रानीपुर थाना क्षेत्र में चेकिंग के दौरान 60 वाहनों का हुआ चालान

तरुणमित्र न्यूज

मऊ। पुलिस अधीक्षक इलामारन जी के निर्देश पर रानीपुर थाना क्षेत्र में बुधवार को यातायात सुरक्षा अभियान चलाया गया।

अभियान का नेतृत्व थाना प्रभारी राजीव सिंह द्वारा की गयी जहां पुलिस टीम आने जाने वाले वाहनों की गहनता से जांच की गयी। टीम में काझा चौकी प्रभारी आशुतोष मिश्रा और खुरहट चौकी प्रभारी संजय शुक्ला शामिल थे। अभियान के दौरान पुलिस ने 60 वाहनों का चालान किया साथ ही 2 गाड़ियां सीज की गईं। तीन सवारी ले जाने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई की गई। बिना हेलमेट और बिना सीट बेल्ट चलाने वालों के भी चालान काटे गए। पुलिस ने चालान के साथ लोगों को यातायात सुरक्षा के टिप्स भी दिए। थाना प्रभारी राजीव सिंह ने कहा कि लोगों की सुरक्षा सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने नागरिकों से हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग करने की अपील की है।

## प्रचार वाहन को झंडी दिखाकर सीडीओ ने किया रवाना

तरुणमित्र न्यूज

प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाते सीडीओ प्रशांत नागर।

मऊ। पी एम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अन्तर्गत विकास भवन परिसर से मुख्य विकास अधिकारी द्वारा योजना के प्रचार प्रसार हेतु प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर बुधवार को रवाना किया गया। उन्होंने बताया कि प्रचार वाहन का मुख्य उद्देश्य गांव-गांव जाकर इस योजना का प्रचार प्रसार करते हुए लाभार्थियों का आवेदन कराना और सोलर रूफ टाप स्थापित कराना है। प्रचार वाहन सभी नगर निकाय, सभी विकास खण्डों को आच्छादित करेगी। एग्री स्टारेक्स बिजनेस वर्ल्ड प्रा.लिमिटेड मुनीब कुमार द्वारा स्वयं के व्यय से उक्त जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। उक्त अवसर पर परियोजना अधिकारी नेडा अरविंद कुमार पाण्डेय उपस्थित रहे।

## बारजा के मलवे में दबकर मासूम घायल

तरुणमित्र न्यूज

मर्यादपुर/बेलौली (मऊ)। मधुबन थाना क्षेत्र के गंगऊपुर में बुधवार की सुबह दस बजे हल्की बारिश में बारजा गिरने से नीचे खेल रहा एक चार वर्षीय मासूम गम्भीर रूप से घायल हो गया। आनन फानन में परिजनों द्वारा ईलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतहपुर मंडाव में भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार डब्लू कि चार वर्षीय पुत्र मोनू घर के बाहर खेल रहा था उसी दौरान हल्की बारिश शुरू होगई जिस के वजह मोनु अपने ही मकान के बरजे के नीचे छुपा गया।

अचानक बरजा भरभरा कर गिर गया जिसमें दब कर मोनु गम्भीर रूप से घायल हो गया। आनन फानन में परिजनों द्वारा मोनु को ईलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतहपुर मंडाव में भर्ती कराया गया। जहां मोनु कि स्थिति को गम्भीर देख चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल के लिये रेफर कर दिया।

## पुरानी रंजिश में दबंगों ने बंद कमरे में युवक की पिटाई की

- पुलिस ने घायल युवक को स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया, रेफर
- पीड़ित पक्ष ने आधा दर्जन से अधिक के विरूद्ध दी तहरीर

तरुणमित्र न्यूज

मधुबन (मऊ)। रामपुर थाना क्षेत्र के रसूलपुर आदमपुर उर्फ रामपुर में मंगलवार की शाम पूर्व से चल रहे किसी रंजिश को लेकर दबंगों ने एक युवक को कमरे में बंद कर लाठी डंडा से पिटाई कर बुरी तरह से घायल कर दिया। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची डायल 112 नंबर पुलिस ने बेहोशी के हालत में घायल युवक को बंद कमरे से बाहर निकाला व ईलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतहपुर मंडाव में भर्ती कराया। मिली जानकारी के अनुसार अरविंद पुत्र रामाशीष का उसके ही गांव के प्रताप यादव पुत्र दुर्गा यादव के साथ किसी बात को लेकर लगभग एक माह पूर्व विवाद हो गया था। मामला जब रामपुर थाना पहुंचा तो दोनो पक्षों में सुलह समझौता हो कर शांत हो गया था। इधर किसी बात को लेकर मंगलवार की शाम ट्यूवेल पर जाते समय अरविंद को प्रताप यादव पुत्र दुर्गा यादव, दुर्गा यादव पुत्र रामकुंवर, महेंद्र यादव उर्फ मल्लु पुत्र जयराम, मनीष यादव उर्फ महेंद्र, मनोज यादव पुत्र महेंद्र, अविनाश यादव पुत्र लालबहादुर, प्रधुम्न यादव पुत्र रामकुंवर, आदित्या यादव पुत्र चौधरी यादव, अंशु यादव पुत्र स्वामीनाथ व सुदामा यादव पुत्र पूजा ने उसे पकड़ कर एक कमरे में बंद कर लाठी डंडा से पिटाई कर बुरी तरह घायल कर दिये। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची 112 नंबर डायल पुलिस ने बंद कमरे से बेहोशी के हालत में अरविंद को बाहर निकाला व ईलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतहपुर मंडाव में भर्ती कराया। स्वास्थ्य केन्द्र के चिकित्सकों ने घायल अरविंद की हालत गंभीर देखते हुये उसे जिला अस्पताल के लिये रेफर कर दिया।

उधर आक्रोशित दर्जनों ग्रामीणों ने गांव के ही सुदामा यादव को रास्ते में जाते समय पकड़ कर लात-घूसा से मारकर बुरी तरह घायल कर दिये। समाचार लिखे जाने तक पीड़ित पक्ष की ओर से रामपुर थाने में तहरीर देकर कार्यवाही हेतु गुहार लगाया।

## संक्षिप्त समाचार

### यूनियन बैंक ने क्लेम के पैसे से लोन किया खत्म

तरुणमित्र न्यूज

दोहरीघाट (मऊ)। कस्बा स्थित यूनियन बैंक ने बुधवार को इंश्योरेंस कंपनी से क्लेम दिलवाकर लोन खत्म कर दिया। लोन खत्म होने पर परिजनों में खुशी छाई गई और बैंक कर्मियों का आभार प्रकट किया। ब्लॉक क्षेत्र के बुढ़ावर निवासी शीतपाल उर्फ कल्लू के पिता स्व.समाजी पाल ने 10 फरवरी 2022 को यूनियन बैंक दोहरीघाट की शाखा से सात लाख रुपये लोन लिया था। इसके बाद समय-समय पर लोन की धनराशि भी जमा कर रहें थे। लगभग 173039 रुपये जमा कर दिए थे। लेकिन बीते 21 अप्रैल 2025 को उनका निधन हो गया।

वहीं 526971 रुपये बाकी रह गया था। पिता के निधन होने के बाद लोन को लेकर शीतपाल परेशान हो गया था। बैंक मैनेजर रवि से मुलाकात किया और उन्होंने क्लेम दिलाने का आश्वासन दिया। बैंक मैनेजर रवि ने बताया कि लोन करने के समय इंडिया फर्स्ट लाइफ इंश्योरेंस में सुरक्षा बीमा किया जाता है। जो लोन धारक के मृत्यु होने पर पूरा क्लेम देती हैं। वहीं कंपनी के एरिया मैनेजर परितोष राय ने स्व सामजीत पाल का छह हजार रुपये का बिमा किया गया था। मृत्यु के बाद नामित पुत्र शीत पाल के खाते में 20 दिन के अंदर क्लेम की धनराशि हस्तांतरण कर दी गई। जिससे बैंक का पूरा लोन जमा हो गया। वहीं पुत्र के खाते में शेष 9495 रुपये भी आ गए है। वहीं बैंक लोन खत्म होने की जानकारी मिलते ही परिजनों के चेहरे खिल गए।

### आटो में सवार चाची-भतीजे को युवकों ने पीटकर किया घायल

तरुणमित्र न्यूज

मर्यादपुर/बेलौली (मऊ)। मधुबन थाना क्षेत्र के बन्धनपुर निवासी एक युवक को बीते सोमवार को रामपुर थाना क्षेत्र के ढिलई फिरोजपुर बागीचे में ऑटो रोक कर मारने पिटने के मामले में रामपुर पुलिस ने घायल युवक की तहरीर पर एक नामजद व तीन अज्ञात युवकों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। घायल सचिन पुत्र लल्लन का आरोप है कि विते 16 जून को वह लगभग 11 बजे अपने चाची के साथ गांव से टेम्पू रिजर्व कर बलिया जनपद के अखोप चट्टी पर दवा लेने जा रहा था। ज्यों ही ऑटो रामपुर थाना क्षेत्र के ढिलई फिरोजपुर बागीचे में पहुंचा था कि गुरुम्हा निवासी दीपक पुत्र स्व दिलबहार व तीन अन्य लोग जो मुंह पर कपड़ा बाध कर सड़क पर आ गये और ऑटो को जबर्दस्ती कर रोकवा दिये। भद्दी-भद्दी गालियां देते हुए लात घुसा एवं कड़े से मारकर उसे गम्भीर रूप से घायल कर दिये। युवक की चाची दुर्गावती पत्नी रामभवन बीचबचाव करने पहुंची तो उनो भी लात घुसा से मारकर गम्भीर रूप से घायल कर दिये। जाते जाते जान से मारने की धमकी भी दिये। इस मामले में रामपुर पुलिस ने घायल युवक की तहरीर पर एक नामजद व तीन अज्ञात के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

## आपका एक यूनिट रक्त किसी की जिंदगी बचा सकता है: प्रशांत नागर

रक्तदान: महादान 22 जून को पुलिस लाइन में विशाल रक्तदान शिविर का होगा आयोजन

अपने कार्यालय से रक्तदान हेतु अपील करते सीडीओ प्रशांत नागर।

तरुणमित्र न्यूज़

मऊ। जनपद में स्वैच्छिक रक्तदान को प्रोत्साहित करने और जरूरतमंद मरीजों की सहायता हेतु 22 जून को पुलिस लाइन में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जायेगा। इस शिविर का आयोजन जनपद ब्लड बैंक के तत्वावधान में विभिन्न स्वयंसेवी संगठनों के सहयोग से किया जायेगा।

इस रक्तदान शिविर का उद्देश्य लोगों में नियमित रक्तदान की जागरूकता फैलाना और समाज में सेवा भावना को बढ़ावा देना है। मुख्य विकास अधिकारी प्रशांत नागर ने बुधवार को जारी विज्ञप्ति में कहा कि रक्तदान करने के इच्छुक सभी स्वस्थ्य नागरिकों से निवेदन है कि इस पुनीत कार्य में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें। उन्होंने कहा कि "रक्तदान" एक ऐसा महान कार्य है जो न केवल किसी ज़रूरतमंद को जीवनदान देता है, बल्कि समाज में आपसी सहयोग और संवेदनशीलता को भी मजबूत करता है।

मैं जनपद के सभी नागरिकों, युवा साथियों, सामाजिक संगठनों और स्वयंसेवकों से आग्रह करता हूँ कि इस शिविर में बढ़-चढ़कर भाग लें और दूसरों के जीवन को बचाने में अपनी भूमिका निभाएँ।" सभी सामाजिक संगठनों, युवाओं एवं आमजन से अपील है कि अधिक से अधिक संख्या में आकर रक्तदान कर इस मानवता की सेवा में सहभागी बनें। आपका एक यूनिट रक्त किसी की जिंदगी बचा सकता है।

## पीएम सूर्य घर मुक्त बिजली योजना की बैठक डीएम की अध्यक्षता में संपन्न

- धूप को मत जाने दो यूं ही बेकार, अब छत पर लगाओ सोलर का जुगाड़
- पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से हर महीने बचत की होगी बौछार

कैम्प कार्यालय पर योजना के संबंध में अधिकारियों संग बैठक करते डीएम प्रवीण मिश्र।

तरुणमित्र न्यूज

मऊ। जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र की अध्यक्षता में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के संबंध में समस्त वेंडरों के साथ बुधवार को कैंप कार्यालय पर बैठक संपन्न हुई।

बैठक के दौरान परियोजना अधिकारी नेडा अरविंद कुमार पाण्डेय ने बताया कि जनपद को कुल 11000 सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने का लक्ष्य शासन द्वारा प्राप्त है, जिसमें 19000 उपभोक्ताओं द्वारा आवेदन कराया गया हैं। जनपद में 400 उपभोक्ताओं के यहां सौर ऊर्जा संयंत्र लगवा दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि योजना के तहत एक किलोवाट के उपभोक्ता को 100 यूनिट, दो किलोवाट पर 200 यूनिट है, तथा तीन किलो वाट पर उपभोक्ता को 300 यूनिट बिजली फ्री मिलेगी। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का अधिक से अधिक लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए जनपद के समस्त कोटेदार एवं समस्त खंड विकास अधिकारियों, समस्त ग्राम पंचायत अधिकारियों तथा अधिशासी अधिकारी नगर पंचायतों को भी लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि जनपद में कुल 16 वेंडरों द्वारा सौर ऊर्जा संयंत्र लगाया जा रहा है।

जिलाधिकारी द्वारा समस्त वेंडरों को निर्देशित किया गया कि उपभोक्ताओं द्वारा किए गए आवेदनों पर वेंडर उपभोक्ता से बात करें और उसकी समस्याओं का निवारण करें। योजना में तेजी लाने के लिए मैनपॉवर बढ़ाने के निर्देश दिए जिससे अधिक से अधिक उपभोक्ताओं से बात करके उनको पीएम सूर्य घर मुक्त बिजली योजना की जानकारी दी जा सकें। डीएम ने लीड बैंक मैनेजर को निर्देश दिए कि बैंकों में पीएम सूर्य घर मुक्त बिजली योजना से संबंधित आवेदन लंबित है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित कराएं। अधिशासी अभियंता विद्युत को जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि वेंडरों से संबंधित विद्युत विभाग से जुड़ी समस्याओं का निदान तत्काल कराएं। जिलाधिकारी ने जनपद वासियों से अपील किया कि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना एक बेहतरीन योजना है इसका लाभ कोई व्यक्ति ले सकता है। धूप को मत जाने दो यूं ही बेकार, अब छत पर लगाओ सोलर का जुगाड़, हर महीने बचत की होगी बौछार।

बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी प्रशांत नागर, अपर जिलाधिकारी सत्यप्रिय सिंह, परियोजना अधिकारी नेडा अरविंद कुमार पाण्डेय, लीड बैंक मैनेजर सहित समस्त वेंडर उपस्थित रहे।

## आप कार्यकर्ताओं ने ऊर्जा मंत्री के खिलाफ कलेक्ट्रेट में किया प्रदर्शन

बिजली कटौती पर सिटी मजिस्ट्रेट के माध्यम से राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते आप नेता।

तरुणमित्र न्यूज

मऊ। आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को कलेक्ट्रेट पर पहुंचकर बिजली कटौती के विरोध में प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने ऊर्जा मंत्री एके शर्मा के खिलाफ नारेबाजी की और सिटी मजिस्ट्रेट के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भेजा।

आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष विक्रमजीत सिंह ने कहा कि भीषण गर्मी के मौसम में भी घंटों बिजली कटौती की जा रही है। उत्तर प्रदेश के कई जिलों में 10 से 12 घंटे तक बिजली कटौती हो रही है। इससे लोगों का दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है। बिजली कटौती से घरों में पानी की सप्लाई बाधित हो रही है। व्यावसायिक गतिविधियां भी प्रभावित हुई हैं। सिंह ने कहा कि प्राइवेट कंपनियों की मनमानी पर सरकार का रवैया उदासीन है। उन्होंने आरोप लगाया कि योगी आदित्यनाथ सरकार बुनियादी सुविधाओं पर ध्यान नहीं दे रही है। आम आदमी पार्टी ने राज्यपाल से बिजली कटौती की समस्या का समाधान करने की मांग की है।

## निःशुल्क खाद्यान्न का वितरण 20 जून से 10 जुलाई तक

तरुणमित्र न्यूज

मऊ। जिला पूर्ति अधिकारी विकास गौतम ने बुधवार को जारी विज्ञप्ति में बताया कि माह जुलाई 2025 के सापेक्ष होने वाले राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अन्तर्गत आच्छादित अन्त्योदय कार्डधारकों को प्रति कार्ड 14 किग्रा0 गेहूं तथा 21 किग्रा0 फोर्टिफाइड चांवल कुल (35 किग्रा0) खाद्यान्न तथा पात्र गृहस्थी योजना के राशनकार्ड धारकों ध् लाभार्थियों को 2.0 किग्रा0 गेहूं एवं 3.0 किग्रा0 फोर्टिफाइड चावल (कुल 05 किग्रा0) खाद्यान्न प्रति यूनिट निःशुल्क वितरित किया जायेगा।

अन्त्योदय कार्डधारकों को त्रैमास अप्रैल, मई व जून, 2025 के सापेक्ष 03 किग्रा0 चीनी प्रति कार्ड रु0 18៸- प्रति किग्रा0 की दर से रु0 54ध् में वितरण दिनांक 20 जून 2025 से 10 जुलाई 2025 के मध्य कराया जायेगा। समस्त संबंधित उचित दर विक्रेतागण अपने-अपने दुकान के उक्त आशय की सूचना, सूचना पट्ट पर प्रदर्शित करेंगे। जनपद के समस्त अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी लाभार्थी उक्त दिवस पर अपने उचित दर विक्रेता के यहां से उपरोक्तानुसार आवश्यक वस्तुएं प्राप्त कर सकते हैं।

## एसपी के आदेश पर आईटी एक्ट के तहत दो के खिलाफ मुकदमा

तरुणमित्र न्यूज

मऊ। मधुबन थाना क्षेत्र में 22 वर्षीय युवती के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वह घर पर स्नान कर रही थी कि उसी दौरान तिघरा निवासी एक युवक ने उसका वीडियो बना लिया। आरोपी ने वीडियो वायरल करने की धमकी देकर युवती के साथ दुष्कर्म किया। बाद में आरोपी के मित्र ने फोटो और वीडियो को वायरल कर दिया। पीड़िता की शिकायत पर आरोपियों ने उसे गाली और धमकी दी। पुलिस अधीक्षक को दिये गये प्रार्थना में पीड़िता ने बताया कि वह पहले मधुबन थाने में शिकायत दर्ज करने हेतु गयी जहां पर पुलिस द्वारा कार्रवाई न होने पर वह पुलिस अधीक्षक इलामारन से मिली। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर मधुबन पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

मधुबन थाने के प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार त्रिपाठी के अनुसार अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई कर रही है।

## डीआईजी ने जेटीसी/आरटीसी प्रशिक्षण का किया निरीक्षण

प्रशिक्षुओं से बातचीत कर मनोबल बढ़ाया

परिसर का निरीक्षण कर निर्देश देते डीआईजी सुनील कुमार सिंह।

तरुणमित्र न्यूज

मऊ। पुलिस उपमहानिरीक्षक आजमगढ़ परिक्षेत्र सुनील कुमार सिंह द्वारा बुधवार को मऊ पुलिस लाइन परिसर में जेटीसी/आरटीसी प्रशिक्षण के दृष्टिगत भ्रमण किया गया।

जिसमें बैरक की व्यवस्था, मेस की सुविधा, आउटडोर व इनडोर प्रशिक्षण स्थलों, लाइट, पंखा, स्वच्छ पेय जल का जायजा लिया गया। जहां पुलिस अधीक्षक इलामारन जी उपस्थित रहे। डीआईजी ने प्रशिक्षण को सूचारु, व्यवस्थित व प्रभावी ढंग से संचालित करने हेतु संबंधित अधिकारी / कर्मचारीगणों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले रिक्रूट आरक्षियों से वार्ता की और उनका मनोबल बढाया। विशेष रूप से स्वच्छता, पेयजल की उपलब्धता और अन्य मूलभुत सुविधाओं पर विशेष ध्यान देने के लिए कहा गया।

निरीक्षण के समय क्षेत्राधिकारी नगर अंजनी कुमार पाण्डेय, प्रतिसार निरीक्षक रमाकान्त पाण्डेय व अन्य अधिकारी /कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

संस्थापक सम्पादक- स्व. कैलाशनाथ

श्री विश्वकर्मा चैरिटेबल ट्रस्ट धरनीधरपुर, जौनपुर एवं तरुणमित्र मीडिया प्रा0लि0 द्वारा तरुणमित्र हि0दै0 के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक आदर्श कुमार* द्वारा मीडिया टेक्स्ट प्रा0लि0, रोहनिया जी0टी0 रोड, वाराणसी से मुद्रित एवं 631, उमरपुर हरिबन्धनपुर, जौनपुर से प्रकाशित।

आर.एन.आई पंजीयन सं. 353710/78 (मो0:- 9452984488)

फोनः-समाचार कक्ष-(05452) 358728, 05452-470147

E-mail : tarunjnp@rediffmail.com, tarunjaunpur@gmail.com

* इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा उत्पन्न समस्त विवाद जौनपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

मुख्यालयः- 47 धरनीधरपुर, जौनपुर (उ0प्र0)

जी.एच.के. हास्पिटल
(मल्टी स्पेशलिटी) पालीटेक्निक चौराहा निकट-लोहिया पार्क, जौनपुर
सुविधाएं:-
⇨ अल्ट्रासाउण्ड एवं कलर डापलर
⇨ इनफर्टिलिटी विशेषज्ञ
⇨ नार्मल एवं सीजर डिलीवरी
⇨ कैंसर से बचाव एवं टीकाकरण
⇨ काल्पोस्कोपी
⇨ हिस्ट्रोस्कोपी
⇨ जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जरी।

(इमरजेन्सी सेवा 24 घण्टे उपलब्ध)
Mob.: 9335382171
डा. अम्बर खान
एमबीबीएस डीजीओ इलाहाबाद (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्त्री रोग विशेषज्ञ
प्रत्येक दिन 10 से 4 बजे तक

रजि. नं. 49166 (U.P.)
हिमानी हॉस्पिटल
(अत्याधुनिक महिला चिकित्सा केन्द्र)

डा. शैली निगम
M.B.B.S.,M.D. (Obst & Gynae)
प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
गोल्ड मेडलिस्ट, के.जी.एम.सी., लखनऊ
हेल्पलाइन नं. 7800785686
भूतपूर्व सर्जनः गुरुतेग बहादुर अस्पताल एवं यूनिवर्सिटी कालेज ऑफ मेडिकल साइंसेज, दिल्ली • कस्तूरबा अस्पताल, दिल्ली

डा. आदित्य निगम
M.B.B.S.,M.S. (Ortho.)
हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ
ट्रामा, आर्थराइटिस एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जन
भूतपूर्व सर्जनः • डा. एल.एच. हीरानंदानी हॉस्पिटल, मुंबइ • ई.एस.आई. हॉस्पिटल, दिल्ली

डा. तुषार मोहन
जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन
(प्रतिमाह आखिरी रविवार को उपलब्ध)

सुविधायें
• गाइनी- अल्ट्रासाउण्ड
• सामान्य एवं अतिगंभीर गर्भावस्था • आधुनिक तकनीक से बच्चेदानी (छक्टभ)
• इन्फर्टिलिटी विशेषज्ञ एवं अन्य आपरेशन
• कैंसर से बचाव एवं टीकाकरण • कॉल्पोस्कोपी • हिस्ट्रोस्कोपी • लैप्रोस्कोपी

सुविधायें
• आर्थो • प्लास्टर
• ज्वाइंट एन्जेक्शन
• ट्रामा ज्वाइंट रिप्लेसमेंट एवं अन्य आपरेशन

पता - डा. मन मोहन श्रीवास्तव
सीनियर फिजीशियन एवं हृदय रोग विशेषज्ञ
48, जहांगीराबाद (बदलापुर रोड), जौनपुर-222002

परामर्श का समय प्रातः 10-2 बजे तक (रविवार अवकाश)
इमरजेन्सी परामर्श : प्रतिदिन 24 घण्टा
निःसंतान महिलाएं अवश्य मिलें

## समस्याओं के निस्तारण हेतु मातहतों को दिया निर्देश

# पुलिस उपमहानिरीक्षक ने किया निरीक्षण

**तरुणमित्र न्यूज**

**बलिया।** पुलिस उपमहानिरीक्षक आजमगढ़ परिक्षेत्र सुनील कुमार सिंह के बलिया में आगमन पर सर्वप्रथम पुलिस लाइन बलिया में सलामी गार्द द्वारा सलामी दी गयी, महोदय द्वारा सलामी गार्द का अभिवादन स्वीकार किया गया। तत्पश्चात द्वारा ट्रेनिंग पर आये हुए आरक्षियों/महिला आरक्षियों के लिए पुलिस लाइन परिसर स्थित आर0टी0सी0/ जे0टी0सी0 बैरक, कोतवाली अन्तर्गत रैन बसेरा, राजकीय कन्या इण्टर कालेज बलिया और भारद्वाज परिसर हैबतपुर में रुकने को लेकर बने कमरे/हॉल, शौचालय आदि

व्यवस्थाओं का किया गया निरीक्षण व ट्रेनिंग पर आये हुए आरक्षियों/महिला आरक्षियों से उनकी समस्याओं के बारे में पुछ कर उनके समस्याओ के निस्तारण हेतु सर्वसम्बन्धित को दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश।

इसी क्रम में द्वारा आर0डी0 त्रिपाठी हाल पुलिस लाइन बलिया में ट्रेनिंग पर आये हुए आरक्षियों/महिला आरक्षियों के साथ सम्मेलन किया गया, सम्मेलन में उपस्थित ट्रेनिंग पर आये हुए आरक्षियों/महिला आरक्षियों को कानून व्यवस्था से सम्बन्धित जानकारिया दी गयी व पुलिस विभाग में अनुशासन के वारे में बताया गया, व आरक्षियों/महिला आरक्षियों की समस्याओं को सुना गया एवं उनकी समस्याओं का निस्तारण हेतु संबंधित को आदेश निर्देश दिये गये। निरीक्षण व सम्मेलन के दौरान पुलिस अधीक्षक बलिया श्री ओंमवीर सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) श्री कृपा शंकर, अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) श्री अनिल कुमार झा, क्षेत्राधिकारी सदर/लाइन श्री मो0 उस्मान, क्षेत्राधिकारी नगर श्री श्यामकान्त, प्रशिक्षु क्षेत्राधिकारी श्री सुधीर सिंह प्रतिसार निरी0 श्री सुभाष चन्द्र यादव, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली योगेन्द्र बहादुर सिंह व आर0टी0सी0 प्रभारी श्री सन्तोष कुमार तथा अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# ई रिक्शा चोर गिरोह का भंडाफोड़

**आजमगढ़।** जिले में बढ़ती वाहन चोरी की घटनाओं पर बड़ी सफलता हासिल करते हुए पुलिस ने दो शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा के निर्देशन में कोतवाली पुलिस और रोडवेज चौकी पुलिस की संयुक्त कार्रवाई के तहत यह गिरफ्तारी की गई। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से दो ई-रिक्शा और 15 बैटरियां बरामद की गई हैं।

जानकारी के अनुसार, आरोपी चोरी के ई-रिक्शा से बैटरियां निकालकर वाहन को खेतों में छोड़ देते थे। लंबे समय से यह गिरोह पुलिस की निगाह में था। इस अभियान में रोडवेज चौकी पर तैनात सिपाही बसंत लाल सैनी की भूमिका सराहनीय रही, जिन्होंने टीम के साथ लखीमपुर खीरी तक पहुंचकर चोरी के वाहनों को बरामद किया।

इस सफलता पर ऑटो संघ के अध्यक्ष

कृपा शंकर पाठक ने कोतवाली पहुंचकर कोतवाल शशि मौली पांडे और सिपाही बसंत लाल सैनी को फूल-मालाएं पहनाकर सम्मानित किया। मीडिया से बातचीत में पाठक ने कहा, पहले चोरी के वाहनों का मिलना मुश्किल होता था, लेकिन इस बार रोडवेज चौकी की सजगता और सिपाही बसंत लाल सैनी की मेहनत ने एक मिसाल कायम की है।

वहीं, रोडवेज निवासी सामाजिक कार्यकर्ता एसके सत्येन ने भी पुलिस कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा, यह कार्यवाही पुलिस और जनता के बीच विश्वास को मजबूत करने वाला है। पहले चोरी की गई गाड़ियां बरामद नहीं होती थीं, लेकिन इस बार पुलिस ने लखीमपुर खीरी जाकर चोरों को गिरफ्तार कर जेल भेजा।

पुलिस की सतत कार्रवाई और लगातार हो रहे खुलासों से जिले में अपराधियों के मन में भय का वातावरण बना है, वहीं आम नागरिकों में सुरक्षा की भावना प्रबल हुई है। आमजन और सामाजिक संगठनों की ओर से आजमगढ़ पुलिस को इस उपलब्धि के लिए बधाइयाँ दी जा रही हैं। जिला प्रशासन की कानून-व्यवस्था के प्रति प्रतिबद्धता एक बार फिर सामने आई है।

# विद्युत विभाग का चला चेकिंग अभियान
## 22 उपभोक्ताओं के खिलाफ कार्यवाही

**तरुणमित्र न्यूज**

**बलिया।** प्रबंधक निदेशक पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के निर्देशन में उपखंड बलिया नगर के अंतर्गत विद्युत उपकेंद्र बसबार एवं विद्युत उपकेंद्र रघुनाथपुर के क्षेत्रांतर्गत ग्राम तीखमपुर परिखरा में वृहद चेकिंग अभियान चलाया गया। इस चेकिंग अभियान में चोरी से बिजली का प्रयोग कर रहे 20 उपभोक्ताओं के खिलाफ विद्युत अधिनियम की धारा 135 के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कराते हुए विद्युत विभाग ने लगभग 43 बकाएदार उपभोक्ताओं के खिलाफ विद्युत विच्छेदन की कार्यवाही की।

यह चेकिंग अभियान विद्युत वितरण उपखंड बलिया नगर के उपखंड अधिकारी अनिल राम एवं विद्युत उपकेंद्र बसवार के अवर अभियंता राजेश कुमार चौरसिया तथा विद्युत उपकेंद्र रघुनाथपुर के अवर अभियंता हिमालय चौहान के नेतृत्व में लगभग 12:00 बजे से शुरू होकर शाम 5:00 बजे तक चलाया गया। इस चेकिंग अभियान में तीखमपुर गांव में डोर टू डोर विद्युत उपभोक्ताओं के कनेक्शन की जांच की गई जिसमें उपभोक्ताओं के परिसर पर अत्यधिक संयोजन से अधिक लोड पाए जाने पर कुल 18 उपभोक्ताओं के संयोजन के लोड में वृद्धि की गई बकाएदार उपभोक्ताओं के विरुद्ध विद्युत विच्छेदन की कारवाही कर लगभग 28 उपभोक्ताओं से 2 लाख 18 हजार रुपए की बकाया धनराशि वसूली गई। चेकिंग अभियान में विभिन्न उपकेंद्रों जिसमें सिविल लाइन उपकेंद्र के अवर अभियंता प्रवीण कुमार यादव, बिशुनीपुर उपकेंद्र के अवर अभियंता गजेंद्र सिंह, सुनील पाल अवर अभियंता विद्युत उपकेंद्र न्यू सिविल लाइन एवं लाइनमैन अरुण, राजेश सिंह, सत्येंद्र, अजय, अजित, जयप्रकाश, रोशन, पंकज मनोज मीटर रीडर सोनू ठाकुर व अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। इस चेकिंग अभियान के दौरान विद्युत वितरण खंड बलिया नगर के अधिशासी अभियंता नरेंद्र प्रकाश के द्वारा क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ताओं को विद्युत चोरी न करने एवं समय से विद्युत भुगतान करने हेतु जागरूक किया गया।

# आजमगढ़ के जिलाधिकारी के खिलाफ अभियंता लामबंद

**आजमगढ़।** जिलाधिकारी रविंद्र कुमार (द्वितीय) द्वारा 13 मई को सिंचाई विभाग के एक्सईएन अरुण सचदेव के साथ अभद्रता एवं मारपीट करने खिलाफ विभागों के अभियंता लामबंद हो गए हैं। इन अभियंताओं ने बुधवार को कैंट रोड स्थित सिंचाई भवन परिसर में धरना देकर प्रदर्शन किया और डीएम को सेवा से बर्खास्त करने की आवाज उठाई।

उ0प्र0 इंजीनियर्स एसोसिएशन की ओर से आयोजित प्रदर्शन के द्वारा अध्यक्ष वीके श्रीवास्तव, व महासचिव आशीष यादव ने कहा कि इस खिलाफत में सभी विभागों एवं सावर्जनिक उपक्रमों के अभियंताओं ने शिरकत की और आजमगढ़ के डीएम के इस कृत्य की निंदा करते हुए सख्त कार्रवाई करने की मांग की। उन्होंने कहा कि डीएम के द्वारा सरेआम अभियंता के साथ अभद्रता करके शर्मशार किया है। नेताद्वय ने कहा कि आजमगढ़ डीएम के खिलाफ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को चार सूत्रीय मांग पत्र भेजा गया है। इस मांग पत्र पर कार्रवाई न होने

पर अभियंता आर-पार की लड़ाई का एलान करेंगे। प्रदर्शन में सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के प्रमुख अभियंता व विभागाध्यक्ष अखिलेश कुमार के साथ ही एसोसिएशन पदाधिकारी अजय कुमार सिंह, अख्तर अली फारूकी, सुरजीत सिंह निरंजन, सीके मंगलम आदि काफी संख्या में अभियंताओं की उपस्थित रही।

# भंडारे के साथ नौ दिवसीय रुद्र महायज्ञ का समापन

**भांवरकोल।** क्षेत्र के अराजी बुढ़ैला पाण्डेय का पूरा (अमरूपुर)में आयोजित नौ दिवसीय श्री रुद्र महायज्ञ का समापन बुधवार को पूर्णाहुति भंडारे के साथ सम्पन्न हुआ। सुबह 7 बजे से दोपहर 12 बजे तक वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच आचार्यों, साधु-संतों और श्रद्धालुओं ने सामूहिक हवन-पूजन किया। बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। इस दौरान यज्ञाधीश विष्णु दास जी महाराज ने यज्ञ की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यज्ञ से वातावरण शुद्ध होता है। मन को असीम शांति मिलती है। श्रद्धा भाव से किया गया हवन मनुष्य की मनोकामना की पूर्ति करता है। उन्होंने कहा कि अहंकार के वशीभूत होकर मनुष्य अपने कर्मों को भूल जाता है। अच्छे कर्म की जगह बुरे कर्म करने लगता है। अच्छाई की जगह बुराई को महत्व देता है। ऐसे मनुष्य महा नर्कगामी होते हैं। सभी ने पूरे भक्ति भाव से यज्ञ में भाग लिया। पूर्णाहुति के बाद साधु-संतों को प्रसाद ग्रहण कराया गया। इसके बाद भव्य भंडारे का आयोजन हुआ। इसमें महिला, पुरुष और बच्चों ने प्रसाद ग्रहण किया। नौ दिनों तक यज्ञ स्थल पर चहल-पहल बनी रही। हर शाम बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रवचन सुनने पहुंचे। यज्ञ मंडप में विद्वान पंडितों द्वारा लगातार मंत्रोच्चारण के साथ हवन कराया गया। बुधवार की देर शाम तक भंडारा चलता रहा। हजारों श्रद्धालुओं ने भंडारे में शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया।

# एक ही गांव के चार युवा बने सिपाही

**अंबारी।** फूलपुर तहसील क्षेत्र के शेखपुर पिपरी गांव के लिए सोमवार की रात गर्व और उत्साह से भरी रही, जब गांव के चार युवाओं का यूपी पुलिस में आरक्षी बनने पर ग्रामीणों ने सम्मान किया। प्रशिक्षण पर रवाना होने से पहले इन होनहारों को फूल-मालाओं से लादकर गौरवपूर्ण विदाई दी गई। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती बोर्ड द्वारा हाल ही में घोषित पुलिस भर्ती परीक्षा के परिणाम में शेखपुर पिपरी गांव के ज्वाला यादव, दीपक यादव, विशाल यादव तथा सूर्यनाथ यादव का चयन हुआ है। उनके चयन पर गांव में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए। कार्यक्रम की शुरुआत सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य हरिवंश यादव ने की। उन्होंने चारों युवाओं को बधाई देते हुए कहा कि इनकी सफलता पूरे गांव के लिए प्रेरणा है। यह गांव की शिक्षा और मेहनत की पहचान है। उन्होंने यह भी बताया कि पिछली भर्ती में भी गांव के चार युवाओं का चयन हुआ था, जिससे यह साबित होता है कि शेखपुर पिपरी अब शिक्षा और सेवा के क्षेत्र में अग्रणी बन रहा है। इस मौके पर श्यामलाल यादव, मो. असलम, मुंशीलाल, अशोक यादव, अजीत यादव, चंद्रशेखर यादव, सुरेंद्र यादव समेत काफी संख्या में लोगों ने उनका सम्मान किया।

# भाजपा सरकार ने बिना भेदभाव के सभी जाति धर्म के लोगों का विकास किया : आनंद

**तरूणमित्र न्यूज**

**भांवरकोल ( गाजीपुर )।** भाजपा के ग्यारह वर्ष पूरे होने पर पार्टी के शक्ति केंद्र शेरपुर खुर्द में सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुहम्मदाबाद विधानसभा के वरिष्ठ नेता आनंन्द राय मुन्ना ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ जाति धर्म पूछ कर नहीं दिया जाता।हर पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंच रहा है। इस दौरान उन्होंने कहा कि केंद्र की पहले की सरकारो में केंद्र सरकार द्वारा भेजी गई धनराशि आमलोगों तक मामूली मिलता था लेकिन अब केंद्र सरकार का धन सीधे लाभार्थी के खाते में आता है उसमें कोई कटौती नहीं होती।

केंद्र सरकार द्वारा जितनी भी कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं

उसमें जाति धर्म पूछ कर लाभ देने का काम नहीं हो रहा है। समाज के हर वर्ग के पात्र व्यक्ति को इसका लाभ पहुंच रहा है चाहे वह किसी जाति धर्म का हो। उन्होंने कहा कि आतंकवाद से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जा रहा है। मुंबई में बम ब्लास्ट कर, तथा फाइव स्टार होटल में घुसकर आतंकवादियों द्वारा बेगुनाह लोगों को गोली मारी गई थी।

उसे समय की सरकार द्वारा क्या एक्शन लिया गया था याद करिए। आज की मोदी सरकार सभी आतंकी घटनाओं पर पाकिस्तान के अंदर घुसकर आतंकियों को खत्म करने का काम किया। लेकिन तत्कालीन सरकार ने कुछ नहीं किया।

हमारी सरकार के कार्रवाई से पूरा पाकिस्तान थर्रा गया। आधे घंटे तक पूरा पाकिस्तान हमारी सेना के कब्जे में रहा। केंद्र सरकार द्वारा किसानों, गरीबों से लेकर आमजन के जीवन को ऊपर उठने के लिए किसान सम्मन निधि, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि चौधरी दिनेश चंद्र राय सतीश चंद्र राय मंडल महामंत्री ओमप्रकाश राय, नारायण उपाध्याय, हेमनाथ राय, राहुल राय, सत्यम राय, रत्नेश राय सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता व सरकारी योजनाओं के लाभार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नारायण उपाध्याय व संचालन ओमप्रकाश राय ने किया।

# चलती कार में लगी आग, हड़कंप

**तरुणमित्र न्यूज**

**बलिया।** शहर कोतवाली क्षेत्र के कदम चौराहा के सामने बुधवार की दोपहर करीब 2:45 बजे गर्मी के कारण अचानक चलती एक कार के इंजन से धुआं उठने लगा। यह देख कार में सवार लोग तत्काल बाहर निकल गए और लोग कुछ कर पाते की कार आग का गोला बन गई। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी एवं आसपास के लोगों के अथक प्रयास से आग पर काबू पाया गया। लेकिन तब तक कार जलकर राख हो चुकी थी। बताया जा रहा है कि कार में सवार लोग बैरिया से फेफना की ओर जा रहे थे। जैसे ही कार कदम चौराहा स्थित सियाराम प्लाजा सामने पहुंची कार के

इंजन से धुआं उठने लगा।

यह देख कार में सवार लोग बाहर निकल गए और कुछ कर पाते की कार आग गोला बन गई और देखते ही देखते धू-धू कर जल गई। संयोग अच्छा रहा की कोई हताहत नहीं हुआ।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर लगाए पौधे 12 दिनों में ही सूखे

**बूढ़नपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस पर बड़े उत्साह के साथ पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने वाले बूढ़नपुर तहसील प्रशासन की हकीकत महज 12 दिनों में ही दिनों में उजागर हो गई। तहसील परिसर में लगाए गए सभी पौधे बिना देखभाल के सूख चुके हैं, जिससे प्रशासन की गंभीर लापरवाही सामने आई है। 5 जून को एसडीएम बूढ़नपुर, तहसीलदार और क्षेत्रीय वन अधिकारी की मौजूदगी में पौधरोपण किया गया था।

उस समय अधिकारियों ने आश्वासन भी दिया था कि पौधों की नियमित देखरेख व सिंचाई की जाएगी। लेकिन हकीकत यह है कि पौधों को एक बूंद पानी तक नसीब नहीं हुआ, और महज 12 दिनों के भीतर वे सूखकर मुरझा गए। प्रशासनिक अधिकारियों की यह पहल अब केवल खानापूर्ति का प्रतीक बनकर रह गई है।

# तीन माह से ऊपर लंबित वादों का करें निस्तारण : जिलाधिकारी

**गाजीपुर।** जनपद के नोडल अधिकरी आयुक्त वाराणसी मण्डल वाराणसी एस राजलिंगम की अध्यक्षता मे सी एम डैस बोर्ड पर विकास कार्यो की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार मे सम्पन्न हुआ। बैठक मे जिलाधिकारी अविनाश कुमार, मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार वैश्य सहित समस्त जनपदस्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे। बैठक के दौरान आयुक्त महोदय ने वर्चुवल के माध्यम से समस्त उपजिलाधिकारी एवं तहसीलदार से धारा-24, धारा 34, के वादो को चिन्हिकरण एवं तीन माह से उपर के लम्बित वादो का निस्तारण का निर्देश देते हुए, अंश निर्धारण व 05 वर्ष से अधिक पुराने वादो के सम्बन्ध मे जानकारी प्राप्त की।

आयुक्त वाराणसी एस. राजलिंगम ने जनपद गाजीपुर भ्रमण के दौरान कलेक्ट्रेट सभागार में एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन कर मुख्यमंत्री डैशबोर्ड, आईजीआरएस, राजस्व कार्यों, विकास योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा की तथा अधिकारियों को कड़े दिशा निर्देश दिए। बैठक मे उन्होने राजस्व वसूली, बैक देय, अंश निर्धारण, व्यापारकर, फार्मर रजिस्ट्री, धारा-24, धारा-34, पैमाईश, ग्राम सभा हर्जाना, स्टाम्प देय, आई जी आर एस, लेखपाल कार्य विवरण एवं अन्य बिन्दूओं पर समीक्षा कर प्रगति लाने का निर्देश दिया। उन्होने डी जी शक्ति की जानकारी लेते हुए बचे हुए डिवाइस को ससमय बच्चों मे वितरित कराने का निर्देश दिया। जल निगम की समीक्षा के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों मे कराये गये कार्यो से क्षतिग्रस्त सड़कों का मरम्मत कराने का निर्देश देते हुए कहा कि इस सम्बन्ध में हर घर जल योजना के तहत यदि किसी को शिकायत है तो टोल फ्री नं0 18001212164 पर शिकायत कर सकता है, टोल फ्री नं0 पर प्राप्त शिकायतो के निस्तारण के बाद अधिकारी शिकायतकर्ता से फीडबैक अवश्य लें। विधवा पेंशन, रानी लक्ष्मीबाई बाल सेवा योजना, स्पार्न्शसिप, कन्या सुमंगला योजना की जानकारी लेते हुए जिला प्रोवेशन अधिकारी को निर्देश दिया कि योजनाओं का प्रचार- प्रसार कर पात्रों को लाभ दिया जाय।

बैठक के दौरान मंडलायुक्त ने जनसुनवाई पोर्टल पर लंबित प्रकरणों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। शिकायतों के समाधान की प्रक्रिया को पूरी पारदर्शिता और संवेदनशीलता के साथ संपन्न किया जाए। राजस्व कार्यों की समीक्षा के दौरान मंडलायुक्त ने सभी तहसीलों के 10 बड़े बकायादारों के नाम एवं उससे संबंधित कार्यवाही के सम्बन्ध मे जानकारी लेते हुए वसूली का निर्देश दिया।

मंडलायुक्त ने पुराने राजस्व वादों के शीघ्र निस्तारण के कड़े दिशा निर्देश देते हुए दाखिल-खारिज, वरासत, सीमांकन एवं अन्य प्रक्रियाओं में सुधार लाने और निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निपटारा सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने भूमि संबंधित विवादों के समाधान में तेजी लाने और लेखपालों की फील्ड उपस्थिति नियमित करने तथा लेखपालो द्वारा लगाई जा रही प्रतिदिन की रिपोर्ट समीक्षा के निर्देश दिया।

उन्होने सीएम डैस बौर्ड पर आधारित विकास कार्यों की स्थिति की समीक्षा करते हुए मंडलायुक्त ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुंचे, यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को फील्ड में सक्रिय रहकर कार्यों की प्रगति की निगरानी करने और समयबद्ध निष्पादन की जिम्मेदारी निभाने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी सामूहिक और टीम भावना के साथ कार्य करें। मंडलायुक्त ने स्पष्ट किया कि शिथिलता, लापरवाही और कार्यों में विलंब कतई स्वीकार नहीं किया जाएगा। जनता को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराना सभी अधिकारियों की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

# कृषकों की समस्याओं को तत्काल निस्तारित करने के दिए निर्देश

**तरुणमित्र न्यूज**

**बलिया।** मुख्य विकास अधिकारी ओजस्वी राज की अध्यक्षता में कृषि भवन सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने गत किसान दिवस की बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा की। बैठक में कृषक श्री बृजानन्द तिवारी ग्राम-बड़सरी द्वारा कृषकों/ पशुपालकों को नेपियर घास की खेती से संबंधित जानकारी प्रदान की गई तथा उनके द्वारा लाये गये नेपियर घास के बीजों को मुख्य विकास अधिकारी द्वारा उपस्थित प्रगतिशील कृषकों/पशुपालकों में वितरण भी किया गया। किसान दिवस में उपस्थित प्रगतिशील कृषकों द्वारा उर्वरक की उपलब्धता एवं विद्युत आपूर्ति संबंधित समस्याओं से अवगत कराने पर मुख्य विकास अधिकारी ने अधिशासी

अभियंता,विद्युत एवं ए.आर.-कोऑपरेटिव को कृषकों की समस्याओं को त्वरित निस्तारण किये जाने के निर्देश दिए।

बैठक में उप कृषि निदेशक श्री मनीष सिंह, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, जिला मत्स्य कार्यकारी अधिकारी, जिला प्रबन्धक अग्रणी बैंक, जिला पूर्ति अधिकारी, अधिशासी अभियन्ता,विद्युत अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत, मचा कोहराम

**आजमगढ़।** जिले के बरदह थाना क्षेत्र के बेला मोड़ पर मंगलवार रात एक तेज रफ्तार स्विफ्ट कार की टक्कर से बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान गंभीरपुर थाना क्षेत्र के कलंदरपुर गांव निवासी हरिकेश मौर्या (52) के रूप में हुई है, जो ठेकमा स्थित स्टेट बैंक के पास बीज भंडार की दुकान चलाते थे। जानकारी के अनुसार, हरिकेश मौर्या रोज की तरह मंगलवार रात अपनी दुकान बंद कर बाइक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान जौनपुर की ओर से आ रही तेज रफ्तार स्विफ्ट कार ने बेला मोड़ के समीप उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि हरिकेश सड़क किनारे गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए।

प्रवेश प्रारम्भ प्रवेश प्रारम्भ
श्रम मंत्रालय भारत सरकार एन.सी.वी.टी. द्वारा मान्यता प्राप्त
प्यारी देवी निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान
100% रोजगारपरक
ट्रेड (कोर्स) | अवधि | पात्रता
फिटर | 2 वर्ष | हाईस्कूल
इलेक्ट्रिशियन | 2 वर्ष | हाईस्कूल
सीमित सीट
*आधुनिक वर्कशाप *अनुभवी शिक्षक
विशेष- कैम्पस सिलेक्शन सुविधा, सुसज्जित कार्यशालाएँ प्रशिक्षित एवं अनुभवी अनुदेशक, जाब अप्रेन्टिस की व्यवस्था
गौराबादशाहपुर, पिलखिनी, जौनपुर
Mob.: 9415234998, 8423472673

लक्ष्मी हेल्थ केयर नर्सिंग एवं पैरामेडिकल कालेज
A.N.M. 10+2 (Art/Bio)
G.N.M. (A) 10+2 (Bio)
B.Sc. Nursing (A) 10+2 (Bio)
प्रवेश प्रारम्भ 2025-26
O.T.T. डिप्लोमा इन आपरेशन थियेटर टेक्निशियन
D.P.T. डिप्लोमा इन फिजियोथैरेपी
OPTOMERTY डिप्लोमा इन आप्टोमेट्री टेक्निशियन
कुत्तूपुर, जौनपुर Mob. : 7275314939, 9236627158

NIRMALA DEVI POLYTECHNIC & Pharmacy College
(D Pharma Course) | AICTE & UPBTE Approved
ADMISSION OPEN 2025-26
B. PHARMA AND D. PHARMA
Course Name Bus Facility
Electrical & Electronics Engineering
Mechanical Engineering Production
Mechanical Engineering Automobile
Electrical Engineering
Civil Engineering
Adress: Near Gaurabadshahpur Police Station, Nayansand, Jaunpur (U.P.)
Contact No. 9415234998, 7839456998, 9839449646, 7080956598, 8787010634, 8808800929
Website: www.ndpc.co.in E-mail: dnirmala432@gmail.com

शुभ लग्न ऑफर
शुद्धता और विश्वास, अब आपके और भी पास
कोठी परसोत्तम राम
अजीत कुमार बैंकर्स एण्ड ज्वैलर्स
त्यौहारों के उपलक्ष्य में कोठी परसोत्तम राम अजीत कुमार बैंकर्स एण्ड ज्वैलर्स प्रस्तुत करते हैं देश एवं विदेश के सर्वोत्तम कारीगरों द्वारा निर्मित उत्कृष्ट डिजाइनर ब्राण्डेड ज्वैलरी
हमारे यहां सोने, चांदी और डायमण्ड की फैन्सी ब्राण्डेड ज्वेलरी मिलती है। साथ ही साथ सोने चांदी के सिक्के, रत्न, उपरत्न एवं मूर्ति भी उपलब्ध है। एक बार सेवा का मौका दें।
कोतवाली चौराहा, अलफस्टीनगंज, स्टेशन रोड, जौनपुर
रविन्द्र बैंकर, संस्कार बैंकर, दिव्यांश बैंकर मो. 09838435680 - ए.सी. शोरूम
सम्बधित फर्म-
परसोतम राम नरेन्द्र कुमार बैंकर ख्वाजगी टोला, स्टेशन रोड, जौनपुर
कोठी परसोतम राम राजाराम बैंकर्स कोतवाली चौराहा, जौनपुर

## इमरजेंसी में प्लेन से अलग हो जाएगा पैसेंजर केबिन

**नई दिल्ली।** 12 जून को अहमदाबाद में हुए प्लेन क्रैश में 250 से अधिक लोगों की जान चली गई थी। टेक ऑफ से पहले विमान में 1.25 लाख लीटर फ्यूल भरा गया था, जिसमें क्रैश के वक्त विस्फोट हो गया और सब कुछ जलकर राख हो गया। वैसे तो हवाई यात्रा को सबसे सुरक्षित साधन माना जाता है, लेकिन आए दिन इसकी सेफ्टी को लेकर सवाल उठते रहते हैं। अब यूक्रेन के एक एयरोस्पेस इंजीनियर तातारेंको व्लादिमीर निकोलायेविच ने प्लेन का एक ऐसा डिजाइन तैयार किया है, जिसमें इमरजेंसी की स्थिति में पैसेंजर केबिन को विमान से अलग किया जा सकेगा और लोगों की जान बच जाएगी। तातारेंको ने इस डिजाइन को 3 साल से अधिक मेहनत के बाद तैयार किया था। इसे 2016 में लोगों के सामने पेश किया गया। उन्होंने एक कॉन्सेप्ट एयरक्राफ्ट तैयार किया है, जिसमें पैसेंजर केबिन डिटैचेबल है। इसके मुताबिक, टेक ऑफ, उड़ान के दौरान या लैंडिंग के वक्त प्लेन में अगर कोई इमरजेंसी हो जाए, तो पैसेंजर केबिन अलग हो जाएगा।

इस पैसेंजर केबिन में एक पैराशूट लगा होगा, तो अपने आप खुल जाएगा और पैसेंजर केबिन धीरे-धीरे नीच उतरने लगेगा। अगर ये केबिन पानी में गिरा, तो इसमें लगे इन्फ्लेटेबर ट्यूब इसे तैरते रहने में मदद करेंगे। पैसेंजर के सामान के लिए भी प्लेन में विशेष व्यवस्था की जाएगी। यूक्रेनी आविष्कारक और एयरोस्पेस इंजीनियर तातारेंको व्लादिमीर निकोलाविच का तर्क है कि ह्यूमन एरर को कंट्रोल नहीं कर सकते, लेकिन इसके लिए तैयारी तो की जा सकती है। ये केबिन केवलर और कार्बन फाइबर से बनेगा, जो हल्का तो होगा ही, लेकिन काफी मजबूत भी होगा। अब इस डिजाइन ने एक नई बहस छेड़ दी है कि विमानों में ऐसी व्यवस्था की जानी चाहिए या नहीं। डिजाइन के आलोचकों का मानना है कि अलग हुए केबिन को कंट्रोल करने की कोई व्यवस्था नहीं है, इसलिए यह पहाड़ों, आबादी या जंगलों में भी गिर सकता है।

स्टाफ नर्स के प्रशिक्षण के लिए
अवध पैरा मेडिकल कालेज जौनपुर
708, विशेषरपुर (पचहटिया) शीतला चौकियाँ, आजमगढ़ रोड, जौनपुर Mob. : 9129773253
G.N.M., A.N.M., B.Sc.( Nursing) Post Basic, D.Pharma, B.Pharma
G.N.M. सामान्य नर्सिंग एवं मिडवाइफरी के 3 वर्षीय डिप्लोमा प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रवेश हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।
योग्यता 10+2 या समकक्ष परीक्षा में कम से कम 90% अंक
चयन प्रक्रिया मेरिट के आधार पर
आयु सीमा 17–35 वर्ष
छात्रावास की सुविधा
आवेदन पत्र एवं अन्य विवरण के लिए सम्पर्क करें
डा. रामअवध यादव Mob.: 8931931199 9415273329
डा. शकुन्तला यादव प्रबन्ध निदेशक Mob.: 9889377675 9415207436
KUNWAR DAS MEDICAL CENTRE PVT. LTD. 708, Vishesharpur (Panchahatiya), Sheetala Cahukiya, Azamgarh Road, Jaunpur-222106

रिवांश मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधायें-
जनरल सर्जरी, अपेण्डिक्स, हार्निया
बच्चेदानी का ऑपरेशन, पेट आंत
पित्त की थैली के पथरी का ऑपरेशन
हाइड्रोसिल, गुर्दे की पथरी
प्रोस्टेट (दूरबीन विधि द्वारा),बवासीर
भगन्दर, फिशर का ऑपरेशन क्षार सूत्र विधि द्वारा, यूरो सर्जरी, लैप्रोस्कोपिक सर्जरी ऑपरेशन द्वारा बच्चा पैदा करने की सुविधा इत्यादि
डॉ. पवन चौरसिया B.A.M.S., M.S. (Ay) जनरल एण्ड एनोरेक्टल सर्जन
डॉ. फैजल जावेद M.B.B.S फिजीशियन
डॉ. डी.के. गुप्ता M.B.B.S., MS, Mch, Urologist यूरो सर्जन
लाइन बाजार तिराहा, वाराणसी रोड, जौनपुर
Mob.: 8765452133, 9336748494, 9415161571
24/7 EMERGENCY SERVICE

Reg. No. 65483
HOPE FAMILY CLINIC
होप फैमिली क्लीनिक
डा. नाज़िया बानो
बी.ए.एम.एस. (बैंगलोर)
सी.सी.एच., सी.जी.ओ. (पूणे)
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
पूर्व एम.ओ. बालाजी हॉसिप्टल- मुम्बई
रिस्क केयर हॉसिप्टल- मुम्बई
रविवार बन्दी
24 घण्टे इमरजेन्सी सुविधा उपलब्ध
Mob.: 9956487705
क्लीनिक का समय
सुबह- 10 बजे से 2 बजे तक / शाम- 4 बजे से 7 बजे तक
पता:- मल्हनी पड़ाव, गंगा प्रेस के सामने गली में, जौनपुर-222001

नि:सन्तान दम्पति निराश न होवें
बाँझपन के सर्वोत्तम इलाज के लिए
शकुन्तला आईवीएफ सेन्टर जौनपुर
सेवा का अवसर दें
.... निवेदक ....
डा0 रामअवध यादव
डा0 शकुन्तला यादव
डा0 आनन्द वर्द्धन
डा0 अन्शु कुमारी
पंचहटिया, आजमगढ़ रोड, जौनपुर
Mob.: 8931931199, 9918905642

उमानाथ सिंह शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालय
पिलखिनी, जौनपुर (उ.प्र.)
(वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर से सम्बद्ध)
वर्तमान सत्र- 2025-26 से मान्यता प्राप्त विषय
कला संकाय (बी.ए.)
प्राचीन इतिहास, शिक्षा शास्त्र, अंग्रेजी, हिन्दी, भूगोल, होम साइन्स, समाज शास्त्र।
विज्ञान संकाय (बी.एस.सी.)
भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित, जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान।
प्रवेश प्रारम्भ - शीघ्रता करें - सीटें सीमित

स्वर्ण आभूषण होल सेल से कम रेट पर
सौरव ज्वेलर्स
सोने के जेवर पर मेकिंग चार्ज 3.9 प्रतिशत से शुरू।
जो कि प्रदेश में पहली बार इतने न्यूनतम बनवाई पर HUID हाल मार्क गहने आप प्राप्त कर सकेंगे। विश्वास ही हमारी परम्परा है।
मिश्रा काम्प्लेक्स, ओलन्दगंज तिराहा, जौनपुर
प्रो0-सौरव कुमार बैंकर मो0- 7317337000

पेट, आँत, लीवर, किडनी, ब्रेस्ट, प्रोस्टेट, बच्चेदानी आदि रोग की सुरक्षित गुणवत्ता पूर्ण एडवांस मेडिकल एवं सर्जिकल इलाज के लिए राष्ट्रीय प्रमाण-पत्र
NABH & ISO द्वारा प्रमाणित अस्पताल
डा. लाल बहादुर सिद्धार्थ
M.B.B.S., M.S. Surgery, F.I.M.S.A., M.I.A.G.E.S. SR. (Gastro Surgery,) M.I.M.S.A., F.A.I.S., F.I.C.S.
(गैस्ट्रो. लेप्रोस्कोपिक एवं कैंसर सर्जन)
जनता के बेहतर और कल्याण के लिए केन्द्र सरकार की सौगात
आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत 5 लाख तक का नि:शुल्क उपचार
गोल्डेन कार्ड प्रतिदिन बनता है
न्यू. टेरिटेज सिद्धार्थ हास्पिटल
मल्टी स्पेशिलिटी साइंस एवं रिसर्च सेन्टर
सुल्तानगर उमरपुर हरिबंधनपुर, (निकट मैहर देवी मंदिर) जनपद जौनपुर
मो.नं.: 9415315405, 9598725959, 9838259535
बेटी बचाओ - बेटी पढ़ाओ

बी.ए.एम.एस. के सर्वोत्तम प्रशिक्षण के लिए
डा. शकुन्तला आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज, जौनपुर
पता - 1214, नयनसण्ड, थाना रोड, गौराबादशाहपुर, जौनपुर (उ.प्र.) 222133
College Code- AYU0728
ADMISSION OPEN 2025-26
BAMS BACHELOR OF AYURVEDIC MEDICINE AND SURGERY
10+2 (PCB) Min. 50% and NEET Qualifying Score
4.5 Years + 1 Year Internship
स्कॉलरशिप एजुकेशन लोन सुविधा
LIMITED SEATS HURRY UP! PRE BOOK YOUR SEAT NOW
NEET UG 2024 QUALIFYING CUTOFF

| CATEGORY | PERCENTILE | MARKS |
|---|---|---|
| GEN/EWS | 50%ile | 164 |
| OBC | 40%ile | 129 |
| SC | 40%ile | 129 |
| ST | 40%ile | 129 |

9415273329, 9889377675, 1390691111 drshakuntalaayush.in drshamch2023@gmail.com

## पहाड़ के नीचे 300 फीट पाताल में है ईरान का परमाणु प्लांट

**नई दिल्ली।** पिछले कुछ दिनों में इजरायल ने ईरान में कई परमाणु सुविधाओं पर हमले किए हैं, लेकिन फोर्डो ईंधन संवर्धन संयंत्र, जो एक अत्यधिक संरक्षित स्थल है, अभी भी सुरक्षित है। यह संयंत्र एक पहाड़ के नीचे स्थित है और जमीन में करीब 300 फीट गहराई में बना है। इसे हवाई हमलों से बचाने के लिए विशेष रूप से डिजाइन किया गया है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह इजरायल के लिए सबसे बड़ा खतरा है।

इजरायल के पास फिलहाल फोर्डो की सुरक्षा को भेदने के लिए पर्याप्त हथियार नहीं हैं। आइए जानते हैं फोर्डो संयंत्र की सुरक्षा अभेद क्यों है...... फोर्डो ईंधन संवर्धन संयंत्र (Fordow Nuclear Plant) ईरान की सबसे गुप्त और सुरक्षित परमाणु सुविधाओं में से एक है। यह कोम से 30 किलोमीटर और तेहरान से 160 किलोमीटर दूर स्थित है। इस संयंत्र का निर्माण ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (IRGC) द्वारा नियंत्रित एक मिसाइल बेस के हिस्से के रूप में किया गया था।